WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, मंगलवार, 16 सितंबर 2025 | कृष्ण पक्ष- नवमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 | अंक- 211 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

पड़ोसी देशों में तख्ता पलट: 1974 के बाद हुए आंदोलनों का अध्ययन करने अमित शाह के निर्देश

■ जनांदोलनों के पीछे किसका हाथ? स्टडी कर एसओपी बनाने के दिए आदेश

नईदिल्ली/एं। पिछले कुछ दिनों में भारत के पड़ोसी देशों में हुए जनांदोलनों के कारण तख्तापलट हुआ। श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल जो कि भारत के पड़ोसी देश हैं, पिछले दिनों हुए आंदोलनों से भड़की चिंगारी ने सत्ता को हिलाकर रख दिया। जिसके बाद सोशल मीडिया में तो कुछ लोग सीधा केंद्र सरकार को टारगेट करते हुए तंज कसना शुरू कर दिया, तो कुछ ने सीधा सीधा कह दिया कि आपको भी सावधान रहने की जरूरत है। इस पूरे मामले में अब केंद्र सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भविष्य में इस तरह के आंदोलन को रोकने की दिशा में पहल की है। शाह ने पुलिस रिसर्च एवं विकास ब्यूरो को आजादी के बाद के सभी विरोध प्रदर्शनों, विशेष रूप से 1974 के बाद के विरोध प्रदर्शनों की स्टडी करने का निर्देश दिया है। इस स्टडी के बाद एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी तैयार करने के लिए कहा है। इसके जरिये उन विरोध प्रदर्शनों के कारणों, वित्तीय पहलुओं, फाइनल रिजल्ट और पर्दे के पीछे के खिलाड़ियों का विश्लेषण किया जा सके।

भविष्य में आंदोलन रोकने की तैयारी

अधिकारी के अनुसार यह निर्देश भी दिया गया है कि भविष्य में निहित स्वार्थों की वजह से अगर कोई बड़ा विरोध-प्रदर्शन होता है तो उसे रोकने के लिए क्या मानक होने चाहिए, इसे भी इस अध्ययन परिणामों के आधार पर तैयार किया जाए। रिपोर्ट के अनुसार अमित शाह के निर्देशों के बाद, केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले अधीन BPR&D एक टीम गठित करने की प्रक्रिया में है, जो राज्यों के पुलिस महकमों के साथ मिलकर उनके अपराध जाँच विभागों की रिपोर्टों समेत पुराने केस की फाइलों की स्टडी करेगी।

खालिस्तानी उग्रवाद से भी निपटने के लिए एसओपी बनाने के निर्देश : सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी, सीबीडीटी को भी वित्तीय पहलुओं की जांच में शामिल करें

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने क्चक्कक्र&ष्ठ को प्रवर्तन निदेशालय, वित्तीय खुफिया इकाई-भारत और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड जैसी वित्तीय जाँच एजेंसियों को भी ऐसे आंदोलनों के 'वित्तीय पहलुओं की जाँच प्रक्रिया में शामिल करने का निर्देश दिया है ।

आज बेबाक

भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के भारी विरोध के बावजूद बीसीसीआई ने एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच करा ही दिया। इसकी खिलाफत करने वालों की आवाज नक्कारखाने में तूती की आवाज बनकर रह गई। जिस आतंकवादी देश पाकिस्तान से सारे रिश्ते खत्म कर उसका हुक्का पानी तक बंद कर दिया गया हो उसके साथ क्रिकेट खेलना वाकई समझ से परे है। हालांकि टीम इंडिया ने पाकिस्तान को बुरी तरह पराजित किया लेकिन इस शानदार जीत का वैसा जश्न नहीं मना जैसा पूर्व में मनाया जाता रहा है। बीसीसीआई ने साबित कर दिया की सबसे बड़ा रूपया है।

जौनपुर में सड़क हादसा, छत्तीसगढ़ के 4 श्रद्धालुओं की मौत, कई घायल

जौनपुर/रायपुर/नवप्रदेश। जौनपुर में एक भयानक सड़क हादसे हो गया। इस हादसे में छत्तीकसगढ़ के 4 श्रद्धालुओं की मौत हुई है। ये सभी श्रद्धालु बस में सवार होकर छत्तीहसगढ़ से निकले थे। हादसे में 9 लोग घायल बताए गए हैं। बताया जा रहा है कि श्रद्धालुओं की बस अयोध्याल से काशी की ओर जा रही थी। जौनपुर लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सीहीपुर क्रासिंग के पास यह हादसा हुआ। यहां ओवरटेक के दौरान बस की टक्करर ट्रेलर ट्रक से हो गई। सोमवार तड़के हुआ यह हादसा इतना जबर्दस्तस था कि इसकी आवाज दूर तक सुनी गई। स्थाानीय लोग सबसे पहले मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर स्थातनीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस में करीब 50 श्रद्धालु सवार थे। बस के आगे ट्रेलर चल रहा था।

यूक्रेन ने भारत से डीजल खरीद पर लगाई रोक

नई दिल्ली। इस समय अमेरिका सहित नाटो देश रूसी तेल के बहाने भारत पर बात कर रहे हैं। इस बीच यूक्रेन अब भारत से आने वाले डीजल पर रोक लगाने की सोच रहा है। यूक्रेन की एक एनर्जी कंसल्टेंसी एनकोर ने सोमवार को घोषणा की है कि 1 अक्तूबर 2025 से यूक्रेन भारत से डीजल की खरीद पर प्रतिबंध लगाएगा। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एनकॉर का कहना है कि भारत, रूस से बहुत ज्यादा कच्चा तेल खरीदता है इसलिए यूक्रेन को यह कदम उठाना प? रहा है। एनकोर ने कहा कि रूस ड्रोन और मिसाइल से यूक्रेनी तेल रिफाइनरियों को निशाना बना रहा है। कंपनी के मुताबिक यूक्रेन सुरक्षा एजेंसियों ने उन्हें आदेश दिया है कि भारत से आने वाले सभी डीजल की खेपों की जांच हो ताकि रूसी कंपोनेंट के बारे में पता लगाया जा सके।

सुप्रीम कोर्ट में आज वक्फ कानून और बिहार में हुए एसआईआर को दी चुनौती याचिकाओं पर हुई सुनवाई

वक्फ कानून पर बड़ा फैसला 3 प्रावधानों पर लगाई रोक

नई दिल्ली/वार्ता। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगा दी है। अब कलेक्टर को प्रॉपर्टी विवाद पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं होगा। हालांकि, यह रोक तब तक के लिए है, जब तक कि संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस मामले में अंतरिम राहत पर फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को फैसला सुरक्षित रखा था। आज कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं है, लेकिन कुछ धाराओं पर अंतरिम संरक्षण जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने 3 मुद्दों पर अंतरिम रोक लगाई : सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम यह भी मानते हैं कि वक्फ बोर्ड में 3 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए और कुल मिलाकर 4 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए। इस मामले में सीजेआई बी आर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने अपना फैसला सुनाया। सीजेआई ने कहा कि हमने बहस सुनी थी कि क्या पूरे संशोधन अधिनियम पर रोक लगाई जाए या नहीं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमने माना है कि पूर्वधारणा हमेशा क़ानून की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोर्ट ने क्या कुछ कहा

अदालत ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की आवश्यकता पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, यह देखते हुए कि यह पहलू पहले के कानूनों में भी मौजूद है। पंजीकरण के लिए निर्धारित समय सीमा में संशोधन की आवश्यकता की चिंता के जवाब में, अदालत ने कहा कि उसने अपने आदेश में इस पहलू पर विचार किया है। मुख्य न्यायाधीश ने अंतरिम आदेश के प्रभावी अंशों को लिखवाते हुए कहा कि हमने माना है कि पंजीकरण 1995 से 2013 तक अस्तित्व में था और अब भी है। इसलिए हमने माना है कि पंजीकरण कोई नई बात नहीं है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उसकी टिप्पणियां केवल प्रथम दृष्टया प्रकृति की हैं और वे पक्षों को अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाले आगे के तर्क प्रस्तुत करने से नहीं रोकेंगी।

एसआईआर पर जो भी फैसला होगा, वो पूरे देश में लागू होगा

नई दिल्ली/वार्ता। सुप्रीम कोर्ट ने आज बिहार एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए साफ कर दिया कि आधार को 12वें दस्तावेज़ के रूप में मान्यता देने के अपने पूर्व आदेश पर वह पुनर्विचार नहीं करेगा। इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यदि चुनाव आयोग अन्य राज्यों में भी एसआईआर प्रक्रिया लागू करता है और वहां के लोग भी इस मामले में याचिका दायर करते हैं, तो उनकी भी सुनवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम मानते हैं कि भारत निर्वाचन आयोग, बिहार में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रहा है।

एडीआर की आपत्तियां और आंकड़े : जनहित याचिका दायर करने वाले संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने कहा कि अगर संविधान की मूल भावना के उल्लंघन के संकेत मिलते हैं, तो एसआईआर प्रक्रिया को रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अगर मिली गड़बड़ी तो प्रक्रिया रद्द

बिहार एसआईआर पर टुकड़ों में राय नहीं दे सकते, अंतिम फैसला पूरे देश के लिए लागू होगा। बिहार में एसआईआर कवायद की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए उच्चतम न्यायालय ने सात अक्टूबर की तारीख तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि हम मानते हैं कि संवैधानिक प्राधिकार, भारत निर्वाचन आयोग, बिहार में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रहा है। यदि हमें बिहार चुनाव के किसी भी चरण में निर्वाचन आयोग द्वारा अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता मिलती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बिहार मामले में जो भी निर्णय लिया जाएगा, वह पूरे देश में लागू होगा। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि पैरा लीगल वॉलंटियर्स ने 3000 से अधिक दावों के पंजीकरण में मदद की है।

पीएम मोदी का बिहार-बंगाल दौरा, 36 हजार करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली(आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पश्चिम बंगाल और बिहार के दौरे पर हैं, जहां वे भारत की सैन्य तैयारियों, क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा और विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा की शुरुआत कोलकाता से करेंगे, जहां वे सुबह लगभग 9:30 बजे 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करेंगे। यह तीन दिवसीय सम्मेलन (जो 15 से 17 सितंबर तक चलेगा) भारत की सशस्त्र सेनाओं और शीर्ष नागरिक नेतृत्व की सर्वोच्च स्तर की बैठक है। इस साल का विषय, 'सुधारों का वर्ष- भविष्य के लिए परिवर्तन, भारत की सैन्य क्षमताओं के दीर्घकालिक परिवर्तन और आधुनिकीकरण पर सरकार के फोकस को रेखांकित करता है।

वंचित वर्ग के उत्थान और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री साय

गंगरेल डुबान क्षेत्र की 11 मछुआ सहकारी समितियों को मिला मछली पालन का पुन: हक

■ मुख्यमंत्री साय ने डुबान क्षेत्र में एम्बुलेंस और राष्ट्रीय बैंक शाखा शीघ्र खोलने का दिया आश्वासन

रायपुर/ नवप्रदेश । गंगरेल बांध डुबान क्षेत्र की मछुआ सहकारी समितियों को पुनः मछली पालन का हक मिलने पर प्रभावित समितियों के सदस्यों ने विगत दिवस मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए अभिनंदन किया। इस अवसर पर गंगरेल डुबान क्षेत्र के तीन जिलों—धमतरी, कांकेर और बालोद की 11 मछुआ सहकारी समितियों के सदस्यगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर ग्रामीणों की मांग पर डुबान क्षेत्र में जनसुविधा हेतु एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय बैंक की शाखा शीघ्र खोले जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हों और लोग सीधे लाभान्वित हो सकें। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चैतन्य की कोर्ट में पेशी ईडी ने दाखिल की 7 हजार पन्नों की चार्जशीट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को सोमवार को रायपुर की अदालत में पेश किया गया। ज्यूडिशियल रिमांड खत्म होने के बाद हुई सुनवाई में प्रवर्तन निदेशालय ने चैतन्य के खिलाफ 7,000 से अधिक पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। वहीं, आर्थिक अपराध शाखा की जांच में चैतन्य को फिलहाल राहत मिली है। कोर्ट ने ईओडब्ल्यू के सात दिन की कस्टोडियल रिमांड के अनुरोध को खारिज कर फैसला सुरक्षित रखा। इस मामले में अगली सुनवाई आज मंगलवार को होगी. चैतन्य के वकील फैजल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

गड़बड़ी | अपराध को छुपाने के लिए जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी कर रहे हैं अपराध

पीएम आवास की चोरी की खबर के बाद कार्रवाई के डर से अज्ञात ने किए 40 हजार जमा

छुरा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत छुरा के आश्रित ग्राम पंचायत भरुवामुडा के ग्राम हिराबतर में पीएम आवास चोरी होने की खबर सामने आने के बाद आनन फानन में बिसाहू राम के बैंक खाते में नगद किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चालीस हजार जमा कर दिया गया। बिसाहू राम गोंड का आवास वर्ष 2017 में स्वीकृत हुआ था, तीन किश्तों में राशि एक लाख तीस हजार रुपए भुगतान भी हों गया आवास पूर्ण भी हों गया। यह सब छत्तीसगढ़ शासन के पीएम आवास वेबसाइट पर दिख रहा है। आवास चोरी की खबर प्रकाशित होने के जनपद पंचायत छुरा के प्रभारी सीईओ (मूल पद क्षेत्र संयोजक) ने तकनीकी साहयक पवन ध्रुव, पंचायत सचिव सुबल सिंह , आवास मित्र को हिराबतर गांव भेजकर आवास हितग्राही से कागज में अंगूठा निशान लगवाकर चालीस हजार रुपए बैंक खाते में आने का जिक्र किया गया है। तकनीकी साहयक, पंचायत सचिव ने बिसाहू राम निरक्षर के बयान में लिखा है कि वर्ष 2025-26 में आवास स्वीकृत लिखा हुआ है, जब वेबसाइट में वर्ष 2017 में आवास जारी हो गया तो वर्ष 2025-26 में दोबारा आवास एक ही व्यक्ति को कैसे मिल सकता है । जनपद पंचायत प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी अपने अपराध को छुपाने के लिए फर्जी स्वीकृति वर्ष 25-26 में गरीब के बयान में लिखवा कर मंगलवार को कलेक्टर टीएल बैठक में बचने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिया। प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी द्वारा न जाने कितना फर्जीवाड़ा किया होगा यह तो जांच का विषय है।

हितग्राही हैरान-परेशान... आखिर कार बिसाहू राम गोंड का आवास का पैसा गया कहां?

वोट चोरी के बाद अब पीएम आवास की चोरी

प्रधानमंत्री आवास हितग्राही की जुबानी

पीएम आवास वेबसाइट 2025-26 में बिसाहू राम गोंड नामक एक भी व्यक्ति का आवास स्वीकृत नहीं है, आश्चर्यजनक तथ्यः बिसाहू राम गोंड का बयान में एक किश्त चालीस हजार रुपए बैंक खाते में जमा। आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया हूं । सोलह सितंबर से कार्य प्रारंभ किया जायेगा। चालीस हजार रुपए क्या जनपद पंचायत आवास शाखा के द्वारा जमा किया गया या किसी व्यक्ति के द्वारा जो जांच का विषय है। स्वीकृत वर्ष 25-26 पीएम आवास वेबसाइट में वर्ष 25-26 में बिसाहू राम गोंड नामक किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं है।

प्रभारी जनपद पंचायत छुरा सीईओ सतीष चन्द्रवंशी का ऐसा कौन-सा पीएम आवास वेबसाइट है जिसमें वर्ष 2017 एवं वर्ष 2025-26 में बिसाहू राम गोंड पिता फिरतुराम निवासी हिराबतर को दोबारा आवास स्वीकृत हुआ। जो जांच का विषय है । वर्ष 2025-26 में हिराबतर के ब्यालिस लोगों का आवास स्वीकृत हुआ है जिसमें बिसाहू पिता फिरतुराम गोंड का नाम नहीं है। इस संबंध में आवास मित्र राधे सेन, पंचायत सचिव सुबल सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में स्वीकृत था, अभी पैसे दिए हैं (मैं नहीं जानता कौन खाता में डाला है)?सीईओके कहने पर बयान लिखकर बिसाहू राम गोंड से अंगूठा निशान लगवाकर सीईओ को दिये है । शायद बदले में अभी आवास का पैसा दिया गया है, वर्ष 2025-26 में स्वीकृत नहीं हुआ है। जनपद पंचायत प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी ने जानकारी बाद में देने की बात कहा।

अवैध प्रवासियों पर नरमी के दिन लद गए, यूएस में भारतीय नागरिक की हत्या पर भड़के ट्रंप

वाशिंगटन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो टूक लहजे में कहा है कि उनके देश में अब अवैध प्रवासियों के प्रति नरम रुख अपनाने का समय अब खत्म हो गया है। पिछले हफ़्ते टेक्सास के डलास में एक क्यूबाई प्रवासी ने भारतीय नागरिक चंद्र नागमल्लैया की हत्या कर दी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो टूक लहजे में कहा है कि उनके देश में अब अवैध प्रवासियों के प्रति नरम रुख अपनाने का समय खत्म हो गया है। उनकी यह टिप्पणी एक भारतीय नागरिक की क्यूबाई नागरिक द्वारा हत्या किए जाने के बाद आई है। पिछले हफ़्ते टेक्सास के डलास में एक क्यूबाई प्रवासी ने भारतीय नागरिक चंद्र नागमल्लैया की हत्या कर दी थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसी घटना

पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया और कहा कि उनका प्रशासन उनके कार्यकाल में अवैध आप्रवासी अपराधियों के प्रति नरम नहीं रहेगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में लिखा, "मुझे टेक्सास के डलास में एक सम्मानित व्यक्ति चंद्र नागमल्लैया की हत्या से जुड़ी भयावह खबर की जानकारी है, जिनकी उनकी पत्नी और बेटे के सामने, क्यूबा से आए एक अवैध विदेशी ने बेरहमी से हत्या कर दी, जिसे हमारे देश में कभी होना ही नहीं चाहिए था।"

बता दें कि भारतीय मूल के होटल मैनेजर चंद्रमौली ÷बॉब÷ नागमलैय्या की डलास में पिछले सप्ताह हत्या कर दी गई थी। चंद्र मौली 'बॉब' नागमल्लैया की हत्या उसके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज ने चाकू से हमला करके की थी। 50 वर्षीय नागमलैय्या डाउनटाउन सुइट्स नामक होटल में काम करते थे। हिंसक आपराधिक इतिहास वाले क्यूबाई नागरिक योरडानिस कोबोस-मार्टिनेज भी वहीं काम करता था। उसने नागमलैय्या का सिर कलम करके उनकी हत्या कर दी थी। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में मार्टिनेज को एक चाकू लेकर पीड़ित का पीछा करते हुए दिखाया गया है। वह तब तक चंदमौली पर हमला करता रहा जब तक कि उनका सिर धड़ से अलग नहीं हो गया।

युएस को सुरक्षितण करने कर रहे काम

ट्रंप ने अपने पोस्ट में आगे लिखा, "निश्चिंत रहें, इन अवैध अप्रवासी अपराधियों के प्रति नरम रुख अपनाने का वक्त अब मेरे शासन में खत्म हो चुका है! होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम, अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी, बॉर्डर ज़ार टॉम होमन और मेरे प्रशासन के कई अन्य लोग, अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने में अविश्वसनीय काम कर रहे हैं। यह अपराधी, जिसे हमने हिरासत में लिया है, उस पर कानून की पूरी हद तक मुकदमा चलाया जाएगा। उस पर प्रथम श्रेणी की हत्या का आरोप लगाया जाएगा!"

जो बाइडन शासन को ठहराया जिम्मेदार

ट्रम्प ने कहा कि आरोपी क्यूबाई अवैध प्रवासी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज को पहले भी भयानक अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिनमें बाल यौन शोषण, कार चोरी और झूठे कारावास शामिल हैं, लेकिन जो बाइडन के कार्यकाल में उसे हमारी मातृभूमि पर यूं ही छोड़ दिया गया क्योंकि क्यूबा ऐसे दुष्ट व्यक्ति को अपने देश में वापस नहीं लेना चाहता था।

न्यूज गैलरी

टैरिफ का सहारा लेकर आईटीए समझौते से बाहर निकल सकता है भारत

❑ संसदीय समिति ने सरकार से की सिफारिश

नई दिल्ली। अमेरिकी टैरिफ के बीच संसदीय समिति ने आईटीए समझौते को लेकर सरकार से बड़ी सिफारिश की है। संसदीय समिति ने कहा कि अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ का सहारा लेकर भारत अपने घरेलू उद्योग की रक्षा के लिए बहुपक्षीय सूचना प्रौद्योगिकी समझौते (आईटीए) से बाहर निकल सकता है या फिर इसके प्रावधानों पर बातचीत कर सकता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में भारत द्वारा 1997 में हस्ताक्षरित समझौते को आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की अनेक समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया है। इनमें व्यापक व्यापार घाटा और अधिक उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लाभ के लिए भारतीय निर्माताओं को अप्रतिस्पर्धी बनाना शामिल है। समिति ने कहा कि आईटीए के साथ भारत का अनुभव निराशाजनक रहा है। इसने भारत से आईटी/इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को लगभग समाप्त कर दिया। जबकि लागत में कमी और प्रौद्योगिकी तक पहुंच के संदर्भ में उपभोक्ताओं को होने वाले इसके लाभों को स्वीकार किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने समिति को बताया कि विश्व व्यापार संगठन के अंतर्गत आईटीए के भागीदार सदस्य के रूप में भारत एकतरफा रूप से इससे बाहर नहीं निकल सकता। समिति ने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि मौजूदा दौर में यह काफी संभव लगता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति ने सदस्य देशों के बीच उनके पारस्परिक राष्ट्रीय हित में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तर पर मुक्त व्यापार समझौतों का आह्वान किया।

समिति ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ की एकतरफा घोषणा और दुनिया के अन्य देशों पर अलग-अलग टैरिफ बढ़ाए जाने से उत्पन्न व्यापार परिदृश्य भारत के लिए चुनौती और अवसर दोनों प्रस्तुत करता है।

एआई जमीनी ला रहा बड़े बदलाव, पढ़ाई, खेती में मिल रही मदद

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय रेल, सूचना एवं

प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव ला रहा है और इससे बच्चों की पढ़ाई में, स्वास्थ्य और खेती में मदद मिल रही है। मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, एआई जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव ला रहा है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और खेती में मदद मिल रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, ÷राजस्थान के टोंक में एआई की मदद से बच्चों को गणित की पढ़ाई में काफी मदद मिली है और इससे 100 प्रतिशत तक का सुधार हुआ है। इसके अलावा महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश में भी एआई के काफी सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि एआई इम्पैक्ट समिट फरवरी 2026 में भारत में आयोजित होगी। इससे पहले यह लंदन, सोल और पेरिस में भी आयोजित हो चुकी है। इसकी तैयारी के लिए नीति आयोग की ओर से देशभर के सभी जिलों में एआई को लेकर हो रहे काम की समीक्षा की गई है और इसे यहां आयोजित की गई बैठक में सभी के साथ साझा किया गया।

आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर की मां मनोरमा पर एफआईआर

मुंबई। पुणे सिटी पुलिस ने पूर्व आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर के खिलाफ चतुरश्रृंगी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 221, 238 और 263 के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह मामला नवी मुंबई में हुए एक रोड रेज से जुड़ा है, जहां दो अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर एक ट्रक चालक के सहायक का अपहरण कर लिया और उसे मनोरमा खेडकर के घर ले आए। वहीं इस मामले की जांच के दौरान, नवी मुंबई पुलिस ने उस स्थान का पता लगाया और मनोरमा खेडकर के घर पहुंची। हालांकि, जब पुलिस टीम ने अंदर घुसने की कोशिश की, तो मनोरमा खेडकर ने कथित तौर पर उन्हें अंदर नहीं जाने दिया और आरोपियों को भागने में मदद करने की कोशिश की।

असहमति पत्र प्रस्तुत किए थे, तब नजरअंदाज कर दिया गया था, लेकिन अब वे सही साबित हुए

वक्फ अधिनियम के प्रावधानों पर सुको से संवैधानिक जीतः जयराम

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह उन सभी सदस्यों की जीत है, जिन्होंने संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में विस्तृत असहमति नोट दर्ज कराए थे।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ÷वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर आज सुप्रीम कोर्ट का आदेश न केवल उन दलों के लिए एक बड़ी जीत है जिन्होंने संसद में इस मनमाने कानून का विरोध किया था, बल्कि संयुक्त संसदीय समिति के उन सभी सदस्यों के लिए भी जिन्होंने विस्तृत असहमति पत्र प्रस्तुत किए थे, जिन्हें तब नजरअंदाज कर दिया गया था, लेकिन अब वे सही साबित हुए हैं। यह आदेश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मूल कानून में निहित शरारती इरादों को दूर करने में काफी मददगार साबित होगा।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के वकीलों ने तर्क दिया था कि इस कानून के परिणामस्वरूप एक ऐसा ढांचा तैयार होगा जहां कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के समक्ष संपत्ति की स्थिति को चुनौती दे सकेगा और ऐसे मुकदमे के दौरान संपत्ति की स्थिति अनिश्चित रहेगी। इसके अतिरिक्त, केवल पांच वर्षों से वकालत करने वाला कोई 'मुस्लिम' ही वक्फ को दान दे सकता है। इन धाराओं के पीछे की मंशा हमेशा स्पष्ट रही है- मतदाताओं को भड़काए रखना और धार्मिक विवादों को भड़काने वालों को शामिल करने के लिए एक प्रशासनिक ढाँचा तैयार करना।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई है। सीजेआई बी.आर. गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने वक्फ बनाने के लिए 5 साल तक इस्लाम का अभ्यास करने की अनिवार्यता वाले प्रावधान पर तब तक रोक लगा दी, जब तक कि संबंधित नियम नहीं बन जाते। इसके अलावा, अब कलेक्टर को प्रॉपर्टी विवाद पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं होगा। अपने अंतरिम आदेश में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य वक्फ बोर्डों में तीन से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होने चाहिए, जबकि केंद्रीय वक्फ बोर्ड में चार से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होंगे।

यह आदेश संवैधानिक मूल्यों की जीत

कांग्रेस नेता ने पोस्ट में आगे कहा कि इस आदेश के साथ, सुप्रीम कोर्ट ने कलेक्टर की शक्तियों पर रोक लगा दी है। इसके अलावा, मौजूदा वक्फ संपत्तियों को संदिग्ध चुनौतियों से बचाया और नियम बनने तक मुस्लिम होने के प्रमाण की आवश्यकता वाले प्रावधान पर 5 साल के लिए रोक लगा दी। हम इस आदेश का स्वागत न्याय, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक मूल्यों की जीत के रूप में करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी सभी के योगदान को महत्व देते हैं

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 17 सितंबर को जन्मदिन है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पुराने किस्से को साझा करते हुए कहा कि कैसे वे प्रत्येक प्रतिनिधि के योगदान को महत्व देते हैं। गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'मोदी स्टोरी' पेज के एक वीडियो को साझा किया। उन्होंने इस वीडियो में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का असाधारण नेतृत्व दूसरों की क्षमता को पहचानने और उसे इस तरह उजागर करने की उनकी क्षमता में निहित है जो सभी को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि साल 2017 में सांसद रहते हुए मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के एक मुद्दे पर उनसे मिलने गया था। इस मुद्दे पर बात करने के बाद उन्होंने मुझे रुकने के लिए कहा और बड़ी उत्सुकता से पूछा, एक सांसद के रूप में मुद्दों को उठाने के अलावा आप किस तरह का काम कर रहे हैं? शेखावत ने आगे कहा कि मैंने संक्षेप में अपने द्वारा शुरू किए गए एक इंटर्नशिप कार्यक्रम के बारे में बताया, जिसमें आईआईटी, आईआईएम और अन्य प्रमुख संस्थानों के छात्रों को नए विचारों के योगदान के लिए लाया गया था। मेरे लिए यह पांच मिनट की एक छोटी सी बातचीत थी, लेकिन उनके लिए यह साझा करने लायक एक उदाहरण बन गई।

नेपाल में कैबिनेट मंत्रियों ने ली शपथ

❑ ओम प्रकाश गृह मंत्री और रामेश्वर खनल को वित्त मंत्री का जिम्मा

काठमांडू (आईएएनएस)। नेपाल में सोमवार को तीन नए कैबिनेट मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रामेश्वर खनल को वित्त मंत्री, ओम प्रकाश अर्याल को गृह एवं कानून मंत्री और कुलमन घीसिंग को ऊर्जा, अवसंरचना एवं शहरी विकास मंत्री नियुक्त किया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शीतल निवास में आयोजित समारोह में तीनों मंत्रियों को शपथ दिलाई। जेन-जी के आंदोलन के कारण नेपाल में सत्ता परिवर्तन देखा गया। भ्रष्टाचार और देश में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन में शामिल युवाओं ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को नेपाल का पीएम बनाने की मांग कर डाली। आंदोलन खत्म होने के बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने 12 सितंबर को अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को पद की शपथ दिलाई थी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सुशीला कार्की को शुभकामनाएं दी थीं।

उन्होंने कहा था कि भारत नेपाल के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के दो दिन बाद सुशीला कार्की ने पदभार संभाला। ऑफिस में बैठते ही सबसे पहले प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने जेन-जी आंदोलन के दौरान मारे गए लोगों को 'शहीद' का दर्जा देकर देश के एक बड़े वर्ग का भरोसा जीतने का काम किया। उन्होंने आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में मारे गए लोगों के आश्रितों को 10-10 लाख मुआवजा देने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया था कि अंतरिम सरकार, सिंह दरबार, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय, निजी संपत्तियों सहित प्रमुख संस्थानों में की गई तोड़फोड़ की जांच करेगी।

हिमाचल में अनियंत्रित विकास पर सुको सख्त

पर्यावरण नुकसान पर चिंता जताई, फैसला 23 सितंबर को

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश में अनियंत्रित विकास से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सोमवार को मामले में सुनवाई की। अदालत ने फिलहाल अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। मामले में 23 सितंबर को आदेश पारित किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई के समय हिमाचल में एक और भयावह पर्यावरणीय घटना हुई, जो चिंता का विषय है। कोर्ट की ओर से नियुक्त एमिकस क्यूरी ने सुझाव दिया कि इस मामले का दायरा बहुत व्यापक है, इसलिए एक समिति गठित की जा सकती है जो इसके विभिन्न पहलुओं की गहन जांच करे। हिमाचल प्रदेश सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, ग्लेशियरों का पांचवां हिस्सा गायब हो चुका है, जिससे नदियों का तंत्र प्रभावित हुआ है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन का पहाड़ों की सुरक्षा पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है। इससे पहले, राज्य में बिगड़ती स्थिति को देखते हुए कोर्ट ने कहा था कि जलवायु परिवर्तन का राज्य पर 'स्पष्ट और चिंताजनक प्रभाव' पड़ रहा है।

मणिपुर में फिर बढ़ा तनाव, कुकी नेता के घर में लगाई आग

चुराचांदपुर/इंफाल। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में रविवार देर रात हिंसा भड़क गई जब एक कुकी समुदाय के बड़े नेता का घर भीड़ ने कथित तौर पर आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया है। अधिकारियों के मुताबिक, कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) के नेता कैल्विन ऐकेंथांग का घर रविवार देर रात जला दिया गया। वहीं, कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी और इसमें किसी हमले का हाथ नहीं है। इसी दौरान, एक और कुकी नेता गिंजा वुआलजोंग के घर को भी निशाना बनाया गया। गिंजा कुकी जो काउंसिल (केजेडसी) और इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के प्रवक्ता हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों और सुरक्षा बलों के समय पर पहुंचने से उनका घर जलने से बच गया।

एनएच-2 को लेकर भी फैला भ्रम

इस बीच, कुकी जो काउंसिल (केजेडसी) ने हाल ही में यह संकेत दिया था कि नेशनल हाईवे-2 को आम लोगों और जरूरी सामान के आवागमन के लिए खोला जा सकता है। लेकिन सोमवार को केजेडसी ने एक स्पष्टीकरण जारी किया।

हाल ही में हुआ शांति समझौता

बता दें कि 4 सितंबर को दो प्रमुख कुकी-जो संगठनों, केएनओ और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ), ने केंद्र सरकार के साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस समझौते पर फिर से हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते में तीन अहम बातें तय हुई थीं। जिसमें पहला- मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखना, दूसरा- संगठन के निर्धारित शिविरों को संवेदनशील इलाकों से हटाना और तीसरा- राज्य में स्थायी शांति और स्थिरता के लिए समाधान की दिशा में काम करना है। अधिकारियों का मानना था कि इस समझौते से मणिपुर में लंबे समय से चल रहे संघर्ष को शांत करने में मदद मिलेगी।

रूस ने दी यूरोप को चेतावनी



नई दिल्ली/ए.। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। दोनों देश हर दिन एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं। धमकियों के बीच बमबारी हो रही है। इस बीच, रूस ने सोमवार को यूरोपीय देशों को कड़ी चेतावनी दी है। रूस ने कहा कि वह उस यूरोपीय देश के खिलाफ कार्रवाई करेगा जो उसकी संपत्ति हड़पने की कोशिश करेगा। दरअसल, हाल ही में कुछ खबरें आई हैं, जिनमें दावा किया गया कि यूरोपीय संघ यूक्रेन की मदद के लिए सैकड़ों अरब डॉलर की जब्त रूसी संपत्ति का लाभ उठाने के नए तरीके तलाश रहा है। बता दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद अमेरिका और उसके सहयोगियों ने रूसी केंद्रीय बैंक और वित्त मंत्रालय के साथ लेन-देन पर रोक लगा दी थी। इस दौरान 300-350 अरब डॉलर की रूसी संप्रभु संपत्ति को यूरोपीय प्रतिभूति डिपॉजिटरी में जमा कर दिया गया, जिसमें ज्यादातर यूरोपीय, अमेरिकी और ब्रिटिश सरकारी बॉन्ड शामिल हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन चाहती हैं कि यूरोपीय संघ, यूरोप में जमा रूसी संपत्तियों से जुड़े नकदी शेष का उपयोग करके यूक्रेन की रक्षा के लिए रूस के खिलाफ वित्त पोषण का नया तरीका खोजे। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक, यूरोपीय आयोग यूक्रेन के लिए 'क्षतिपूर्ति ऋण' के वित्तपोषण के लिए रूस के स्वामित्व वाले परिपक्व बॉन्ड से यूरोपीय केंद्रीय बैंक में जमा रूसी नकद राशि का उपयोग करने पर विचार कर रहा है।

गंभीर टिप्पणी | एआई से हो निगरानी, कैमरा बंद होने पर आए अलर्ट

थानों में सीसीटीवी काम न करने पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

■ अंतिम आदेश 26 सितंबर को दिया जाएगा

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों के ठीक से काम न करने के मुद्दे पर गंभीर टिप्पणी की है। अदालत ने साफ कहा कि यह ÷ओवरसाइट÷ यानी निगरानी की कमी का मामला है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सोमवार को कहा कि इस पर अंतिम आदेश 26 सितंबर को दिया जाएगा।

पीठ ने कहा कि निगरानी का सबसे कारगर तरीका यही है कि एक ऐसा कंट्रोल रूम बने जिसमें कोई मानवीय हस्तक्षेप न हो। वहां सभी कैमरों की फीड पहुंचे और

अगर कोई कैमरा बंद होता है तो तुरंत उसका अलर्ट मिल सके। अदालत ने कहा कि अन्यथा इस समस्या का कोई समाधान नहीं है।

अदालत ने कहा कि यदि कोई कैमरा बंद होता है तो उसकी रिपोर्ट कानूनी सेवा प्राधिकरण या निगरानी एजेंसी को तुरंत मिलनी चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे, जो इस मामले में एमिकस क्यूरी नियुक्त हैं, ने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक 2020 के आदेश का पालन नहीं किया है। उस आदेश में सीबीआई, ईडी और एनआईए जैसे केंद्रीय एजेंसियों के दफ्तरों में भी सीसीटीवी लगाने का निर्देश था। दवे ने बताया कि अब तक न तो एनआईए, न ईडी और न ही सीबीआई ने इस आदेश का पालन किया है। हालांकि कुछ राज्यों ने दिसंबर 2020 के निर्देश के तहत अपने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि कई बार पुलिस खुद कैमरे बंद कर देती है या उन्हें मोड़ देती है, जिससे आदेश का उद्देश्य विफल हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे केवल दिखावे के लिए नहीं होने चाहिए बल्कि पूरी तरह कार्यात्मक होने चाहिए। यह कदम इसलिए जरूरी है ताकि हिरासत में उत्पीड़न और मौत जैसे गंभीर मामलों की पारदर्शी निगरानी हो सके। अदालत ने साफ कर दिया कि वह इस मामले को हल्के में नहीं लेगी और ठोस समाधान तलाशेगी।

हर थाने का स्वतंत्र निरीक्षण जरूरी

न्यायालय ने सुझाव दिया कि शुरुआती स्तर पर सभी पुलिस थानों का स्वतंत्र एजेंसी से निरीक्षण कराया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि इस काम में किसी आईआईटी को शामिल कर सॉफ्टवेयर विकसित कराया जा सकता है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से निगरानी हो और कैमरा बंद होने पर तुरंत रिपोर्ट तैयार हो।

हिरासत में मौतों पर चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने 4 सितंबर को स्वतः संज्ञान लिया था जब एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि राजस्थान में आठ महीनों में 11 पुलिस हिरासत मौतें हुईं, जिनमें से सात उदयपुर में हुईं। अदालत ने कहा कि उसने 2018 में ही पुलिस थानों में सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था, ताकि मानवाधिकार उल्लंघनों को रोका जा सके।

दिसंबर 2020 में फिर से आदेश दिया गया कि सभी पुलिस थानों में प्रवेश-द्वार, लॉकअप, लॉबी, गलियारे और रिसेप्शन जैसे स्थानों पर कैमरे लगाए जाएं और उनकी फुटेज कम से कम एक साल तक सुरक्षित रखी जाए।

■ न्यूज गैलरी

चाइल्ड पोर्नोग्राफी के आरोपी को उरला पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के उरला थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के गंभीर मामले में 22 वर्षीय मोहम्मद शाहिद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी, जो शुक्रवारी बाजार, बिरगांव का निवासी है, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए नाबालिग बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री का संग्रहण और प्रसार कर रहा था। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन जप्त किया। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि मोहम्मद शाहिद ने इस सामग्री को इंस्टाग्राम सहित विभिन्न ऑनलाइन समूहों में साझा किया था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। उरला पुलिस ने मामले में ढ्ढञ्ज एक्ट की धारा 67(क्च) के तहत प्रकरण दर्ज किया है और जप्त मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसी आपराधिक गतिविधियों की जानकारी तुरंत थाने या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर साझा करें।

मोहन वर्ल्यानी हरित क्रांति सम्मान से सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। सुहिणी सोच एवं राष्ट्र सिंधी भाषा विकास परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मेक कॉलेज, रायपुर में आयोजित समाज की शान ङ्क हमारा अभिमान कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लगातार योगदान दे रहे समाजसेवी मोहन वर्ल्यानी को हरित क्रांति पर्यावरण सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें संत साई युधिष्ठिरलाल जी के हाथों प्रदान किया गया। मोहन वर्ल्यानी जी पिछले 40 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से हरियाली अभियान, पौधारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और जन-जागरूकता कार्यक्रमों का नेतृत्व करते हुए समाज को प्रकृति से जोड़ने में निरंतर कार्यरत हैं। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक सीए चेतन तारवानी, फाउंडर मनीषा तारवानी, अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी, कार्यक्रम निर्देशक महक होतवानी सहित समाज के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे और इस सम्मान के साक्षी बने।

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट रायपुर की बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट रायपुर की बैठक रविवार को वीआईपी चौक स्थित बेबिलोन टावर में सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन समिति के प्रमुख राजेश सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। बैठक में उप प्रमुख कन्हैया सिंह, संतोष सिंह, प्रचार-प्रसार सचिव ब्रजेश सिंह और सह सचिव राकेश सिंह ने बताया कि आगामी छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष छठ पूजा महादेव घाट में भव्य रूप से आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि छठ महापर्व का नहाय खाय 25 अक्टूबर से प्रारंभ होगा।

देश में आईफोन-17 सीरीज की बुकिंग शुरू होते ही स्टॉक खत्म

रायपुर/ नवप्रदेश। देश में एप्पल के नए आईफोन-17 सीरीज की मांग तेजी से बढ़ रही है। 12 सितंबर से प्री-बुकिंग शुरू होते ही आईफोन-17, आईफोन प्रो और प्रो मैक्स की मांग इतनी बढ़ गई कि कई रिटेलर्स के पास स्टॉक खत्म हो गया। पिछले साल की तुलना में इस साल प्री-ऑर्डर ज्यादा हुए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन मॉडल्स को खरीदने के लिए ग्राहकों को अब कम से कम एक हफ्ता इंतजार करना पड़ सकता है। फोन की मांग में तेजी ऐसे समय में आई है जब एप्पल लगातार अपने मेड इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ा रहा है। 12 सितंबर से शुरू हुए आईफोन 17 और आईफोन 17 प्रो के प्री-ऑर्डर में एप्पल के ऑनलाइन स्टोर मुंबई, दिल्ली, पुणे और बेंगलुरु स्थित रिटेल आउटलेट्स पर भीड़ देखी गई है। सूत्रों ने बताया कि एप्पल नए मॉडल ने भारतीय उपभोक्ताओं के बीच अच्छी पकड़ बना ली है।

रिटेल नेटवर्क बढ़ा, सप्लाई कम

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एप्पल ने इस बार अपना रिटेल नेटवर्क 500 शहरों तक फैला दिया है। इसी वजह से हर स्टोर को मिलने वाले प्रो और प्रो मैक्स यूनिट्स की संख्या घट गई।

बिक्री के पहले दिन बढ़ेगी भीड़

खुदरा विक्रेता के मुताबिक, 19 सितंबर को जब बिक्री शुरू होगी तब ग्राहकों की भारी भीड़ खासकर प्रो और प्रो मैक्स मॉडल्स के लिए देखने को मिलेगी।

आईफोन-17 की खासियतें

- भारत में आईफोन 17 की शुरुआती कीमत 82,900 रुपये रखी गई है।
- इसमें 256जीबी स्टोरेज बेस मॉडल के रूप में मिलेगा।
- 6.3 इंच का सुपर रेटिना एक्सडीआर ओलेड डिस्प्ले है।
- 120 एचजेड प्रो मोशन सपोर्ट है।

शहर में पॉल्यूशन के चलते किडनी और लिवर की समस्या के बढ़ रहे पेशेंट

शहर में तेजी से बढ़ रहीं क्रोनिक डिजीज

रायपुर/ नवप्रदेश। लगातार बदलती लाइफ स्टाइल और पॉल्यूशन के कारण शहर में स्पिरेटरी डिसीज के पेशेंट की संख्या में इजाफा होता जा रहा है. जिसमें डायबिटीज, हाइपरटेंशन, हार्ट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी मानता है कि युवाओं में क्रोनिक डिजीज की समस्या बीते कुछ सालों में डबल हो चुकी है. इसका रीजन फास्ट फूड, चीनी युक्त पेय और सैचुरेटेड फैट का सेवन माना जा रहा है. जिससे मोटापा, हायपरटेंशन और डायबिटीज के मामले बढ़ रहे हैं.

बदले लाइफस्टाइल का असर

खराब लाइफ स्टाइल की शुरुआत आज से 20 साल पहले हुई थी उसका असर अब देखने को मिल रहा है. एक निजी मेडिकल कॉलेज के नेफ्रोलॉजी विभाग में पिछले सालों की अपेक्षा क्रोनिक किडनी डिजीज के पेशेंट की संख्या में इजाफा हुआ है. इसका कारण खराब लाइफस्टाइल के साथ डायबिटीज और बीपी आदि हैं. बीमारी से ग्रसित पचास फीसद पेशेंट में शुगर है. बीस फीसद बीपी के पेशेंट में दस से तीस फीसद की किडनी खराब हो जाती है. पॉल्यूशन के 2.5 पीएम पार्टिकुलेट मैटर शरीर में जाकर किडनी के फील्टर सिस्टम को इन्फ्लेमेशन करते हैं. जिससे किडनी समय से पहले खराब हो रही है।

मेंटल हेल्थ के बढ़ रहे पेशेंट

मेडिकल कॉलेज के साइकियाट्री विभाग डॉक्टरों के मुताबिक पॉल्यूशन से कई तरह के मेंटल हेल्थ ईश्यू हो सकते हैं. वहीं एयर पाल्यूशन डिमेंशिया को भी बढ़ाता है. एसपीएम लेवल अधिक होने से डिमेंशिया का खतरा चार से पांच गुना अधिक हो जाता है. एयर व साउंड पॉल्यूशन को एंग्जायटी व डिप्रेशन से डायरेक्ट लिंक किया गया है, क्योंकि डस्ट पार्टिकल हमारे न्यूरांस पर असर डालते हैं. विशेषज्ञों के मुताबिक शहरी लोगों में लिवर संबंधित क्रोनिक बीमारियों में फाइब्रोसिस के बाद सिरोसिस और लिवर कैंसर बढ़ रहा है. इसका बड़ा कारण मोटापा, जंक फूड, एक्सरसाइज न करना आदि है. इसका चलन सात से दस वर्षों के बीच तेजी से बढ़ा है. इसका असर अब देखने को मिल रहा है।

शहरी एरिया में बढ़े मामले

1. शासकीय अस्पतालों के अलावा अन्य हॉस्पिटल्स में पिछले सालों की अपेक्षा कोनिक पेशेंट की संख्या 25 फीसद तक बढ़ चुकी है.
2. डॉक्टर्स के अनुसार डायबिटीज के नए केस लगातार बढ़ रहे हैं, इसके साथ ही हृदय रोग के मरीज भी बढ़ चुके हैं.
3. 35-40 फीसदी वयस्कों में कम से कम एक क्रोनिक बीमारी है. एक्सपर्ट का मानना है कि क्रोनिक बीमारियों की प्रचलन दर शहरी क्षेत्रों में अधिक है.
4. पिछले पांच वर्षों में क्रोनिक बीमारियों के पेशेंट की संख्या बढ़ने से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव पड़ रहा है, बल्कि सामाजिक बोदा भी बढ़ रहा है।

न्यूड पार्टी विवाद, एमपी का आदर्श अग्रवाल गिरफ्तार

■ पार्टी के पोस्टर वायरल होने के बाद मचा था बवाल

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए न्यूड पार्टी के प्रचार-प्रसार के मामले में मध्य प्रदेश के अनुपपुर जिले के बिजूरी निवासी 20 वर्षीय आदर्श अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम ने की।

13 सितंबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि sinful_writerv नामक इंस्टाग्राम आईडी के जरिए रायपुर में न्यूड पार्टी के लिए जोड़ों और लड़कियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसके आधार पर पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 593/25 दर्ज किया, जिसमें धारा 4 स्त्री अशिष्ट रूपण प्रतिषेध अधिनियम, धारा 67 आईटी एक्ट, और धारा 79 भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर साइबर विंग ने इंस्टाग्राम आईडी sinful_writerv का तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी की पहचान आदर्श अग्रवाल के रूप में की। पुलिस ने मध्य प्रदेश के बिजूरी पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से एक आईफोन जप्त किया। प्रकरण में अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश जारी है, और आदर्श अग्रवाल से विस्तृत पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड लिया जा रहा है।

नशाखोरी और मांसाहार पर लगे रोक

नवरात्रि गरबा पर फूहड़ता रोकने की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। नवरात्रि के दौरान गरबा नृत्य आयोजनों को परंपरागत और मर्यादित रखने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने रायपुर कलेक्टोरेट परिसर में प्रदर्शन किया। बजरंग दल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गरबा आयोजनों में फूहड़ता और गैर-धार्मिक गतिविधियों पर रोक लगाने की अपील की। संगठन ने गरबा नृत्य को शक्ति साधना और भक्ति का प्रतीक बताते हुए इसे हिंदू समाज की आस्था और एकता का माध्यम बताया।

बजरंग दल के प्रदेश प्रवक्ता ऋषि मिश्रा ने कहा कि नवरात्रि, जो 22 सितंबर से शुरू हो रही है, हिंदू धर्म और सनातन समाज के लिए शक्ति उपासना का पर्व है। गरबा नृत्य भक्ति, सामाजिक एकता और शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य का साधन है। हालांकि, कुछ आयोजनों में फूहड़ता और गैर-धार्मिक तत्वों के शामिल होने की शिकायतें सामने आई हैं।

'आदर्श गरबा नृत्य' की मांग की

1. **धार्मिक गीतों पर जोर:** गरबा नृत्य केवल मंदिर परिसर या दुर्गा पंडालों में आयोजित हो। इसमें केवल देवी गीत, धार्मिक गीत और जसगीत बजाए जाएं। फिल्मी या अश्लील गीतों पर सख्त पाबंदी हो।
2. **परंपरागत परिधान:** गरबा में केवल परंपरागत वेशभूषा को ही मान्यता दी जाए।
3. **समय सीमा:** महिलाओं और बहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गरबा आयोजन रात 12 बजे तक सीमित हो।
4. **हिंदू बाउंसर और कर्मचारी:** प्रवेश द्वार, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं के लिए केवल हिंदू बाउंसर और कर्मचारियों की नियुक्ति हो।
5. **गैर-हिंदुओं पर प्रतिबंध:** गरबा आयोजनों में गैर-हिंदू समुदाय के लोगों को शामिल होने की अनुमति न हो।
6. **नशाखोरी और मांसाहार पर रोक:** आयोजन स्थल के आसपास नशे और मांसाहारी भोजन की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध हो।

बच्चों के लिए सुरक्षित खेल मैदानों की मांग

■ छत्तीसगढ़ बाल आयोग की अध्यक्ष ने जताई चिंता

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने नगरीय क्षेत्रों में बच्चों के लिए खेल मैदानों की कमी पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों, नगर निगम आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पत्र जारी कर बच्चों के लिए सुरक्षित और खुले खेल मैदानों को विकसित करने की अनुशंसा की है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में खुले मैदानों का व्यावसायिक उपयोग, जैसे चौपाटी आदि के लिए किया जा रहा है, जो बच्चों के लिए खेल की सुविधाओं को सीमित कर रहा है। साथ ही, बच्चों में मोबाइल की बढ़ती लत एक गंभीर समस्या बन गई है, जिसका समाधान उन्हें खुले मैदानों में खेलने के अवसर प्रदान करना है।

रखी ये प्रमुख मांगे

1. **खेल मैदानों पर व्यावसायिक उपयोग पर रोक:** स्कूलों से जुड़े मैदानों या अन्य खुले स्थानों पर चौपाटी जैसे व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति न दी जाए। ये मैदान बच्चों के खेल के लिए सुरक्षित और आरक्षित रखे जाएं।
2. **खेल सुविधाओं का विकास:** नगरीय निकायों और जिला स्तर पर उपलब्ध धनराशि से खेल मैदानों में बहुआयामी खेल सुविधाएं विकसित की जाएं, ताकि सभी प्रकार के खेलों में प्रतिभाशाली बच्चों को अवसर मिले।
3. **हर 1 किमी में खेल मैदान:** शहरों में प्रत्येक 1 किलोमीटर के दायरे में बच्चों के लिए खेल मैदान और इंडोर खेल परिसर उपलब्ध कराया जाए।
4. **नई कॉलोनियों में अनिवार्य खेल मैदान:** नई आवासीय कॉलोनियों को अनुमति देते समय कॉलोनाइजर के लिए बहुआयामी खेल सुविधाओं वाले मैदान का निर्माण अनिवार्य किया जाए।
5. **अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई:** खेल मैदानों पर किसी भी तरह के अतिक्रमण को तत्काल हटाकर बच्चों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित मैदान उपलब्ध कराए जाएं।

डॉ. शर्मा ने अधिकारियों से इस अनुशंसा पर तत्काल कार्रवाई करने और आयोग को प्रगति से अवगत कराने का निर्देश दिया है। यह कदम बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

युक्तियुक्तकरण: दुर्ग जिले में 366 शिक्षक पदांकित

रायपुर/ नवप्रदेश। दुर्ग जिले में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। काउंसलिंग के उपरांत 366 शिक्षकों को पदांकित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में युक्ति युक्तिकरण और काउंसलिंग के बाद, कुल 631 अतिरिक्त शिक्षकों की पहचान की गई थी। जिनमें 86 व्याख्याता, 01 प्र.पा.पू .मा. शाला, 329 शिक्षक, 06 प्र.पा.प्राथ.शाला एवं 209 सहायक शिक्षक शामिल है। कुल 366 शिक्षक काउंसलिंग उपरांत जिले मंय पंदाकित किए जा चुके हैं।

सघन छापेमारी, एक सप्ताह में 77 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं सुनिश्चित करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने प्रदेशभर में सघन छापेमारी अभियान चलाया। पिछले एक सप्ताह में विभाग ने 77 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया, जिसमें 13 फर्मों में अनियमितताएं पाई गईं। इनमें कवर्धा की खत्री मेडिकल स्टोर्स, शारदा मेडिकल स्टोर्स, ओम चंद्रवंशी मेडिकल स्टोर्स, कृष्ण मेडिकल स्टोर्स, रियाण पूर्ण मेडिकल स्टोर्स, कोंडागांव की आकाश मेडिकल स्टोर्स, भिलाई की धन्वंतरी मेडिकल, पिथोरा की संजीवनी मेडिकल, कांकेर की श्री राम मेडिकल, बलौदाबाजार की निषाद मेडिकल, सोमनी (राजनांदगांव) की वेलकेयर मेडिकल, और बसना की वेद मेडिकल व सत्यम मेडिकल शामिल हैं। इनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी को मामला भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान 8 फर्मों में सीसीटीवी कैमरे नहीं पाए गए, जिन्हें 7 दिनों के भीतर कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मास्युटिकल प्राइस मॉनिटरिंग एंड रिसोर्स यूनिट सोसाइटी ने ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के तहत दवाओं की अधिसूचित कीमतों की निगरानी की।

दवाओं की गुणवत्ता जांच और नमूना संग्रहण

विभाग ने दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित नमूना संग्रहण भी किया। पिछले एक हफ्ते में 11 औषधियों के विधिक नमूने एकत्र किए गए, जिन्हें जांच के लिए राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। इसके अलावा, 5 ब्लड सेंटर्स और 4 निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया गया, और उनकी रिपोर्ट मुख्यालय को अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई।

लगातार शिकायतों के बावजूद अब तक नहीं हुई कोई ठोस कार्यवाही

एग्री स्टेक पोर्टल में अब तक सुधार नहीं, किसान हो रहे परेशान

रायपुर/ नवप्रदेश। एग्री स्टेक पोर्टल में आ रही दिक्कतें अब तक दूर नहीं हो पाई हैं। पोर्टल में बीते दो साल का डाटा अब तक अपडेट नहीं किया जा सका है। इसके चलते बड़ी तादाद में किसान पंजीयन नहीं करा पाए हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद सुधार की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इधर प्रदेश में इस साल धान का रकबा बढ़ने की पूरी संभावना है। ज्यादातर किसानों का रुझान परंपरागत फसल पर ही है। वहीं प्रोत्साहन नहीं मिलने से अन्य फसलों की तरफ रुचि कम हो रही है। यही वजह है कि पंजीयन नहीं होने से भी किसानों की चिंता बढ़ गई है।

प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी इसी तरह की दिक्कतों से किसानों को जूझना पड़ रहा है। पोर्टल में बड़े स्तर पर सामने आई तकनीकी खामियों को दूर करने कोई ठोस पहल नहीं हो पाई है। शहरी क्षेत्रों की जमीन के रिकार्ड का तो उल्लेख ही नहीं है। ऐसी स्थिति में लाखों एकड़ जमीन का पंजीयन हो पाएगा, इसकी संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। यही हाल रहा तो बड़ी तादाद में किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे। दरअसल, पोर्टल में 2025 का रिकार्ड ही उपलब्ध नहीं होने की शिकायतें हैं। कहीं 2023 तक या इससे पूर्व के रिकार्ड ही प्रदर्शित हो रहे हैं। जबकि इस साल तक बड़ी तादाद में बंटवारा, नामांकन के साथ फौती और खरीदी-विक्री हुई है। इस पोर्टल में किसानों का अद्यतन डाटा फीड नहीं है। जिन वर्षों का डाटा नहीं है, उन वर्षों में खरीदी-विक्री, नामान्तरित भूमि का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। कृषि और राजस्व विभाग के अफसर स्वीकार करते हैं कि पोर्टल में कई तरह की दिक्कतें हैं। वहीं इसमें जब तक सुधार होगा तब तक समय निकल जाने की भी आशंका है। इस साल धान का रकबा बढ़ने की भी पूरी संभावना है। अन्य फसलों की तरफ किसानों का रूझान कम है।

पोर्टल में विकल्प नहीं

किसी किसान का अलग-अलग गांव में खाता है, तो उसके पंजीयन में अभी भी दिक्कतें आ रही हैं। इसी तरह एकल खाता के साथ शामिलात खाता में भी पंजीयन नहीं हो पाने की शिकायतें हैं। जबकि पोर्टल में एडीशन, मॉडिफिकेशन, एडिट का विकल्प देने की मांग की गई थी लेकिन इस पर भी ठोस कार्यवाही नहीं हुई। कई प्रकरणों में व्यक्तिगत खाते के साथ सामूहिक खाते के पंजीयन के लिए भी भटकना पड़ रहा है।

मोबाइल फोन लूट और स्नैचिंग के मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने न्यू राजेंद्र नगर क्षेत्र में मोबाइल फोन लूट और स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले हिस्ट्रीशीटर सुधीर जगत सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना न्यू राजेंद्र नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और एक चाकू जप्त किया गया, जिनकी कुल कीमत लगभग 1 लाख रुपये है।

पहली घटना में प्रार्थी रूपेश साहू ने बताया कि 9 सितंबर को शाम 5 बजे लालपुर ब्रिज के पास दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया। दूसरी घटना में डिकेश्वर साहू ने 8 सितंबर 2025 की रात 11:45 बजे प्रियदर्शिनी नगर में अन्ना पंजाबी रेस्टोरेंट के पास चाकू की नोक पर मारपीट कर उनका मोबाइल लूटने की शिकायत दर्ज की। दोनों मामलों में थाना न्यू राजेंद्र नगर में बी.एन.एस. की धारा 304(2), 309(4), और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किए गए।

सुविचार

जिंदगी में एक वकील से भी दोस्ती होना निहायत जरूरी है क्योंकि जब कोई आपकी बात नहीं सुनता तब वह शांति से आपकी बात सुनता है। - अज्ञात

भारत पाकिस्तान मैच को लेकर विवाद

दुबई में खेले जा रहे टी-20 एशिया कप में भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर शुरू से विवाद की स्थिति बन गई थी। अधिकांश भारतीय क्रिकेट प्रेमी पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलने का विरोध कर रहे थे वहीं कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियों ने भी पाकिस्तान के साथ मैच खेले जाने पर अपनी घोर आपत्ति दर्ज कराई थी। किन्तु बीसीसीआई के कानों में जूं भी नहीं रेंगी और उसने विश्व क्रिकेट के नियमों का हवाला देते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच करा ही डाला। इसके पीछे कुछ लोग यह तर्क भी दे रहे थे कि यदि पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम मैच नहीं खेलेगी तो उसे वॉक ओवर मील जाएगा और यदि फाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले की नौबत आएगी तो उसमें भी भारतीय टीम के न खेलने के कारण पाकिस्तान बैठै बिठाए एशिया कप विजेता बन जाएगा। बहरहाल तमाम विरोधों को दरकिनार करते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला गया जिसे लेकर भारतीय क्रिकेट प्रेमियों में पहली बार कोई उत्सुकता नहीं देखी गई। बहुत से क्रिकेट प्रेमियों ने तो अपना विरोध जताते हुए इस मैच का प्रसारण भी नहीं देखा। इस मैच में हालांकि भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से करारी शिकस्त दी लेकिन इय शानदार जीत का भी जश्न फिका रहा। वैसे एक बात अच्छी हुई की टीम इंडिया के कप्तान सूर्य कुमार यादव ने टॉस के दौरान भी पाकिस्तानी टीम के कप्तान सलमान आगा से न तो नजरे मिलाई और न ही उनसे हाथ मिलाया। जबकि टीम इंडिया ने मैच जीत लिया तो उसके के बाद भी सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया और सीधे ड्रेसिंग रूम में जाकर उसका दरवाजा बंद कर दिया। पाकिस्तानी खिलाड़ी हाथ मिलाने के लिए बहुत देर तक मैदान में खड़े रहे लेकिन टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने यह औपचारिकता निभाने से साफ मना कर दिया। टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के मुंह पर करारा तमाचा जड़ दिया और टीम इंडिया की जीत को आपरेशन सिंदूर को समर्पित कर दिया। अब इसे लेकर भी विवाद खड़ा हो गया है। पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एशिया क्रिकेट कॉउंसिल को इसकी शिकायत की है हो सकता है इसके लिए टीम इंडिया को जुर्माना देना पड़े लेकिन टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों की उपेक्षा कर ठीक ही किया है।

महिला सशक्तिकरण में छत्तीसगढ़ बना रोल मॉडल

महिला सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ विष्णुदेव साय सरकार ने जो भागीरथ प्रयास किये हैं उसी का यह सुपरिणाम है कि आज महिला सशक्तिरण के लिए छत्तीसगढ़ देश के अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बन गया है। महिलओं को आत्मनिर्भर बनाने और महिला उद्यमिता की दिशा में प्रदेश की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने जो पहल की है उससे आधी आबादी अब सशक्त हो रही है तथा अपनी नई पहचान बना रही है। महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए वरदान बन गई है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिरण के लिए और भी कई प्रभावी पहल की है। मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के अंतर्गत महिलाओं को आठ हजार रूपये की आर्थिक सहायता और सिलाई मशीन दी जा रही है। इसी तरह दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत पंजीकृत महिला सहायता योजना के तहत 1 लाख रूपये की अनुदान राशि दी जा रही है जिससे महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो रही हैं और परिवार की जरूरतों को पूर करने में सक्षम हो रही हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने पंजीकृत महिला श्रमिकों के लिए तीन साल से पंजीयन की अनिवार्यता रखी है जिससे बड़ी संख्या में जरूरतमंद महिलाएं इन महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित हो रही हैं। बेहतर होगा कि राज्य सरकार महिला श्रमिकों से तीन साल पुराने पंजीयन के नियम को सिथिल करें और तत्काल पंजीयन कराने वाली जरूरतमंद महिलाओं की पहचान कर उन्हें भी इन योजनाओं का लाभ प्रदान करे ताकि अधिक से अधिक महिला हितग्राहियों को इन कल्याणकारी याजनाओं का लाभ मिल सके और वे भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। इस तरह की योजनाओं का अधिकाधिक महिलाओं को फायदा मिले इसके लिए महिला संगठनों से चर्चा कर राज्य शासन को उचित पहल करनी चाहिए।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ उचित अवसर पर उचित चीजों को कैसे संपादित करना है यही श्रीमदभगवद्गीता है, भागवतम् है और यही राम जी की रामायण है।।

◆ प्रेम के संबंध में मेरा सीधा-सीधा फंडा है कि प्रेम दो तरफा नहीं होता, एक तरफा होता है। मैं प्यार करता हूँ तो 100:, तुम करो ना करो इसकी कोई चाहत नहीं मेरी और किसी के बुरे व्यवहार पर डिपेंडेंट नहीं हूँ। तुम्हारे किसी गाली से मेरा प्यार कम हो जाएगा? गंगा की मौज गंगा की धारा बहती रहेगी, गुलाब खिली है तो खुशबू आती रहेगी ।।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 782 संयुक्त राज्य अमेरिका की महान मुहर पहली बार इस्तेमाल की गयी। 1795 ब्रिटिश सेना ने केप टाउन को नीदरलैंड से पकड़ लिया। 1810 स्पेन स्पेन के औपनिवेशिक शासन के 300 वर्षों के बाद स्पेन से स्वतंत्रता प्राप्त करता है। 1821 मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता प्राप्त हुई। 1824 चार्ल्स दसवें फ्रांस के राजा के रूप में अपने भाई लुई XVIII की तरह सफल रहे। 1840 यूसुफ स्ट्रड डर्बी अर्बोरेटम से संबंधित कार्यों और कागजात पर हाथ डाले , जो इंग्लैंड का पहला सार्वजनिक पार्क बना। 1848 पश्चिम यूरोप में स्थित फ्रांस द्वारा अपने सभी उपनिवेशों में दास प्रथा को समाप्त किया। 1861 ब्रिटिश पोस्ट ऑफिस में बचत बैंक खोला गया। 1892 पहली महिला ने येल विश्वविद्यालय में ग्रेजुएट करने के लिए एडमिशन लिया। 1906 नार्वे के रोएल्ड एमंडसन ने चुंबकीय दक्षिणी ध्रुव की खोज की। 1908 विलियम क्रेपो बिली ने वाहन निर्माता कंपनी जनरल मोटर्स की स्थापना की। 1941 ईरान के शाह रेजा पहलवी को मोहम्मद रजा पहलवी के बेटे के पक्ष में मजबूर होना पड़ा।

गिरीश पंकज

आज हिंदुत्व और ब्राह्मणवाद को सीधे दलित बनाम उच्च जाति की बहस से जोड़ा जा रहा है। लेकिन असलियत यह है कि जाति को जीवित रखने में सबसे बड़ी भूमिका राजनीति निभा रही है। हर दल अपनी जाति-आधारित रणनीति बनाकर वोट चाहता है। कोई भी नेता आरक्षण या जनगणना जैसी नीतियों पर पुनर्विचार की हिम्मत नहीं करता, क्योंकि इससे उसका वोट बैंक डगमगा सकता है। भारतीय सभ्यता का मूल हमेशा कर्म और योग्यता रहा है। लेकिन आक्रमणों, औपनिवेशिक प्रभाव और गंदी राजनीति ने इसे विकृत कर दिया। अब चुनौती यह है कि इसे राजनीति के चंगुल से बाहर निकाला जाए। समाज में समान अवसर, शिक्षा और रोजगार की गारंटी ही जातिवाद को कमजोर कर सकती है। जब प्रतिभा ही पहचान बनेगी, तभी जाति के बंधन ढीले होंगे।

जाति व्यवस्था : इतिहास, विकृति और आज की राजनीति

यश ओबेरॉय

हाल ही में ट्रंप के राजनीतिक सलाहकार पीटर नवारो ने भारत की जाति व्यवस्था को लेकर विवादित टिप्पणी की। उनका आरोप था कि ब्राह्मणों ने विशेषाधिकार लेकर भारतीय समाज में लाभ कमाया। इस पर प्रधानमंत्री मोदी जी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि नवारो का दृष्टिकोण औपनिवेशिक लेखक जेम्स मिल की धारणाओं से प्रभावित है, जिनमें भारतीय समाज को पश्चिमी मैटेरियलिस्टिक वर्गीकरण से समझने की कोशिश की गई थी। जबकि भारत की मूल दृष्टि हमेशा कर्म-आधारित और यथार्थवादी रही है।

मनु और वर्ण व्यवस्था

भारत के सामाजिक ढांचे की सबसे जटिल और चर्चित व्यवस्था है जाति व्यवस्था। अक्सर इसके लिए मनुस्मृति और तथाकथित मनुवाद को दोषी ठहराया जाता है। लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक गहरी और बहुआयामी है। मनु ने कहा है - "जन्मना जायते शूद्रः, कर्मणा द्विज उच्यते।" अर्थात, हर मनुष्य जन्म से शूद्र होता है, और अपने कर्मों से ही ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शूद्र बनता है। वैदिक काल में समाज चार वर्णों में बँटा थाः

ब्राह्मण - ज्ञान और पूजा के अधिकारी
क्षत्रिय - शासन और सुरक्षा के रक्षक
वैश्य - व्यापार और कृषि के संवाहक
शूद्र - श्रम और सेवा के स्तंभ

यह व्यवस्था समाज को संतुलित करने के लिए बनी थी, ऊँच-नीच के लिए नहीं। लेकिन समय के साथ यह कर्म-आधारित वर्ण व्यवस्था वंशानुगत जाति व्यवस्था में बदल गई। यही वह क्षण था, जब असमानता और छुआछूत जैसी बुराइयाँ प्रवेश कर गईं।

बाहरी आक्रमण और औपनिवेशिक राजनीति

मुगल आक्रांताओं ने समाज की इन दरारों को और चौड़ा किया। "फूट डालो और राज करो" उनकी नीति थी। अंग्रेज आए तो उन्होंने जाति को औपचारिक रूप दिया।

19वीं शताब्दी की जनगणनाओं में अंग्रेजों ने हर समुदाय को जातियों-जनजातियों में बाँटकर ठोस पहचान थोप दी। उन्होंने जिन जातियों की संख्या अधिक पाई, उन्हें राजनीतिक ताकत और विशेष अधिकारों से जोड़ा। इस वर्गीकरण ने जाति को एक स्थायी खांचे में बदल दिया, जो आज तक कायम है।

ब्रिटिश शासन ने नौकरियों को क्लास-1 से क्लास-4 में बाँटा और उसी पैटर्न पर भारतीय समाज में विभाजन गहरा किया। ÷हिंदू÷, ÷मुसलमान÷, ÷दलित÷ जैसे लेबल औपनिवेशिक राजनीति के औज़ार थे, जिनके निशान आज भी साफ़ दिखाई देते हैं।

सत्ता, सुधार और धर्मांतरण

इतिहास गवाह है कि निचली कही जाने वाली जातियों ने भी सत्ता संभाली। ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार महाराजा रणजीत सिंह, जो सांसी जाति से थे, ने पूरे पंजाब में सिख साम्राज्य स्थापित किया। उनका शासन उस समय का सबसे धर्मनिरपेक्ष राज्य माना जाता है। गुरु गोविन्द सिंह जी ने स्पष्ट कहा - "मानस की जात सभो इक्को ही पहचानबो।"

सिखों की लंगर परंपरा इस विचार का प्रतीक बनी कि सब समान हैं। फिर भी, समय के साथ सिख समाज में भी जाट और अन्य उपजातियाँ उभर आईं।इसी तरह बंगाल, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत में जातिगत छुआछूत ने धर्मांतरण को बढ़ावा दिया। लेकिन धर्म बदलने से समस्या हल नहीं हुई। इसके विपरीत, कई जगह नए-नए विवाद और संघर्ष खड़े हो गए।

अंबेडकर और सामाजिक न्याय

डॉ. भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत और जातिगत भेदभाव के खिलाफ सबसे मुखर आवाज उठाई। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया बनाई, परंतु उनकी राजनीति केवल जाति पर आधारित नहीं थी। उनका लक्ष्य था ङ्क सामाजिक न्याय, शिक्षा और समान अवसर।लेकिन आज की राजनीति ने जाति को स्थायी वोट बैंक में बदल दिया है। आरक्षण का उद्देश्य कमजोर वर्गों को अवसर देना था, पर धीरे-धीरे यह गंदी राजनीति का औजार बन गया। सवाल यही है कि अगर आरक्षण अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा, तो क्या जाति व्यवस्था कभी खत्म हो पाएगी?

जातिगत जनगणनाः समाधान या नई समस्या?

हाल के वर्षों में जातिगत जनगणना की माँग तेज हुई है। पर इसके खतरों को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकताः समाज में विभाजन और तनाव बढ़ेगा। वोट बैंक की राजनीति को नया बल मिलेगा। जातियों में संख्या और प्रभाव की प्रतिस्पर्धा शुरू होगी। प्रशासनिक जटिलताएँ और डेटा की सटीकता पर प्रश्न उठेंगे। आरक्षण को लेकर नई माँगें और विवाद पैदा होंगे। यानी, जातिगत जनगणना जातिवाद को खत्म करने के बजाय और मजबूत कर सकती है।

आज "हिंदुत्व" और "ब्राह्मणवाद" को सीधे "दलित बनाम उच्च जाति" की बहस से जोड़ा जा रहा है। लेकिन असलियत यह है कि जाति को जीवित रखने में सबसे बड़ी भूमिका राजनीति निभा रही है। हर दल अपनी जाति-आधारित रणनीति बनाकर वोट चाहता है। कोई भी नेता आरक्षण या जनगणना जैसी नीतियों पर पुनर्विचार की हिम्मत नहीं करता, क्योंकि इससे उसका वोट बैंक डगमगा सकता है। भारतीय सभ्यता का मूल हमेशा कर्म और योग्यता रहा है। लेकिन आक्रमणों, औपनिवेशिक प्रभाव और गंदी राजनीति ने इसे विकृत कर दिया। अब चुनौती यह है कि इसे राजनीति के चंगुल से बाहर निकाला जाए। समाज में समान अवसर, शिक्षा और रोजगार की गारंटी ही जातिवाद को कमजोर कर सकती है। जब प्रतिभा ही पहचान बनेगी, तभी जाति के बंधन ढीले होंगे।

निष्कर्ष

पीटर नवारो जैसे पश्चिमी विचारक जब भारतीय जाति व्यवस्था पर टिप्पणी करते हैं, तो वे इसे औपनिवेशिक या पश्चिमी नज़रिए से देखते हैं। लेकिन भारतीय सभ्यता का सत्य अलग हैः समाज का आधार कर्म था, जन्म नहीं।

आज जातिवाद राजनीति का औजार है, भारतीय संस्कृति की आत्मा नहीं।

योगेश कुमार गोयल

यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती हैं। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है।

ओजोन परत के बिना असंभव है पृथ्वी का अस्तित्व

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस 2025 की थीम ÷विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई तक÷ है, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है। यह थीम मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के 40 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ओजोन परत के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विज्ञान की भूमिका और आवश्यक वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में कुछ समय पहले कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी। विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर छपी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

टीचर जी ओ टीचर

टीचर जी ओ टीचर जी। बड़े प्यार से पाठ पढ़ाते। और बोर्ड पर हल करवाते। कितना भी हो कठिन विषय पर सरल बना हमको समझाते। जो भी पूछो सब सुनते हैं हर बच्चे की हर अर्जी।। करते रहते खूब परिश्रम। हर लेते अज्ञान घोरतम। पूछो जो भी सब बतलाते हम बैतालों के वे विक्रम। उत्तर देने में प्रश्नों के उन्हें न होती एलर्जी।। टीचर जी को काम बहुत हैं। उन कामों के नाम बहुत हैं। फिर भी उनको पूरा करते- उनके तो संग्राम बहुत हैं। जाने फिर भी कैसे लाते इतनी सारी एनर्जी।। - **भाऊराव महंत**

मेरे अश्क़ों का

मेरे अश्क़ों का बस इतना सबब है किसी बुत से मुहब्बत हो गई थी मरासिम तोड़ ही पाई नहीं मैं मुझे उसकी यूँ आदत हो गई थी मेरी आहों से भी पिघला नहीं वो किसी बुत सी तबीयत हो गई थी बहुत सोचा कि तुमसे दूर जाऊँ ख़यालो में ही रुख़सत हो गई थी मज़ इक खेल था पर कब न जाने हक़ीक़त में मुहब्बत हो गई थी मेरे अश्क़ों का बस इतना सबब है किसी बुत से।

- ममता लड़ीवाल

टपकती छत को देख कर पानी

टपकती छत को देख कर पानी की क़ीमत ना रही!! सुखी आँखों में अब छलकने की हिम्मत ना रही!! झोपडी से गुजरती हवा की सिंहरन, कानों में मेरे कुछ यु कह गयी!! ये वक़्त की बात है वक़्त किसी के ना साथ हैं!! - **मोनिका शर्मा**

अगर मैं आप के हिसाब से चाल

अगर मैं आप के हिसाब से चालू तो मैं अच्छी हूँ नहीं तो बुरी मैं बुरी ही अच्छी हूँ इंसान हूँ रीढ़ की हड्डी रखती हूँ मुझे फ़र्क़ नहीं पड़ता की मैं भीड़ का हिस्सा नहीं । अपनी पहचान भीड़ से अलग दिखाने के लिए बनती हूँ जो कुछ करता ही नहीं उस की बुराई कौन करेगा इस लिए बुराई सुन अपनी ,मुस्कुरा के खुद की तारीफ़,खुद को सुनाती हूँ । - **डॉ. ऋतु दुबे**

ज़िंदगी को सब्र है आओ खुद के

ज़िंदगी को सब्र है आओ खुद के साथ मुस्कुरा कर देखते है... सादगी का रंग ,रुह पर चढ़ा कर देखते है... जज्बातों का काफ़िला बसता है मुझमें सब्र में रह ज़िंदगी को सजा कर देखते है... कि नंदिता खुद का यकीं है...!! - **नंदिता तनूजा**

रोती हिन्दी देख कर मनमे उठता

रोती हिन्दी देख कर मनमे उठता ताप। कैसे धैर्य धराइए सता रहा संताप।। सता रहा संताप अभिज्ञ लख हिन्दी पीडा। हिन्दी गौरव पाय उठाये हम जो बीडा।। भारत माँ के भाल चमकती है ये बिन्दी। पर दफ्तर में बैठ बिबश हो रोती हिन्दी।।

- अजय मिश्रा अभिज्ञ

हाल दिल का सुनाया कीजिये कोई बात

हाल दिल का सुनाया कीजिये कोई बात न हमसे छुपाया कीजिये गमे दिल में कोई जज्बात न छुपे हों ऐसा सुकून के पल ढूंढ कर बया कीजिये खामोश न हो यह गुलस्तां प्रेम भरे गीत गुन गुनाया कीजिये दिल की बात बेहिसाब हो अपनों से हिसाब न कीजिये।

- लक्ष्मी नारायण लहरे

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए धन लाभ कराने वाला रहेगा। आज आपको जिस कार्य मे हानि की संभावना रहेगी उससे भी अकस्मात धन लाभ प्राप्त करेंगे।

वृषः आज का दिन अधिक भाग-दौड़ वाला रहेगा। आज आपको कोई नापसंद कार्य भी मजबूरी में करना पड़ेगा।

मिथुनः आज के दिन परिस्थितियां आपकी आशा के अनुकूल रहेंगी। लेकिन महिलाये आज जो भी विचारेंगी फल उसके विपरीत ही मिलेगा।

कर्कः आज के दिन आपको अकस्मात हानि का सामना करना पड़ेगा। जिस भी कार्य को आरम्भ करेंगे उस मे किसी अन्य के कारण विलम्ब होगा।

सिंहः आज के दिन घर-परिवार एवं सार्वजनिक क्षेत्र पर आपकी सम्मानजनक स्थिति बनेगी।

कन्याः आज दिन के आरम्भ से ही आप महत्त्वपूर्ण कार्यो के सहज सफल होने से उत्साहित रहेंगे।

तुलाः आज के दिन कुछ कार्यो को लेकर आप असमंजस की स्थिति में रहेंगे। अन्य लोगो के हस्तक्षेप देने पर भ्रमित होने की संभावना है।

वृश्चिकः आज के दिन आपको विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। दिन के आरम्भ में स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

धनुः आज आप जिस भी कार्य को करने की योजना बनाएंगे उसमें सफल अवश्य होंगे। आज आपको आस-पास का वातावरण भी उत्साह बढ़ाने वाला मिलेगा।

मकर : आज के दिन आपको पूर्व में की गई मेहनत का फल धन लाभ के रूप में मिलेगा। दिनचार्य भी सुव्यवस्थित रहने से किसी भी कार्य को लेकर ज्यादा मशक्कत नही करनी पड़ेगी।

कुंभः आज के दिन परिस्थितियों ने सुधार आने लगेगा आज कार्य क्षेत्र पर व्यवस्था बदलने के बाद ही आर्थिक स्थिति बेहतर बन सकेगी।

मीनः आज के दिन का अधिकांश भाग भी आपके लिए कलहकारी रहेगा। आर्थिक स्थिति भी गड़बड़ाने से क्रोध अधिक आएगा।

सूर्योदय : 06:16, सूर्यास्त : 06:29, चन्द्रोदय : 24:13, चन्द्रास्त : 14:13, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : शरद, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : आश्विन, पक्ष : कृष्ण, तिथि : दशमी, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : वरीयान, प्रथम करण : तैतिल (14:15 तक), द्वितीय करण : गर (25:31 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : सिंह, चंद्र : मिथुन, मंगल : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कन्या (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) माताबेरी पेरा और पचरा, जिन्हें हाल ही में जीआई टैग मिला है, किस राज्य से संबंधित हैं?

2) हाल ही में खबरों में देखे गए होकेसर वेटलैंड का कौन से राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?

3) राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवार्ड्स योजना के लिए नोडल मंत्रालय कौन सा है?

4) 1980 में भारत में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?

5) हाल ही में दिवंगत हुए राजगोपाल चिदंबरम किस क्षेत्र से जुड़े थे?

उत्तरमाला- (1) त्रिपुरा (2) जम्मू और कश्मीर (3) कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय (4) 6 (5) परमाणु भौतिकी

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -171

8 लाख की इनामी महिला नक्सली ने किया सरेंडर, 20 साल से थी सक्रिय

■ शासन की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर किया सरेंडर

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद सहित बस्तर में सुरक्षा बल के जवानों द्वारा लगातार लाल आतंक पर प्रहार किया जा रहा है। इस नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को सफलताएं मिल रही है। गरियाबंद में लगभग 20 सालों से सक्रिय रही महिला नक्सली जानसी उर्फ वछेला मटामी ने सोमवार को सरेंडर किया है। जिस पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित था। जानसी अपने साथ एसएलआर रायफल लेकर चलती थी। सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में नक्सलियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिससे कि अब संगठन से जुड़े नक्सली सरेंडर करने मजबूर हो रहे हैं। वहीं नक्सली जंगल में दरङ्कदर भटकने व मुठभेड़ में मरने के बजाय सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित हो रहे हैं और समाज की मुख्यधारा में जुड़कर खुशहाली की जिंदगी जी रहे हैं। मालूम हो कि नक्सल संगठन से जुड़ी नगरी एरिया कमेटी की सचिव जानसी उर्फ वछेला मटामी ने आखिरकार मुख्यधारा में लौटने का निर्णय ले लिया। लगभग 20 वर्षों तक संगठन में सक्रिय रही जानसी ने गरियाबंद पुलिस के घर वापसी अभियान से प्रेरित होकर आत्मसमर्पण कर दिया है। जिससे कि नक्सली संगठन को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। महिला नक्सली जानसी पर सरकार द्वारा 8 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक, जानसी वर्ष 2005 में जनमिलीशिया से जुड़ी थी और तब से कई नक्सली घटनाओं में सक्रिय भूमिका निभाती रही। वह नगरी एरिया कमेटी की महत्वपूर्ण सदस्य और बाद में सचिव बन गई थी।जानसी, नक्सली सत्यम गावड़े की पत्नी थी, जो कि जनवरी में भालूडिग्गी मुठभेड़ में मारा गया था। पति की मौत के बाद वह मानसिक तनाव से गुजर रही थी और इसी बीच गरियाबंद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पुनर्वास अभियान से प्रभावित होकर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया।

आत्मसमर्पित महिला नक्सली जानसी ने भी किया साथियों से अपील

सरेंडर महिला नक्सली जानसी ने चर्चा में बताया कि पुलिस जवानों की कार्यवाही से नक्सल संगठन पूरी तरह से कमजोर हो चुका है। जंगल में लगातार पुलिस जवानों का दबाव बढ़ते ही जा रहा है। उन्हें समय में खाना भी नसीब नहीं हो पा रहा है, बासी खाना खाने मजबूर हैं। उन्होंने अपने अन्य साथियों से भी अपील की है कि जंगल में दरङ्कदर भटकने व मरने की बजाए सरेंडर करें।

आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेकर समाज की मुख्यधारा से जुड़े

गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने कहा कि जानसी की आत्मसमर्पण से नक्सल नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। वहीं उन्होंने भरोसा दिलाया है कि आत्मसमर्पण करने वालों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ और पुनर्वास की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने अपील भी किया है कि जंगल में दरङ्कदर भटकने की बजाय नक्सली समाज की मुख्यधारा में लौटकर खुशहाली की जिंदगी जिए।

न्यूज गैलरी

स्वास्थ्य पखवाड़ा आयोजित

धरसीवां/नवप्रदेश। 14.सितंबर को जायसवाल नीको इंडस्ट्रीज ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांढर में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता पर व्याख्यान आयोजित किया। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) गतिविधियों के अंतर्गत कल एसबीएच अस्पताल रायपुर के सहयोग से सीएसआर स्वास्थ्य सेवा गतिविधियों के रूप में, किशोरियों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मांढर में एक स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता का आयोजन किया।एसबीएच अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी मंधारे ने व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य श्रीमती जैसी कुरियन सहित सभी शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

छात्रों को बताएं ट्रैफिक रूल

धरसीवां/नवप्रदेश। प्रोजेक्ट विजय भवः, जीत का सफर आपके द्वार इस प्रोग्राम के अंतर्गत आज पी एम श्री सेजस बिरगांव में जिले की टीम जिसमे देव प्रकाश कुर्रे, प्राथमिक उपचार, सौरभ तीवारी साइबर क्राइम, अजय श्रीवास्तव नशा मुक्ति , गोरखनाथ पटेल, लैंगिक अपराध पर व टी के भोई , याता यात प्रशिक्षक , विजय मार्केंडेय HC इनके द्वारा छात्रों को सीपीआर, नशे की आदिकैसे बनाते, मोबाइल की लत, त था प्राथमिक उपचार और ट्रैफिक नियम पर छात्रों को जागरूक किया गया । जिला प्रशासन के द्वारा चलाई गई इस योजना से विद्यार्थिय समूह में जागरूकता बढ़ रही है । यह प्रोजेक्ट विद्यार्थियों के साथ साथ उनके मित्र,परिवार, व स्वयं शिक्षक साथियों के लिए भी मार्गदर्शक का कार्य कर रही है ।

ड्राइवर से मारपीट, अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने ड्राइवर के साथ मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम रसोड़ा के लोकनाथ साहू ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह पिछले 2 साल से गांव के लोकनाथ साहू के घर ड्राइवरी का काम करता है। 12 सितंबर को वह और मुंशी भागवत बंजारा व हमालों के साथ कोलिहादेवरी व भैंसाखुरी से गाड़ी में धान लोड कराकर रात करीब 8.30 बजे लोकनाथ के घर रसोड़ा में ही गाड़ी छोड़ने गया था। लोकनाथ ने गाली-गलौज कर चोरी का आरोप लगाकर मारपीट की और धान चोरी का झूठा केस लगाकर जेल भिजवाने और जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

राम टोली परिवार के आयोजन में शामिल हुए नपा उपाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी श्रीराम टोली परिवार के कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रीराम टोली परिवार ने विगत 2 वर्षों से प्रतिदिन सुबह 5 से साढ़े 6 बजे तक पदयात्रा के साथ भजन कीर्तन कर नगर में सुख शांति का माहौल बनाया है, जो सराहनीय है। इस अवसर पर शरद मराठा, राजू यादव, राजेश सिंह ठाकुर, दीपा नागवानी, संतोषी शर्मा, कैलाशबेन पटेल, रुखमणि नारंग, शारदा साहू, भोला राम, उपमा ठाकुर, मीना गुप्ता, भारती साहू आदि मौजूद रहे।

गरियाबंद में दहशत: लोगों को निहारता रहा तेंदुआ

मालगांव की पहाड़ी पर दिखा तेंदुआ

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में वन्यजीवों की आबादी बढ़ने के साथ ही इंसानी बस्तियों में उनके दिखने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इसी क्रम में, जिला मुख्यालय से मात्र चार किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मालगांव में सोमवार दोपहर एक तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई है।

ग्रामीणों में दहशत और वन विभाग की कार्रवाई

तेंदुए के दिखने की खबर पूरे मालगांव और आसपास के गांवों में आग की तरह फैल गई है। लोग डरे हुए हैं और खासकर शाम और रात के समय घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी है। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और बेवजह जंगल की ओर न जाने की अपील की है। साथ ही, विभाग की टीम तेंदुए की तलाश और उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र में गश्त कर रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि पानी और शिकार की तलाश में अक्सर वन्यजीव आबादी वाले इलाकों के करीब आ जाते हैं। वन विभाग और ग्रामीणों के बीच समन्वय से ऐसे मामलों में खतरे को कम किया जा सकता है। फिलहाल, मालगांव और आसपास के लोग पूरी तरह से अलर्ट पर हैं।

क्या हुआ था?

सोमवार को दोपहर करीब 3:30 बजे, कुछ ग्रामीण और राहगीर मालगांव में मां दुर्गा मंदिर के पास पहाड़ी से गुजर रहे थे। तभी उनकी नजर पहाड़ी की चोटी पर बैठे एक तेंदुए पर पड़ी। तेंदुआ बिल्कुल शांत भाव से बैठा था और नीचे की गतिविधियों को देख रहा था। जैसे ही इस खबर की भनक लगी, देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

आधे घंटे तक बैठा रहा तेंदुआ

ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ और हलचल के बावजूद तेंदुआ करीब आधे घंटे तक उसी जगह पर बैठा रहा। वह बिना किसी डर के आसपास के माहौल का जायजा लेता रहा, जिससे ग्रामीणों में डर और कौतूहल दोनों का माहौल था। आधे घंटे बाद, तेंदुआ अचानक उठा और पास के घने जंगल की ओर चला गया।

पुलिस ने किया पोंड में किया गया साइबर जगरूकता कार्यक्रम का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस के द्वारा शासकीय हायर सेकडरी स्कूल पोंड के छात्र छात्राओं के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूल के छात्र छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान थाना पाण्डुका के टीम द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अनचाहे लिंक „क्य स्न्द्बद्यद्ग को डाउनलोड न करने, किसी भी शर्त में अपने ओटीपी शेयर न करने, अपने बैंक खातों किराए से दूसरों को न देना, डिजिटल अरेस्ट जैसे कोई चीज नहीं होती किसी के ऊपर में मामला बनता है तो सीधे पुलिस आकर उस मामले की समीक्षा करती है । इन सभी फ्रॉड के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 में फोन कर शिकायत दर्ज कराने को बोला गया । सभी छात्र-छात्राओं को अपने खाते के नियमित जांच करने, अपने एटीएम का ओटीपी शेयर ना करने, ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सावधानियां बरतने, ऑनलाइन जॉब के झांसे में न आने जैसे अन्य साइबर फ्रॉड के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

नवापारा में जुआ खेलते 10 लोग गिरफ्तार, हजारों के नकद बरामद

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अपराध और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गोबरा नवापारा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नवापारा में जुआ खेल रहे 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 10 हजार रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते और अन्य सामान जब्त किया गया है। मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है।

नवापारा थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल ने बताया कि नवापारा क्षेत्र में अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नवापारा के कसेर पारा स्थित नारायण कंसारी के घर में कुछ लोग पैसों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छापा मारा। जहां 10 लोग जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़े गए।

पुलिस पूछताछ में जुआरियों ने अपना नाम नारायण कंसारी, राजा कंसारी, राजकुमार कंसारी, कमलेश शर्मा, लोकेश कंसारी, नमन साहू, धनेंद्र साहू, योगेश यादव, देवा साहू, ओम कंसारी बताया। पुलिस ने सभी जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10,130 रुपए नकद, ताश के पत्ते और 1 नग दरी जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफछत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 4, 3(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों को रायपुर न्यायालय में रिमांड पर भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुनिल कश्यप, प्रधान आरक्षक रणजीत साहू, कमल बघेल, आरक्षक विजय साहू, हुलास साहू, टीकम साहू, रामकुमार सिदार, रोमन ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शराब बेचते पकड़ा गया अधेड़

महासमुंद। सरायपाली पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बोंदा बीज निगम कार्यालय पुलिया के पास बाराडोली निवासी खेमराज बरिहा (37) को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद किया गया। मामले में आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

संविदा एनएचएम कर्मचारी चले इच्छा मृत्यु की राह पर

गरियाबंद/ नवप्रदेश। 18 अगस्त से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रदेश में जारी है। शासन प्रशासन एवं एन एच एम कर्मचारियों के बीच अभी तक बातचीत के कई दौर हुए हैं परंतु समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया है जिस कारण आंदोलन अभी भी जारी है ।

इस बीच 25 से अधिक लीडर्स को सेवा से पृथक भी कर दिया गया है तथा पुनः एक बार सभी को चेतावनी पत्र जारी कर कहा गया है कि वह हड़ताल समाप्त करें अन्यथा उनकी भी बर्खास्तगी की जाएगी। इधर सरकार का कहना है कि उसने पांच मांगे मान ली है जबकि हड़ताली एन एच एम कर्मचारी उन पांच मांगों का आदेश मांग रहे हैं जिसमें लंबित 27त्न वेतन वृद्धि भी सम्मिलित है । *शासन प्रशासन द्वारा लगातार किए जा रहे दमन और उपेक्षा तथा कमेटी* बनाकर काम अटकाने के षड्यंत्र के खिलाफ निराश और आक्रोशित होकर अब *एनएचएम कर्मचारियों ने राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की गुहार लगाने हेतु अपने साथियों के बीच हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी ने बताया कि ,इसके लिए आज सभी 33 जिलों में धरना देने आए हुए कर्मचारियों ने इच्छा मृत्यु के पत्र पर हस्ताक्षर कर जमा करना शुरू कर दिया है जो महामहिम राज्यपाल को भेजा जाएगा।

अवैध रेत परिवहन पर विधायक ने दिखाई सख्ती कहा अवैध कार्य करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे

राजिम/नवप्रदेश। रविवार की दरमियानी रात फिंगेश्वर क्षेत्र के ग्राम बिनौरी से अपने क्षेत्रीय जनसंपर्क कार्यक्रम से लौट रहे विधायक रोहित साहू का रेत के अवैध परिवहन पर गुस्सा फूट पड़ा। वापस लौटते समय रात 11 बजे रास्ते में ग्राम बोरसी के समीप रेत परिवहन कर रहे हाईवा को रोककर विधायक रोहित साहू ने सख्ती दिखाई तथा प्रशासन की टीम को तत्काल निर्देशित कर मौके पर ही बुलाकर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। पूछताछ में हाईवा चालकों ने बताया कि रेत का परिवहन बिरोड़ा रेत घाट से की जा रही थी। जबकि जानकारी के अनुसार शासन प्रशासन के गाइडलाइन अनुसार वहां वर्तमान में रेत घाट संचालन करने की अनुमति नहीं है अर्थात वह रेत घाट अवैध रूप से रेत माफिया के द्वारा चलाया जा रहा था। क्षेत्र में हो रहे रेत के अवैध उत्खनन पर विधायक रोहित साहू ने कड़े तेवर में एसडीएम, खनिज अधिकारी तथा थाने के स्टॉफ को घटनास्थल बुलाकर निर्देशित किया। क्षेत्रीय विधायक द्वारा स्थानीय प्रशासन, पुलिस अधिकारियों और जिले के खनिज अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि 24 घंटे में क्षेत्र में रेत का परिहवन सड़कों पर दिखाई न दे। इसके लिए 24 घंटे के भीतर एक छापामार दल गठित कर रेत का अवैध परिवहन तथा अवैध खदानों को बंद कराने की बात विधायक ने कही। साथ ही किसी भी प्रकार के अवैध रेत खनन तथा परिवहन की जानकारी मिले तो तत्काल उस वाहन को राजसात कर परिवहनकर्ता के ऊपर एफआईआर करने के निर्देश भी विधायक ने दिए हैं। इसके अलावा लगातार निगरानी और मॉनिटरिंग के लिए उड़नदस्ता दल को सक्रियता से कार्य करने की बात उन्होंने कही। अगर अवैध रेत खनन या परिवहन की शिकायत मिली तो अधिकारी भी कार्यवाही झेलने के लिए तैयार रहें। विधायक के कड़े तेवर के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है जो कार्य प्रशासन की उड़नदस्ता टीम को करनी चाहिए वो काम आधी रात सड़क पर खड़े होकर क्षेत्र के विधायक कर रहे हैं।

कार्यशाला | एक दिवसीय नारी जागरण कार्यशाला गायत्री शक्तिपीठ राजिम में संपन्न हुआ

माताओं में कार्य करने की अद्भुत क्षमता होती है- चंदूलाल साहू

राजिम/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में एक दिवसीय नारी जागरण कार्यशाला गायत्री शक्तिपीठ राजिम में संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ अतिथियों के द्वारा देव पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया और बहनों के द्वारा युग संगीत की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात श्रद्धा साहू द्वारा सत्संकल्प पाठ कराया गया एवं अतिथियों का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि के रुप में पधारे चंदूलाल साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह भंडार निगम ने कहा गुरुदेव का उद्घोष है इक्कीसवीं सदी नारी सदी। नारी शक्ति की हर क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। माताओं में कार्य करने की अद्भुत क्षमता होती है। प्राचीन काल में महान विदुषी हुई है जिनकी प्रेरणा से नारियों को संबल मिला पहले नारियों को जप करने कर्मकांड करने का अधिकार नहीं था उन सबको पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने अधिकार दिलाया। नारी जागरण कार्यशाला से सभी बहनें अपने अपने क्षेत्र जाकर समाज में सुसंस्कृत करने का संस्कारवान बनाने का संकल्प ले करके जाएंगे। संस्कार के माध्यम से ही धरती में स्वर्ग का अवतरण एवं मनुष्य में देवत्व का उदय होगा तभी हम सुधरेंगे तो निश्चित युग सुधरेगा बहुत जल्दी सतयुग की वापसी होगी। माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारी में सभी जुट जाए।

इसके साथ अतिथि के रूप में जिला प्रभारी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा एच एल साहू, सहायक प्रबंध ट्रस्टी चंद्रलेखा गुप्ता, जिला समन्वयक युवा प्रकोष्ठ नुकेश कुमार साहू, प्रांतीय वृक्ष गंगा अभियान प्रभारी पूरण लाल साहू, ब्लॉक समन्वयक टीकम सेन, ट्रस्टी संतोष कुमार साहू उपस्थित रहे। चंद्रलेखा गुप्ता के द्वारा गुरु के पीड़ा एवं बहनों का आव्हान से संबंधित व्याख्यान दिया गया, वास्तव में सभी बहनें मिल जुल कर काम करेंगे तभी आगे बढ़ पाएंगे। दुर्गावती सेन जिला नारी जागरण प्रभारी द्वारा संगठन को मजबूत कैसे बनाए एवं यामिनी यादव द्वारा कार्य योजना कैसे संचालित करें इस पर विस्तार से बताया गया एवं बहनों के द्वारा संकल्प उद्बोधन कराया गया।

कार्यक्रम में ट्रस्टी श्रवण कुमार साहू, ईकाई प्रमुख चेतन सिंहा, ईकाई प्रमुख टीकाराम साहू, डॉ रमेश साहू, सरोज साहू, प्रीति साहू, हेमलता साहू, दीपा साहू, गीतांजलि साहू, तामेश्वरी साहू, पदमा साहू, सीमा साहू, हीरा साहू, राजकुमारी साहू, वृंदा सेना, रोशनी साहू, कमलेश साहू, अंजली घाटगे, गायत्री साहू, भारती सेन, सरिता यदु, लोकेश्वरी दिवान, ओमिन साहू, देवी ध्रुव उपस्थित रहे, पूरे कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा साहू द्वारा किया गया।

बरोंडा चौक से पीजी कॉलेज मचेवा तक 20 रु. किराया लेंगे ऑटो चालक

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष कक्ष में ऑटो चालक, मालक एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें ऑटो चालकों के साथ शहर में व्यवस्थित यातायात तथा नागरिकों की सुविधाओं के ध्यान में रखते हुए ऑटो चालन पर चर्चा हुई। इस दौरान अध्यक्ष श्री साहू ने महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की परेशानियों को ऑटो चालकों के समक्ष रखते हुए मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की पहल की। जिसमें छात्रों से एक निर्धारित शुल्क लेने पर सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि बरोंडा चौक से मचेवा पीजी कॉलेज तक छात्राओं से 20 रूपए ऑटो किराया लिया जाएगा। जिस पर अध्यक्ष श्री साहू ने ऑटो चालकों के इस निर्णय को बेहद प्रशंसनीय बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान ऑटो स्टैंड की व्यवस्था, किराया निर्धारण एवं नगर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा भी हुई। सभी सदस्यों ने मिलकर सार्थक सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में बड़ी संख्या में ऑटो चालक-मालक एसो. के सदस्य, पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

नाबालिक बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

राजनांदगांव /नवप्रदेश। थाना डोंगरगढ मे पीड़िता के माँ के रिपोर्ट पर एवं डॉ0 मुलाहिजा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा- 65(2) बीएनएस, 4(2) पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, एएसपी श्री राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीश कुंजाम द्वारा प्रकरण के विवेचना हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिस पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ श्री उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा अपने पुलिस स्टॉफके साथ आरोपी ज्ञानी चौरे पिता पंचू चौरे उम्र- 53 साल निवासी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छ0ग0 का पता तलाश कर आरोपी द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से आज दिनांक- 15.09.2025 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत में 1 लाख 15 हजार मामलो का हूआ निराकरण

खैरागढ़/नवप्रदेश। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वधान में खैरागढ़ में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्रकरण के पक्षकारों को मामले में सुलह कराई गई । नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ महात्मा गांधी , भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर की गई। । डीजे मोहनी कंवर, सीजेएम निधि शर्मा, जेएमएफसी आकांक्षा खलखो प्रकरणो के निराकरण के लिए मौजूद रहे । जिला एवं अपर सत्र न्यायालय मे न्यायाधीश मोहनी कंवर के समक्ष 27 प्रकरणों का निपटारा कर उन्हें लाभान्वित किया गया इनमें 03 दावा प्रकरणों में कुल अवार्ड राशि 32 लाख 80 हजार रू. अन्य 5 सिविल मामलो में 23 लाख 98 हजार 375 रू. 1 क्रिमिनल मामले मे 4 लाख 10हजार रु ,प्री लिटिगेशन के नगर पालिका खैरागढ़ के 15 राजस्व वसूली मामले में 1,33,370 रुपए, बीएसएनएल के 03 मामले में 5500 रू मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि शर्मा के न्यायालय मे ट्रैफ्कि चालान में 234 मामलों में 23,400 रू 321, 258 सीआरपीसी एंड ऑल अदर पेटी ऑफेंस ईटीसी बाय स्पेशल सीटिंग मजिस्ट्रेट के 289 प्रकरणों में 1,92,000 रूपए, 5,40,742 रू की अवार्ड राशि पास हूई 17 आपराधिक मामलों और अन्य सिविल मामलो 01, एन आई एक्ट 138 चेक बाउंस के 01 मामले में मामले में भी समझौता हुआ ।

मतदाता सूची का शुद्ध होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार : कलेक्टर गोपाल वर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 (एसआईआर) किया जाएगा। इस प्रक्रिया के अंतर्गत वर्ष 2003 के (एसआईआर) की मतदाता सूची तथा वर्ष 2025 की मतदाता सूची का मिलान किया जाएगा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा में विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के संबंध में बीएलओ, सुपरवाइजर एवं ईआरओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण निर्वाचन आयोग का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। मतदाता सूची का सही और शुद्ध होना लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। इसलिए इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि बीएलओ, सुपरवाइजर और ईआरओ को निर्वाचन कार्य को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानकर गंभीरता से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता इस कार्य की सफलता पर टिकी है।

विसर्जन यात्रा में चाकूबाजी में मृतक के परिजनों ने मांगा मुआवजा और नौकरी

खैरागढ़/नवप्रदेश। गणेशोत्सव के दौरान विसर्जन यात्रा मे सांस्कृतिक भवन के पास नाचने के नाम पर आपस मे हूई चाकूबाजी मे दाउचौरा निवासी नवयुवक दीपक यादव की दर्दनाक मौत के बाद परिजनो ने कलेक्टर जनदर्शन मे मुआवजा और शासकीय नौकरी दिए जाने की मांग की है । बीते 8 सितंबर को गणेश विसर्जन यात्रा के दौरान दाऊचौरा निवासी दीपक यादव की एक नाबालिग़ युवक ने पुलिस की मौजूदगी में ही चाकू मारकर हत्या कर दी। युवक दीपक यादव अपने परिवार का इकलौता सहारा था। उसके कमाई पर ही विधवा माँ और नाबालिक छोटे भाई का भरण-पोषण चलता था। बेटे की मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। मामले में पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक और आरक्षक को निलंबित कर दिया था। राजनांदगांव में चाकूबाजी मामले में मृतक परिवार को विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह द्वारा आर्थिक सहायता और नौकरी देने की घोषणा की गई है । मृतक दीपक यादव के परिजनो के साथ कलेक्ट्रेट पहुँचे पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन ने मृतक की माँ भारती यादव व नाबालिग भाई एवं परिजनों के साथ कलेक्टर को मांग पत्र सौंपकर मुख्यमंत्री से मृतक परिवार को 4 लाख रुपये मुआवजा और शासकीय नौकरी देने की मांग करते कहा कि दीपक ही अपने परिवार का सहारा था। उसके बिना परिवार के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

नवरात्रि एवं गरबा उत्सव को लेकर बैठक आयोजित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, एडिशनल कलेक्टर श्री सी. एल. मारकंडे, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन की उपस्थिति में दुर्गा पंडाल समिति एवं गरबा समिति के आयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में आयोजकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नवरात्रि एवं गरबा उत्सव का आयोजन विधिवत अनुमतियों के साथ किया जाए। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु पंडालों में यथासंभव सीसीटीवी कैमरे लगाने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त आयोजकों को पंडाल का सुरक्षित एवं मज़बूत निर्माण सुनिश्चित करने तथा आगंतुकों के लिए व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था बनवाने के निर्देश दिए गए।सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर विशेष ध्यान देने को कहा गया, ताकि निर्धारित मापदंडों के अंतर्गत ही ध्वनि विस्तार का उपयोग किया जाए।

बाढ़ रोकने बनाए प्रधानाठ बैराज के टूटे गेट की सालों से मरम्मत नही

■ न सिंचाई सुविधा मिल रही न पानी रोक पा रहे

खैरागढ़/नवप्रदेश। बाढ़ की परेशानी से बचाने, सिंचित क्षेत्र बढ़ाने और नदियो के जलस्तर को बनाए रखने पांच साल पहले बन कर तैयार हूआ प्रधानपाठ बैराज निर्माण के एक साल बाद ही एक गेट के क्षतिग्रस्त होने के बाद से अपने हाल पर आंसू बहा रहा है । वनांचल क्षेत्र लक्षणा की सुरम्य पहाडियो के बीच पहले से मौजूद चेक डेम को प्रधानपाठ बैराज के लिए स्वीकृ त कर इसका निर्माण कार्य कराया गया था । सात साल तक चले निर्माण कार्य के बाद पांच साल पहले इसका लोकार्पण हूआ । लेकिन तकनीकी खामियों और अव्यवस्था के चलते साल भर मे ही बैराज के लबालब होने के चलते इसका एक गेट खोलने के दौरान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया ।

52 करोड़ की लागत से तैयार, 3 एमसीएम रूकना था पानी

प्रधानपाठ बैराज लक्षणा के प्रधानपाठ स्थित दो पहाड़ियों के बीच बनाया गया था । इसमे लेटलतीफी के चलते लगभग 52 करोड़ रू से अधिक खर्च किया गया था । बैराज निर्माण के बाद इसमे लगभग 3 मिलियन घन मीटर पानी भरा जा सकता था । जिससे लक्षणा, मुढ़ीपार सहित कई असिंचित इलाके के 2 सौ हेक्टेयर से अधिक खेतो को सिंचाई सुविधा मिलनी थी । प्रधानपाठ बैराज निर्माण के दौरान डूबान मे आने के चलते वनांचल ग्राम लक्षणा को दो किमी दूर शिप्ट किया गया था । प्रधानपाठ बैराज का कुल कैंचमेंट एरिया 120 स्क्येर किमी था । डूबान के चलते सालो से बसे लक्षणा वासियो को अपनी जमीन मकान सब छोडना पड़ा। ताकि इलाका सिंचित हो सके ।

मरम्मत कराने सात करोड़ की फाइन शासन के पास अटकी, पानी नही रोक पा रहे

निर्माण के साल भर बाद ही प्रधानपाठ बैराज के चार मे से एक मुख्य गेट के क्षतिग्रस्त होने के बाद उक्त गेट ज्यों का त्यों पड़ा है । इसकी मरम्मत कराने जलसंसाधन विभाग ने शासन को लगभग साढ़े सात करोड़ का प्रस्ताव दो साल पहले भेजा है । लेकिन विभाग के उच्चाधिकारी इसकी मरम्मत को लेकर इसकी स्वीकृति देने से कतरा रहे है । कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने भी जिले मे पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले प्रधानपाठ की सुध लेते मरम्मत कराने अधिकारियो को प्रस्ताव शासन को भेजने कहा था । लेकिन प्रस्ताव जाने के बाद भी शासन स्तर पर कोई कार्यवाही नही हो पाई है । गेट की मरम्मत मे ही साढ़े सात करोड़ का खर्च देख विभाग भी चुप्पी साधे है ।

नगर पालिका अध्यक्ष ने गौमाता का पूजा कर, नगर पालिका में कराया प्रवेश

■ गौमाता को लेकर सड़को पर प्रदर्शन करना उचित नही

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कवर्धा कार्यालय के सामने गाय माता को लाकर, गाय सड़को पर है इस आशय का प्रदर्शन किया जा रहा था । कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी व शहर के सभी पार्षदगणों ने इस अवसर पर आगे बढ़कर गौ माता का आरती उतारकर, भोजन कराकर नगर पालिका में प्रवेश कराया। उन्होंने कहा गाय हमारी माता है यदि नगर पालिका के द्वार तक स्वयं से आए या फिर गाय को पकड़कर पालिका तक लाए हम स्वागत ही करेंगे। नगर पालिका अपने क्षमता के अनुरूप 200 से अधिक गायों का स्वर्ण जयंती गौशाला में सरक्षण कर रही है । रही बात शहर में गायों की संख्या को लेकर है तो इसमें अधिकतर गायों को गौ पालक शहर में लाकर छोड़ जाते है जिसके कारण यह स्थिति निर्मित है गाय समस्या नहीं है समस्या हम उसे बना रहे है सड़को पर छोड़ कर।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि जो भी गौ पालक है वे अपने गायों को अपने घरों में सेवा करें, सड़क में छोड़ना गौ माता के साथ अन्याय है। छत्तीसगढ़ सरकार ने गो धाम योजना के तहत समाज के साथ जुड़कर गो संरक्षण के दिशा में आगे बढ़ रही है । गायों को पालिका लेकर आए थे उतने लोग सिर्फ़ 2-2 गाय अपने साथ ले जाते तो निश्चित गाय माता की सेवा हो जाती है उन्होनें कहा कि गाय के पीछे राजनीति करनी थी सभी गायों को छोड़कर शहर में चले गए।

बालोद सीजेएम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय

सड़क दुर्घटना में जप्त ट्रक को छुड़वाने लगाए गए सुपुर्दगी आवेदन को खारिज किया

■ पीड़ित के आपत्ति आवेदन को न्यायालय ने किया स्वीकार

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिला न्यायालय में सीजेएम कोर्ट ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए एक सड़क दुर्घटना के मामले में आरोपी ट्रक मालिक/चालक द्वारा पुलिस जप्त ट्रक को छुड़ाने लगाए गए ट्रक सुपुर्दगी के आवेदन को खारिज करते हुए पीड़ित पक्ष द्वारा लगाए गए आपत्ति को स्वीकार करते हुए बढ़ते सड़क दुर्घटना के मामले में एक उचित न्याय किया है। बता दे कि 8 सितम्बर 2025 को बालोद गंजपारा निवासी सुप्रीत शर्मा अपने मित्र के साथ बालोद की तरफआ रहे थे, तभी ग्राम परागांव पुल के पास दुर्ग की तरफ जाने वाली बस खड़ी थी, जिसे ओवर टेक करते हुए काफी रफ़्तार में लापरवाही पूर्वक ट्रक क्रमांक छ्त्त 06 रु1282 ने सुप्रीत शर्मा की वाहन महिंद्रा कंपनी के मॉडल 3ङ्ग्श क्रमांक छ्त्त 24 - 5558 को जबरदस्त टक्कर मार दी थी। इस घटना में वाहन चला रहे सुप्रीत शर्मा और उसके दोस्त बाल बाल बचे। वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके बाद मामले की जानकारी बालोद थाने में दी गई और ट्रक छोड़ के भाग रहे ट्रक चालक को खेत में जा कर पकड़ा गया। मामले में बालोद थाने में अपराध दर्ज किया गया।जिसके बाद ट्रक मालिक ने ट्रक छुड़वाने के लिए अपने अधिवक्ता के माध्यम से ट्रक सुपुर्दगी के लिए सीजेएम कोर्ट में आवेदन लगाया। जिसके जवाब में पीड़ित सुप्रीत शर्मा ने अपने अधिवक्ता धीरज उपाध्याय के माध्यम से सुपुर्दगी न देने पर आपत्ति आवेदन लगा कर न्यायालय को बताया कि उस दिन की घटना में उसकी जान भी चले जाती, वही ट्रक मालिक ने धमकाया कि जो करना है कर लो, 2 दिन में ट्रक छुड़वा लेंगे। साथ ही ट्रक के फिटनेस और अन्य कागजों पर सन्देह जाहिर किया ।जिसके बाद माननीय न्यायालय सीजेएम संजय कुमार सोनी ने ट्रक सुपुर्दगी के आवेदन को खारिज कर दिया। जहां माननीय न्यायालय की आम जनता ने तारीफकरते हुए कहा कि आयरन ओर से भरी ट्रकों के कारण कई बार घटना हुई है और कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। न्यायालय द्वारा ये निर्णय दे कर लापवाही पूर्वक ट्रक चलाने वाले लोगों को एक सबक मिलेगा। जो ये सोचते है कि दुर्घटना के बाद आसानी से न्यायालय से ट्रक छुड़वा लेंगे। वही कई लोगों ने कहा कि ऐसे ट्रकों को सड़कों पर चलने की अनुमति भी नहीं मिलनी चाहिए।

प्रीमियर शराब दुकान का विरोध, बिगड़ी कानून व्यवस्था, सफाई मे लापरवाही को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

■ कलेक्टर के नही मिलने से दरवाजे पर धरने पर बैठी विधायक को समझाइश के बाद बुलाया

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर मे नई प्रीमियर शराब दुकान , जिले मे बिगड़ी कानून व्यवस्था,शहर मे सफाई व्यवस्था मे पालिका प्रशासन की लापरवाही को लेकर जागी कांग्रेस ने जिला कार्यालय पहुँच कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को ज्ञापन सौंप त्वरित कार्यवाही किए जाने की मांग की । जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे , विधायक यशोदा वर्मा की अगुवाई मे कलेक्ट्रेट पहुँचे कांग्रेसियों ने चार सुत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते , न्यायालय के सामने खुले प्रीमियर शराब दुकान के संचालन पर कड़ा विरोध दर्ज कराते कहा कि राजनांदगांव कवर्धा मार्ग पर सिविललाइन मे न्यायालय परिसर, अस्पताल, लोनिवि के विश्राम गृह सहित नवनिर्मित अटल चौक के पास प्रीमियम शराब दुकान का अनुचित ढंग से संचालित किया जा रहा है । शराब दुकान के बाजू मे बैंक का संचालन होना है जहाँ रोजाना सैंकड़ों पुरूष एवं महिला खातेदारो की उपस्थिति होगी । अटल उद्यान भी करीब है ऐसे मे संवेदनशील एवं सार्वजनिक जगह पर प्रीमियम शराब दुकान का संचालन जनभावनाओ के विपरीत है । और वातावरण को दुषित करने वाला है । कांग्रेस ने प्रीमियम शराब दुकान को तत्काल बंद करने की मांग की ।

कांग्रेसियों ने गणेश विसर्जन के दौरान बिगड़ी कानून व्यवस्था पर भी रोष जताते युवक की हत्या को प्रशासनिक लापरवाही बताते असुरक्षा और भय के वातावरण को दूर करने दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, गातापार जंगल थाना क्षेत्र मे सोने से भरे वाहन को जप्त करने की बजाय छोडने पर संबंधितो और दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने, पुलिस विभाग के भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराने, शहर मे नगरपालिका की लापरवाही से बढ़ रहे डायरिया पर शहर मे पेयजल, सफाई व्यवस्था सुधारने, स्वास्थ्य सेवाओ मे उदासीनता को दूर करने, पालिका अधिकारियो पर कार्यवाही कर शहर मे सफाई, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओ को सुधारने कड़े कदम उठाए जाने की मांग की । इस दौरान नपाउपाध्यक्ष रज्जाक खान, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, निलांबर वर्मा, रविन्द्र सिंह, पूरन सारथी, पार्षद दीपक देवांगन, पुरूषोत्तम वर्मा, दीलिप लहरे, डा अरूण भारद्वाज सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी मौजूद रहे ।

मुलाकात नही तो विधायक दरवाजे पर बैठी

जनदर्शन के दौरान कलेक्टर से मिलने पहुँचे विधायक सहित कांग्रेसियो को कलेक्टर से मिलने का समय नही मिलने पर नाराज विधायक यशोदा वर्मा कांग्रेसियो के साथ कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर ही धरने पर बैठ गई । इसके बाद प्रशासनिक अफरातफरी मच गई । मामले की जानकारी होने के बाद जनदर्शन ले रहे कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने एसडीएम टंकेश्वर साहू को बाहर भेज विधायक सहित उनके प्रतिनिधियो को चेंबर मे बुलाया और उनकी समस्या, शिकायतों को सुन ज्ञापन लिया और कार्यवाही के निर्देश भी दिए ।

खबर का असर

दो माह से वेतन के लिए जूझ रहे पालिका कर्मियों का वेतन देने शासन से मिले 33 लाख

एक माह के वेतन का भुगतान आज

खैरागढ़/नवप्रदेश। राजस्व वसूली मे कमी के चलते पिछले दो माह से वेतन के लिए जूझ रहे पालिका कर्मियों को आज एक माह के वेतन का भुगतान होगा । वेतन के लाले खबर के बाद राज्य शासन स्तर से पालिका कर्मियों को वेतन भुगतान करने 33 लाख रू की स्वीकृति मिली है । राशि भी पालिका मे पहुँच गई । इसके बाद कर्मियों के अटके वेतन बनाने की कवायद शुरू कर इसे तैयार कर लिया गया । आज कर्मियों को जूलाई माह के वेतन का भुगतान किया जाएगा । पालिका मे राजस्व वसूली कमजोर होने के चलते पर्याप्त राशि नही होने के कारण अधिकारी कर्मचारी दो माह से बिना वेतन के हलाकान थे । नियमित कर्मियों के साथ साथ प्लेसमेंट कर्मियों को भी वेतन नही मिल पाया है । इसमे कार्यालयीन कार्य करने वालो के साथ साथ सफाई, नल, जल, विद्यूत विभाग मे भी कार्य करने वाले नियमित और संविदा कर्मी शामिल है । मामले मे शुक्रवार को खबर का प्रकाशन किया गया था । जिसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने वेतन की कमी के चलते पालिका को फिलहाल 33 लाख रू की राशि मुहैया कराई है ।

एक माह का वेतन मिलेगा दूसरे की भी तैयारी

पालिका कर्मियों के खाते मे आज एक माह की राशि डाली जाएगी । पालिका मे नियमित कर्मचारियो के वेतन के लिए पालिका को हर माह 12 लाख रू से अधिक के फंड की जरूरत पड़ती है । तो दूसरी ओर संविदा और प्लेसमेंट कर्मियों के वेतन के लिए भी लगभग 9 लाख रू हर माह लगते है । ऐसे मे हर माह के वेतन मे पालिका को लगभग 19 लाख रू की जरूरत होती है । शासन स्तर से वेतन के लिए मिली 33 लाख रू की राशि मे दो माह का वेतन एकसाथ देना संभव नही है इसके चलते फिलहाल एक माह का वेतन तैयार किया गया है । सप्ताह भर बाद राजस्व वसूली सहित अन्य करो की अदायगी की राशि आने पर दूसरे माह का वेतन भी दिए जाने की तैयारी है । अटका वेतन मिलने से अधिकारियो कर्मचारियो ने राहत की सांस ली है ।

रश्मिदेवी महाविद्यालय मे शिविर 70 छात्र छात्राओ ने किया रक्तदान

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के रानी रश्मि देवी सिंह महाविद्यालय एवं नवीन कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर मे 70 छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया । मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में छात्र-छात्राओं का 70 यूनिट ब्लड जरूरतमंदो के लिए ब्लड बैंक में जमा कराया गया।

शेष खबरो के लिए

पड़ोसी देशों में तख्ता ...

अमित शाह ने राष्ट्रीय जाँच एजेंसी, सीमा सुरक्षा बल और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद और सामान्य आपराधिक गतिविधियों से निपटने के लिए भी अलग-अलग एसओपी तैयार करने को कहा है।

वक्फकानून पर बड़ा...

संवैधानिकता के पक्ष में होती है ?और हस्तक्षेप केवल दुर्लभतम मामलों में ही किया जाता है।

वक्फ प्रावधानों पर रोक लगाने से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के उस प्रावधान पर रोक लगा दी है जिसके तहत वक्फबनाने के लिए किसी व्यक्ति को 5 साल तक इस्लाम का अनुयायी होना ज़रूरी था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह प्रावधान तब तक स्थगित रहेगा जब तक यह तय करने के लिए नियम नहीं बन जाते कि कोई व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के सभी प्रावधानों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, कोर्ट का कहना है कि कुछ धाराओं को संरक्षण की ज़रूरत है।

कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने क्या कहा

कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कोर्ट के फैसले पर कहा कि यह वाकई एक अच्छा फ़ैसला है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की साज़िश और इरादों पर लगाम लगा दी है। ज़मीन दान करने वाले लोग इस बात से डरे हुए थे कि सरकार उनकी ज़मीन हड़पने की कोशिश करेगी। यह उनके लिए राहत की बात है।।।सरकार कैसे तय करेगी कि कौन 5 साल से धर्म का पालन कर रहा है? यह आस्था का मामला है।।। सरकार ने इन सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है। हम लड़ाई जारी रखेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर क्या कुछ बोले वकील-एडवोकेट अनस तनवीर (वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता) ने कहा, ÷सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार पाया है कि कुछ प्रावधानों पर रोक लगाने का प्रथम दृष्टया मामला बनता है। उन्होंने सभी प्रावधानों या पूरे अधिनियम पर रोक नहीं लगाई है लेकिन कुछ प्रावधानों पर रोक लगाई है, जैसे कि वह प्रावधान जिसमें कहा गया था कि आपको 5 साल तक मुस्लिम होना चाहिए, उस पर रोक लगाई गई है क्योंकि यह निर्धारित करने का कोई तंत्र नहीं है कि कोई व्यक्ति 5 साल से मुस्लिम है या नहीं।।। जहां तक गैर-मुस्लिम सदस्यों का सवाल है, अदालत ने कहा है कि वक्फबोर्ड में, यह 3 से अधिक नहीं हो सकता और धारा 9 में 4 से अधिक नहीं हो सकता है और पंजीकरण पर, अदालत ने स्पष्ट रूप से समय सीमा बढ़ा दी है लेकिन प्रावधान पर रोक नहीं लगाई है।

एसआईआर पर जो भी...

एडीआर ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग को कानून के तहत ही सुना जाना चाहिए और उनके अनुसार, प्रारंभिक आंकड़ों में 7।89 करोड़ मतदाता थे, जिनमें से 4।96 करोड़ स्वतः ही ड्राफ्ट रोल में शामिल हो गए। अनुमान है कि 6।84 करोड़ मतदाताओं के पास आधार है।

कई लोग अधिकार से वंचित

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ÷जब यह संदेह की अवधि समाप्त हो जाएगी, तब सारी जानकारी भी बिल्कुल साफ हो जाएगी÷ उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों को सूची से बाहर किया जा रहा है, वे केवल दस्तावेज़ों की अनुपस्थिति के कारण बाहर हो रहे हैं। उन्होंने सभी पक्षों को अपने तर्कों का सारांश तैयार करने को कहा और बताया कि अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी।

आधार की वैधता पर बहस

वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने आधार को पहचान के लिए अयोग्य बताते हुए कहा कि यह नागरिकता, उम्र या निवास का प्रमाण नहीं है। उन्होंने आधार को 12वें दस्तावेज़ के रूप में मान्यता देने के आदेश को वापस लेने की मांग की। इस पर जस्टिस बागची ने पूछा, ÷तो क्या पैन रिकॉर्ड आधार से अधिक प्रासंगिक है?÷ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि अंतरिम व्यवस्था के तहत आधार को शामिल किया गया है, लेकिन सभी पक्षों की बात सुनी जाएगी।

वंचित वर्ग के उत्थान और ...

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर-घर में शौचालय निर्माण को बढ़ावा देकर बेटियों और महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किया है। आज स्वच्छ भारत मिशन एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जनधन योजना के माध्यम से आम नागरिकों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है और विभिन्न योजनाओं का लाभ अब सीधे डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों तक पहुँच रहा है। इस व्यवस्था ने बिचौलियों की भूमिका समाप्त की है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों को पुनः रेडी-टू-ईट कार्य का जिम्मा सौंपा है, जिससे महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

चैतन्य की कोर्ट में पेशी ...

रिज़वी ने बताया कि ईओडब्ल्यू ने पूछताछ के लिए आवेदन किया था, जिसके तहत 12 और 13 सितंबर को पूछताछ की अनुमति मिली थी। चैतन्य ने गिरफ्तारी की आशंका के चलते हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने लोअर कोर्ट में जमानत पर सुनवाई होने तक प्रोडक्शन वारंट स्थगित करने का निर्देश दिया था। ईडी के मामले में चैतन्य अभी ज्यूडिशियल रिमांड पर हैं। सेशन कोर्ट में अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी, जबकि हाईकोर्ट में उनकी गिरफ्तारी से जुड़े मामले की सुनवाई 19 सितंबर को होगी। चैतन्य के खिलाफ शराब घोटाला, कोल लेवी, महादेव सट्टा ऐप और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर आरोपों की जांच जारी है।

न्यूज गैलरी

अंकिता देशमुख को मिली पीएचडी की उपाधि

भिलाई। पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा अंकिता देशमुख को वाणिज्य संकाय के अंतर्गत पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनके शोध का विषय ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ वेरियस एंप्लायमेंट स्कीम फॉर वुमेन इन दुर्ग डिविजन ऑफ छत्तीसगढ़ था। उन्होंने अपना शोध कार्य महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज रायपुर की प्राध्यापिका डॉ. प्राची के निर्देशन में पूरा किया। शोध के दौरान उन्होंने दुर्ग संभाग के बालोद, बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव और कवर्धा जिले की महिला समूहों और संगठनों से जुड़ी महिलाओं से संपर्क कर जानकारी हासिल की। बाह्य परीक्षक के रूप में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन मध्यप्रदेश के डीन ऑफ कॉमर्स डॉ. शैलेन्द्र भरल थे। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय देवकर में कॉमर्स लेक्चरर के रूप में कार्यरत अंकिता पत्रकार सहदेव देशमुख और शास. हाईस्कूल झाड़मोखली पाटन में लेक्चरर संस्कृत डॉ. सत्यभामा देशमुख की पुत्री हैं।

केरल कल्चरल एसोसिएशन ने मनाया ओणम का पर्व

भिलाई। केरल कल्चरल एसोसिएशन (केसीए) ने 14 सितंबर को नालंदा स्कूल परिसर में ओणम का जीवंत उत्सव बड़े उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में मलयाली समुदाय और उनके शुभचिंतक एकता, परंपरा और उत्सव की भावना में एक साथ आए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेंट थॉमस मिशन के कोषाध्यक्ष फादर थॉमस रामबन उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में केरल समाजम दुर्ग के अध्यक्ष वीके मोहम्मद, एसएनजीडीएस अध्यक्ष वी.के. बाबू, अयप्पा सेवा संगम अध्यक्ष ई.के.एस. नायर और बीएनएस अध्यक्ष मधु पिल्लई शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत केरल के महान राजा महाबली के भव्य प्रवेश के साथ हुई, उनके साथ केसीए समिति के सदस्य भी थे। समानता और समृद्धि के प्रतीक महाबली की उपस्थिति का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्होंने उपस्थित जनसमूह को अपना आशीर्वाद दिया। इस दिन केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले पारंपरिक नृत्य और संगीत सहित कई जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समुदाय की प्रतिभाओं और उपलब्धियों को सम्मानित और प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न केवल केरल की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को उजागर किया, बल्कि समुदाय के सदस्यों के बीच एकता के बंधन को भी मजबूत किया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने मांगी इच्छा मृत्यु

29 वें दिन भी जारी रही हड़ताल, शुरू किया हस्ताक्षर अभियान, राज्यपाल को भेजेंगे इच्छा मृत्यु का पत्र

दुर्ग/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पूरे प्रदेश में चल रही है। शासन स्तर पर अधिकारियों से बातचीत के कई दौर के बावजूद अभी तक मांगों को लेकर कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

आक्रोशित संविदा कर्मचारियों ने अब शासन-प्रशासन की उपेक्षा और दमनकारी नीतियों के विरोध में राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की गुहार लगाने की तैयारी कर ली है। इसके लिये संविदा कर्मचारियों ने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है।

संगठन के दुर्ग जिलाध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि शासन-प्रशासन और एनएचएम कर्मचारियों के बीच कई बार चर्चा के बावजूद कर्मचारियों की समस्या का समाधान न होने के कारण आंदोलन लगातार 29 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान 25 से ज्यादा संगठन पदाधिकारियों को सेवा से पृथक किया जा चुका है। शासन द्वारा सभी संविदा कर्मचारियों को दोबारा चेतावनी पत्र जारी कर हड़ताल समाप्त करने कहा गया है। हड़ताल समाप्त न होने पर बर्खास्तगी की चेतावनी दी गई है।

सरकार का कहना है कि संविदा

कर्मचारियों की पांच मांगे मान ली गई है, जबकि हड़ताली एनएचएम कर्मचारी उन पांच मांगों से संबंधित आदेश मांग रहे हैं जिसमें लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि भी शामिल है। कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी ने बताया कि आज सभी 33 जिलों में धरना देने आए कर्मचारियों ने इच्छामृत्यु के पत्र पर हस्ताक्षर कर जमा करना शुरू कर दिया है। ये सभी पत्र राज्यपाल को भेजे जाएंगे।

हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि आंदोलन के 29 वें दिन भारी बारिश के बावजूद धरना स्थल पर संविदा कर्मचारियों की भीड़ रही। सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ कोई भी संविदा कर्मचारी झुकने को तैयार नही है। बर्खास्तगी की चेतावनी से संबंधित पत्र के विरोध में अब राज्यपाल को इच्छा मृत्यु के लिये आवेदन दिया जाएगा।

उपाध्यक्ष दिव्या लाल ने बताया कि उनके कैडर के नीचे स्तर के कर्मचारी का वेतन 8800 रुपये है। पीएफ काटने के बाद 7 हजार रुपए मिलते हैं। महंगाई में इतने कम वेतन में कैसे घर चलाया जा सकता है। न तो गृह भाड़ा दिया जाता है, न मकान किराया। सरकार को संवेदनशीलता के साथ कर्मचारियों के हित में फैसला करना चाहिए।

सह सचिव चंद्रहास धनकर ने बताया कि हड़ताल के 29 वें दिन संविदा शोषण और हड़ताल के प्रभाव को दर्शाने नाटक का मंचन किया गया। कर्मचारियो की स्थिति अत्यंत दयनीय है। 20 साल की सेवा के बाद पहली बार संविदा कर्मचारी अपने अधिकार के लिए आंदोलन कर रहे हैं। शासन-प्रशासन दमन का सहारा ले रही है।

मध्य लॉक कांग्रेस की बैठक में हंगामा, कार्यकर्ता बोले- कांग्रेस को हराने वालों को बैठक से बाहर निकालो

- बिलासपुर-दुर्ग में कुल 10 लाख की ठगी

दुर्ग/नवप्रदेश। कांग्रेस संगठन के चुनाव के लिये इस समय अलग अलग ब्लाक स्तर पर बैठकों का दौर चल रहा है। दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत पांच ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष तय करने की प्रक्रिया चल रही है। कांग्रेस पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के लिये दावेदारी करने वालों की होड़ मची है। हर ब्लाक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने के लिये दस दस दावेदार सामने आ रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही बैठकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच घमासान शुरू हो गया है। रविवार को मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में कांग्रेसजनों के साथ पूर्व पार्षद मदन जैन के साथ जमकर कहासुनी हुई। मदन जैन बैठक में पहुंचे। मदन जैन ने पर्यवेक्षक सीजू एंथोनी से शिकायत करते हुए कहा कि उन्हें बैठक की सूचना नहीं मिलती है।

मदन जैन के इतना कहते ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता कौशल किशोर सिंह ने मदन जैन को खरीखोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मदन जैन ने भाजपा का साथ देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अरुण वोरा को हराने का काम किया। मध्य ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अलताफ अहमद ने कहा कि पार्षद चुनाव में भी मदन जैन ने कांग्रेस को हराने का काम किया। इसके बाद सभी कांग्रेसजनों ने मदन जैन को खरीखोटी सुनाते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों के खिलाफ भितरघात और खुलाघात करने का आरोप लगाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और संगठन पदाधिकारियों की नाराजगी बढ़ते देख मदन जैन बैठक से चले गए। बाद में पर्यवेक्षक सीजू एंथोनी की मौजूदगी में मध्य ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिये दावेदारों की सूची तैयार की गई। मध्य ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के लिये दस कांग्रेस नेताओं ने दावेदारी की है। इनमें ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अलताफ अहमद, भोला महोबिया, मनदीप सिंह भाटिया सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हैं। पर्यवेक्षक सीजू एंथोनी सभी दावेदारों की सूची के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में चुनाव प्रक्रिया की रिपोर्ट देंगे। इसके बाद ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी।

निवास कहीं, दावेदारी कहीं और, कांग्रेस नेताओं ने पैराशूट उम्मीदवारों की दावेदारी को खारिज करने की मांग की

कई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिये दावेदारी करने की होड़ इस कदर मची है कि कांग्रेस नेताओं को नियम कायदे की जरा भी परवाह नहीं है। कई कांग्रेस नेता जिस ब्लॉक में नहीं रहते, वहां से दावेदारी कर रहे हैं। पार्षद चुनाव के दौरान पैराशूट प्रत्याशियों की तर्ज पर संगठन चुनाव के लिये भी पैराशूट दावेदार अपनी दावेदारी कर रहे हैं। रविवार को पर्यवेक्षक की मौजूदगी में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक में ऐसे ही एक दावेदार का नाम सामने आया है। यहां से मनदीप सिंह भाटिया ने दावेदारी की है। मनदीप भाटिया ने 2019 और 2014 में पार्षद पद का चुनाव किल्ला मंदिर वार्ड 7 से चुनाव लड़ा था। भाटिया पहली बार पार्षद चुने गए। भाटिया 2024 के चुनाव में पराजित हुए। दोनों बार चुनाव के दौरान भाटिया का निवास तमेर पारा वार्ड 30 में था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड 30 में निवास होने के बावजूद भाटिया को वार्ड 7 से टिकट देने का विरोध किया था। कांग्रेस नेताओं पर पैराशूट उम्मीदवार उतारने का आरोप लगाया गया। अब संगठन चुनाव में नया पैराशूट उम्मीदवार का नया एपिसोड शुरू हो गया है। मनदीप भाटिया वर्तमान में शंकर नगर वार्ड में निवास करते हैं। उनका निवास पूर्वी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के क्षेत्र में आता है। भाटिया ने पश्चिम ब्लाक कांग्रेस कमेटी और मध्य ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठकों में अध्यक्ष पद के लिये दावेदारी कर दी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्षद चुनाव में पैराशूट उम्मीदवार उतारने के बाद अब क्या संगठन चुनाव में भी पैराशूट उम्मीदवार उतारे जाएंगे।

सड़क पर लगे पोल पर लगे अवैध बैनर-पोस्टर हटाने आयुक्त ने दिये निर्देश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई जोन क्रमांक-1 के अंतर्गत पाइपलाइन, पार्किंग स्थल, निर्माणाधीन नाला सहित गौठान का निरीक्षण आयुक्त राजीव पाण्डेय ने किया। निगम आयुक्त ने फरीद नगर निजामी चौक का निरीक्षण कर डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन को ठीक करने के निर्देश दिये। सड़क पर कबाड़ का सामान रखने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने कहा गया। आयुक्त ने फरीद नगर और लक्ष्मी नगर में पर्याप्त पेयजल सप्लाई के लिये नई पाइप लाइन बिछाने के कार्य का निरीक्षण भी किया। सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक डिवाइडरों में लगे पोल में राजनितिक, सामाजिक, धार्मिक बैनर-पोस्टर के कारण सड़क दुर्घटना की आशंका रहती है। आयुक्त ने सभी बैनर-पोस्टर को हटाने के निर्देश दिये। नगर निगम भिलाई ने सभी जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों और प्राइवेट एजेंसियों से अपील की है कि शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिये होर्डिंग, बैनर और पोस्टर का उपयोग न करें। महापौर परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है कि जन्मदिन या विशेष समारोह में होर्डिंग, बैनर-पोस्टर नहीं लगाया जाएगा। निगम आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान बैनर पोस्टर और होर्डिंग हटाने की कार्यवाही को अभियान के रूप में चलाने के निर्देश दिये। इन कार्यों में संलग्न एजेंसियों के खिलाफ नगर निगम द्वारा कारवाई की जाएगी ।

लक्ष्मी नगर में रोड किनारे पार्किंग स्थल निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया। चंद्रा मौर्या टाकीज चौक से संजय नगर तालाब तक निर्माणाधीन नाला का निरीक्षण भी किया गया। आयुक्त ने कार्य की समयावधि और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य पूरा करने के निर्देश उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा को दिये। आयुक्त ने कोसा नगर स्थित गौठान में पशुओं के खाने-पीने और चिकित्सा व्यवस्था का अवलोकन किया।

रूआबांधा मार्केट से निगम ने हटाया अतिक्रमण

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर तोड़ू दस्ते ने रूआबांधा सब्जी मार्केट में हो रहे अतिक्रमण को हटा दिया। रिसाली नगर निगम के तोड़ू दस्ता के प्रभारी अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने ईंट से खड़ी की गई दीवार को ढहाया। नागरिकों के अलावा फुटकर व्यापारी को बिना अनुमति निर्माण न करने के लिये आगाह किया गया है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा सोमवार को सुबह रूआबांधा सब्जी मार्केट का निरीक्षण करने पहुंची थी। यहां नवरात्र की तैयारियां चल रही थी। पण्डाल के सामने मजदूर ईंट से दीवार बनाने का कार्य कर रहे थे। निगम की टीम को देखते ही मजदूरों ने काम बंद कर दिया और मौके से चले गए। पतासाजी करने पर खुलासा हुआ कि कुछ लोग खाली जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं। आयुक्त ने तत्काल तोड़-फोड़ विभाग प्रभारी को तलब कर दीवार तोडने के निर्देश दिए। आयुक्त ने मुख्य बाजार और सड़क किनारे दुकान चलाने वाले व्यापारियों को आगाह किया है कि वे समानों को दुकान के सामने सड़क घेरकर न रखें। चेतावनी के बाद भी सामान रखा पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि खाली जमीन देखकर अतिक्रमण न करे। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ निगम सख्ती से कार्यवाही करेगा।

संस्कृति और परंपरा का सम्मान करने का अवसर देता है नुआखाई पर्व : चंद्राकर

- विधायक ललित चंद्राकर नुआखाई जुहार भेंट उत्सव में शामिल हुए

भिलाई/नवप्रदेश। उत्कल गाड़ा समाज द्वारा आयोजित नुआखाई जुहार भेंट उत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने उत्कल समाज के गणमान्यजनों को नुआखाई पर्व की शुभकामनाएं दीं है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरैना शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, रिसाली निगम की महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, सनीर साहू, शुभम वर्मा, पार्वती महानंद, एम लक्ष्मण राव, डी साई, मोहन बघेल, रतन सोना, बी श्रीनिवास, डी बालाजी, पी मधु, परमानंद सहित समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नुआखाई का पर्व हमें नई फसल के लिए आभार व्यक्त करने और समाज के साथ जुडने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व समाज की एकता और सौहार्द्र की भावना को मजबूत करता है। चंद्राकर ने कहा कि नुआखाई ओड़िशा का प्रमुख लोक-पर्व है।

पश्चिम ओड़िशा के सीमावर्ती छत्तीसगढ़ में भी पर्व मनाया जाता है। यह पर्व भाद्रपद शुक्ल पंचमी के दिन मनाया जाता है और इसका शाब्दिक अर्थ है नया खाना। उन्होंने कहा कि नुआखाई के अवसर पर लोग एक-दूसरे के घर आते-जाते हैं और नुआखाई जुहार और भेंट जुहार कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं।

शिवनाथ नदी में डूबकर युवक की मौत

अहिवारा। शिवनाथ नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। अहिवारा क्षेत्र में रविवार को शाम दविंदर सिंह रंधावा (27) अपने तीन दोस्तों के साथ नदी किनारे घूमने गया था। पुल पर खड़े होकर बातचीत के दौरान उसका पैर फिसल गया। वह तेज बहाव में बह गया। दुर्ग-धमधा मुख्य मार्ग स्थित शिवनाथ नदी के छोटे पुल पर यह हादसा हुआ। पुल के नीचे करीब 20 फीट गहरा पानी था। गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। दविंदर अहिवारा वार्ड 11, गुरुद्वारा के पीछे रहता था।

दविंदर के दोस्तों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। एसडीआरएफ को शाम 7 बजे सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। अंधेरे और तेज धारा के कारण रात में रेस्क्यू नहीं किया जा सका।

सोमवार को सुबह एसडीओपी अलेक्जेंडर कीरो की निगरानी में एसडीआरएफ की 15 सदस्यीय टीम ने खोजबीन शुरू की। सुबह करीब 10 बजे दविंदर का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

पीएम आवास : 15 हितग्राहियों को मिला घर

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम में आज प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटन की प्रक्रिया पूरी की गई। नगर निगम के डाटा सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार ने हितग्राहियों के समक्ष लॉटरी निकालकर 15 लाभार्थियों को आवासों का आवंटन किया। इस अवसर पर लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार, सहायक अभियंता संजय ठाकुर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर ने पीएम आवास के लिये चयनित 15 हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन में नया प्रकाश लेकर आई है। अब हर हितग्राही सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से अपने सपनों का घर पा सकेगा। यह सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है।

साइबर ठगी का शिकार हुए दुर्ग निगम के एमआईसी मेंबर

- बिलासपुर-दुर्ग में कुल 10 लाख की ठगी
- ई चालान का मैसेज भेजकर जाल में फंसाया

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ई-चालान के नाम पर साइबर ठगों ने पार्षद और कारोबारी से करीब 10 लाख की ठगी की है। साइबर ठगों ने ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ विभाग के नाम पर नकली ई-चालान लिंक भेजकर खाते से पैसे पार कर दिए। दुर्ग में पार्षद व एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे के मोबाइल पर ई-चालान का लिंक आया। लिंक पर क्लिक करते ही अकाउंट से पैसे कट गए। जिस नंबर से वॉट्सएप में मैसेज आया, उसकी प्रोफाइल में छत्तीसगढ़ पुलिस का लोगो लगा था। परिवहन विभाग ने हाल ही में ठगी के नए तरीके से आगाह करते हुए लोगों को सावधान किया था। दुर्ग जिले के मठपारा वार्ड के पार्षद नरेन्द्र कुमार बंजारे को 9 सितंबर को मोबाइल पर एक मैसेज आया। मैसेज में यातायात नियम तोडने का हवाला देते हुए ई-चालान भरने कहा गया। बंजारे ने जैसे ही लिंक पर क्लिक कर भुगतान करने की कोशिश की, उनके खाते से दो किस्तों में 49,500 और फिर 40,000 रुपए कट गए। ठगी का एहसास होते ही नगर निगम के वित्त प्रभारी नरेन्द्र बंजारे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर एक्सपर्ट रिटायर्ड डीएसपी आरके जोशी ने बताया कि फोन पर ई-चालान के फर्जी लिंक को क्लिक होते ही मोबाइल फोन या कम्प्यूटर को हैक करने वाली एक फाइल डाउनलोड हो जाती है। इससे फोन का नियंत्रण ठगों के हाथ में चला जाता है। साइबर ठग वाहन मालिक के बैंक खातों पर आसानी से डाका डालने में सफल हो जाते हैं। इससे बचने के लिए किसी ई-चालान मैसेज के साथ मिले लिंक को कभी क्लिक नहीं करना चाहिये। अजनबी को ऑनलाइन पैसे का भुगतान नहीं करना चाहिये। अपने खाते से किसी भी लेन-देन से सावधान रहने, किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में पुलिस से शिकायत करने की अपील की गई है।

व्याख्यान... जैसे मां मंदिर का ध्यान रखती हैं वैसे ही अपने शरीर का ध्यान रखो : सौरभ द्विवेदी

लल्लनटॉप शो फेम सौरभ द्विवेदी पहुंचे रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी

भिलाई/नवप्रदेश। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के इंडक्शन प्रोग्राम 'विद्यारंभ' में रविवार को द लल्लनटॉप शो के फाउंडर सौरभ द्विवेदी ने इंडक्शन प्रोग्राम में मौजूद 3 हजार नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद किया। द्विवेदी ने विद्यार्थियों से कहा कि दुनिया को यह कभी तय मत करने दो कि तुम कौन हो। यह तुम्हें तय करना है।

सौरभ ने कहा कि छोटे-छोटे बहाने हम सभी रोज करते हैं। कुछ न करने की वजह हम हमेशा खोजते हैं। सौरभ ने युवाओं को गलतियों से सीखने और गलती करने वाले का कभी मजाक नहीं उड़ाने की भी सीख दी। उन्होंने कहा कि किसी की गलतियों पर न हंसो। जो इंसान खुद पर अपनी नादानियों पर हंस सके, वही मजबूत इंसान माना जाता है।

विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए सौरभ ने युवाओं से कहा कि जीवन में प्रेम से बड़ा कोई भी वरदान नहीं है। सबसे पहला प्रेम अपने शरीर से करो। जैसे हमारी मां मंदिर का खयाल रखती हैं। उसको संवारों, सजाओ, उसकी मजबूती का खयाल रखो। बाजार को यह मत तय करने दो कि फलानी कोल्ड ड्रिंक या एनर्जी ड्रिंक को पीने से तुम मजबूत हो जाओगे। सब लफ्फाजी बातें है। अपने इर्द-गिर्द की सब्जियां खाओ, कसरत करो। एक खेल ऐसा चुनो जो तुम्हारे माथे के पसीने को बहाकर तुम्हारी ऐड़ी तक लेकर जाए। सुंदरता के बाजार के तय किए हुए पैमाने एक तरफ इंस्टाग्राम के सारे फिल्टर्स एक तरफ जब तुम कसरत करोगे और खेल मैदान में पसीना बहाओगी, तब तुम्हारे अंदर जो बुद्धिमत्ता आएगी, उससे आने वाली खूबसूरती सबसे ज्यादा स्थायी होगी।

सौरभ ने कहा कि अपने शरीर, अपने पोषण से प्रेम करने के अलावा आपको सबसे ज्यादा प्रेम अपने माता-पिता से करना है। आपको सफल बनाने उन्होंने अपने सपने और आराम कुर्बान किए, ताकि आप अच्छे से पढ़ सकें। आप छत्तीसगढिया भाषा बोलते हैं तो यह गर्व का विषय है। अपनी पहचान से मत भागना। अगर तुम अपने माता-पिता, अपने शहर का नाम गर्व से नहीं लोगे तो दुनिया तुम्हें गर्व से सम्मान नहीं देगी।

रूंगटा यूनिवर्सिटी का यह इंडक्शन प्रोग्राम 8 दिन चला। इसमें करीब 6 हजार विद्यार्थियों की सहभागिता रही। तीन हजार विद्यार्थी नव-प्रवेशित रहे, जिनको उनके सीनियर छात्रों ने पूरा कैंपस घुमाया।

जामुल पीआईसी की बैठक में 22 प्रस्ताव पारित

जामुल/नवप्रदेश। नगर पालिका जामुल में पीआईसी की बैठक का आयोजन किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के अध्यक्षता में कुल 22 विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से सभी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि नगर पालिका जामुल में पार्षद निधि से 27 लाख रुपये के विकास कार्यों के लिये प्राप्त निविदा दरों को स्वीकृति दी गई है। विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन संधारण, चबूतरा निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बोर खनन, पाइपलाइन विस्तार, सामुदायिक भवन प्रथम तल निर्माण, रोड निर्माण, पेवर ब्लॉक कार्य सौंदर्यीकरण का कार्य जामुल पालिका क्षेत्र में होगा।

इसके अलावा अमृत मिशन अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य, तालाबो को लीज पर देने और सामुदायिक भवन में आंगनबाड़ी संचालन, अटल परिसर में स्थायी विद्युत मीटर लगाने की स्वीकृति दी गई। नॉन मिलेनियम सिटीज अंतर्गत कार्य के लिये 70 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया है। बैठक में पीआईसी प्रभारी अहिल्या वर्मा, खम्हन सिंग ठाकुर, राम दुलार साहू, कविता विश्वाल, शांति टंडन, चुम्मन वर्मा, सीमा यादव सहित उपअभियंतागण केएन ताम्रकार, सचिन भागवत, राजस्व निरीक्षक हरीश साहू, मुख्य सचिव एवं लेखापाल आशा जंघेल, लोक कर्म विभाग के रामू देवांगन, मोहन वर्मा, मेघनाथ सोनी, पुरूषोत्तम सोनी, शिवनंदन देवांगन उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

राजिम वासियों का सपना तीन दिन बाद होगा पूरा

कुरुद/नवप्रदेश। ब्राडगेज रेल लाइन से रायपुर से जुड़ने का राजिम वासियों का सपना तीन दिन बाद साकार होने वाला है। लेकिन कुरुद क्षेत्रवासीयों का ख्वाब अब भी अधूरा ही है। अभनपुर से कुरुद के बीच 22 किलोमीटर तक रेलवे ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया है। अब ओएचई तार और सिग्नल की जांच की जा रही है। लेकिन धमतरी तक पटरी बिछाने का काम कछुवे की चाल से जारी है। मिली जानकारी अनुसार नवा रायपुर से धमतरी तक पटरी बिछाने का काम सालों से चल रहा है। अभनपुर से राजिम तक करीब 67 किलोमीटर बड़ी रेल लाइन बिछाने सहित सभी काम पुरा कर लिया गया हैं। 18 सितम्बर को मुख्यमंत्री इस मार्ग में मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारम्भ करेंगे। लेकिन किसी कारण से अभनपुर से धमतरी तक का काम अपने निर्धारित अविधि में पूरा नहीं किया जा सका है। रेलवे सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्री से कुरुद तक पटरी बिछाने एवं ओएचई तार और सिग्नल का काम तकरीबन पूरा हो चुका है। लेकिन कुरुद से धमतरी के बीच रेल्वे ट्रेक का काम अभी भी जारी है। जिसके चलते इस मार्ग में ट्रेन चलाना फिलहाल संभव नहीं हो पा रहा है। रेल लाइन, विधुतीकरण, स्टेशन आदि काम पुरे होने के बाद कोलकाता से सीआरएस टीम आकर जांच करेगी। इसके बाद रेलवे के सेटी इंजीनियर ट्रायल ट्रेन चलाकर देखेंगे, जांच टीम से हरी झंडी मिलने के बाद ही इस मार्ग में ट्रेन चलाने का रास्ता साफ होगा। तब कहीं जाकर ब्राडगेज ट्रेन में सवार होकर कुरुद से रायपुर-धमतरी जाने का सपना साकार होगा। बताया गया है कि रायपुर-धमतरी के बीच फिलहाल तीन बड़े स्टेशन अभनपुर, कुरूद और धमतरी होंगे, इसके अलावा चटोद, सिर्री, सरसोंपुरी और सांकरा को पैसेंजर हाल्ट बनाया जाएगा। जहाँ ट्रेन कुछ देर के लिए रुकेगी। इस पूरे रुट को नवा रायपुर से जोड़ लंबी दूरी की यात्रा के लिए यात्रियों की पहुंच रायपुर मुख्य स्टेशन तक की जाएगी। अपने गाँव से बैठकर लंबी दूरी की ट्रेन यात्रा करने की उम्मीद पाले क्षेत्रीय लोगों को अभी थोड़ा और इंतज़ार करना होगा।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह संपन्न

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजन समिति के तत्वावधान में 24 अगस्त को हुए खैरागढ जिला स्तरीय 6वीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण ,सम्मान समारोह कार्यक्रम छुईखदान में आयोजित हूआ । कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना ने प्राथमिक स्तर में राजेंद्र रजक, प्राथमिक शाला कांचरी, मिडिल स्तर में कुमकुम, पूर्व माध्यमिक शाला रुसे और हाई/हायर सेकंडरी स्तर में चुम्मन लाल साहू, सेजेस जालबांधा को नकद राशि, मोमेंटो, मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर, तीनों स्तर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9- 9 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया । आयोजन समिति के अध्यक्ष पन्नालाल जंघेल द्वारा स्वागत भाषण महदीप जंघेल ,कौशल सिंह राजपूत द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते इस वर्ष हुए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

छग राज्य ने विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है: विधायक

महासमुंद/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के अंतिम दिन समापन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशेष अतिथि देवीचंद राठी नपा उपाध्यक्ष, सतपाल सिंह पाली अध्यक्ष महाविद्यालय जनभागीदारी समिति, डॉ मंजू शर्मा सदस्य, रीतेश गोलछा सदस्य, सुजाता विश्वनाथन सदस्य, पीयूष साहू पार्षद, रमेश साहू एवं शरद राव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने की। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ प्राध्यापक (हिंदी) प्रतिमा चंद्राकर रहीं।

संस्था प्रमुख डॉ. अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती केवल बीते 25 वर्षों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे राज्य की सामूहिक उपलब्धियों और भविष्य की आकांक्षाओं का प्रतीक है। देवीचंद राठी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती हम सबके लिए आत्ममंथन और नई ऊर्जा का अवसर है। राज्य ने शिक्षा और विकास की दिशा में जो कदम बढ़ाए हैं, उन्हें और आगे ले जाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। वहीं सतपाल सिंह ने कहा कि यह रजत जयंती केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जयंती है। जब समाज और शिक्षा संस्थान मिलकर काम करते हैं तभी विकास का वास्तविक स्वरूप सामने आता है। हमें मिलकर आने वाले 25 वर्षों को स्वर्णिम छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प लेना होगा।

छत्तीसगढ़ की रजत जयंती प्रगति का प्रतीक

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती केवल एक पड़ाव नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक यात्रा और प्रगति का प्रतीक है। 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, संस्कृति और औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आने वाला स्वर्णिम भविष्य तभी संभव है जब हम शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के विकास कार्यों के लिए कहा कि मैं पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और जल्द ही ग्राम परसट्ठी में नवीन महाविद्यालय भवन की नींव रखी जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से राज्य की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही छत्तीसगढ़ की असली ताकत है।

विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया। भाषण प्रतियोगिता में ट्विंकल साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर को प्रथम, हेमलता निषाद बीए तृतीय वर्ष को द्वितीय, शिवानी दवे बीए तृतीय सेमेस्टर को तृतीय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में तोशिका बीए तृतीय वर्ष प्रथम, ऋतु साहू बीए तृतीय वर्ष द्वितीय, श्रद्धा साहू बीएससी तृतीय वर्ष तृतीय, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ग्रुप बी और सी ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें विजयलक्ष्मी साहू, रितु साहू, जिज्ञासा चंद्राकर, हेमलता निषाद, तोशिका सिन्हा, कशिश चंद्राकर, मानसी क्षत्री, माहेनूर खान, अदिति साहू एवं श्रद्धा साहू रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि देवांगन प्रोफेसर अर्थशास्त्र ने किया। आभार प्रदर्शन तरुण कुमार बांधे ने किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस मैथ्यू समाजशास्त्र, आलोक हिरवानी कंप्यूटर साइंस, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, संजय कुमार अंग्रेजी, माधुरी दीवान वाणिज्य, खुशबू ग्रंथपाल, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

परसदा पापरा मार्ग की स्थिति, बारिश के बाद सड़क बन जाती है दलदल

बालोद/नवप्रदेश। बहुत जल्द जगन्नाथपुर क्षेत्र से जुड़े हुए आसपास के गांव को जोड़ने वाली सड़कों की सूरत बदलने जा रही है। जो कि लगभग 5 सालों से जर्जर अवस्था में है। इन प्रमुख मार्गो में जगन्नाथपुर से दरबारी नवागांव डेंगरापार मार्ग और एक जगन्नाथपुर से परसदा होते हुए पापरा पहुंच मार्ग शामिल है। जो खराब होने से लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत होती है। बीते सुशासन तिहार के दौरान इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने आवाज उठाई थी। तो वहीं जनहित के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहने वाली क्षेत्र क्रमांक 1 की जनपद सदस्य दमयंती सुभाष हरदेल ने भी इस पर प्रमुखता से मांग रखते हुए संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखे थे और आवेदन दिए थे। उनका

लगातार जारी प्रयास अब रंग लाया है। उन्होंने नए सिरे से सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण की लगातार मांग की थी। इसी क्रम में विगत दिनों जनपद पंचायत बालोद में हुई बैठक में भी उन्होंने अपनी मांगों को दोहराया। जिस पर पीडब्ल्यूडी की ओर से उन्हें उनकी मांगों पर हुई कार्रवाई से संबंधित दस्तावेज की प्रतिलिपि दिए हैं। जिसमें स्पष्ट किए गए हैं कि जिन जिन सड़कों की मांग उनके द्वारा की गई थी वह स्वीकृत हो गए हैं। इस पर खुशी जाहिर करते हुए जनपद सदस्य श्रीमती हरदेल ने मीडिया से बात साझा करते हुए कहा कि हम जनहित के मुद्दों को लेकर इसी तरह आगे भी प्रयासत रहेंगे। जल्द क्षेत्र की सड़कों का कायाकल्प होगा।

सांकरा ज हायर सेकेंडरी स्कूल का बनेगा नया भवन, कॉलेज को लेकर भी चल रही मांग, सीएम से करेंगे मुलाकात-जनपद सदस्य श्रीमती दमयंती हरदेल ने बताया कि पड़ोसी ग्राम सांकरा ज के लिए नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन की स्वीकृति भी मिल चुकी है। जल्द ही नया भवन बनने वाला है।

इससे सैकड़ो बच्चों को जर्जर भवन से राहत मिलेगी। वर्तमान में स्कूल भवन जर्जर होने से मिडिल स्कूल में दो पाली में कक्षा संचालित हो रही है। वही जनपद सदस्य ने बताया कि जगन्नाथपुर सांकरा में महाविद्यालय खुलवाने को लेकर भी वह लगातार मांग कर रही हैं। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई दफा पत्र भी लिखे हैं तो सुशासन तिहार में भी उन्होंने आवेदन लगाया था। उन्होंने कहा कि इस मसले को लेकर जल्द ही वे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्रत्यक्ष भेंट करने वाली है और उनके कार्यकाल के अंतर्गत ही जगन्नाथपुर सांकरा में कॉलेज खुल जाए इसके लिए भी पूरा प्रयास कर रहे हैं।

मीडिया ने प्रकाशित की थी प्रमुखता से खबरें, जनपद सदस्य ने जताया आभार

वही जगन्नाथपुर से जुड़ने वाली आसपास की ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को लेकर लगातार मीडिया ने भी खबरें प्रकाशित की थी। प्रमुखता से जन समस्याओं को उजागर करते हुए अधिकारियों के संज्ञान में मुद्दे को लाया गया। जिसके बाद प्रशासन ने तत्परता दिखाई और संबंधित कार्यों को बजट में शामिल करवाने के लिए नए सिरे से प्रस्ताव आदि भेजे गए। इसके उपरांत स्वीकृत हुई है।

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने किया पूनम को सम्मानित

महासमुंद/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा महासमुंद की बैठक प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूनम चंद्राकर की उपस्थिति में हुई। जिसमें पूनम चंद्राकर के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर स्वागत व सम्मान किया गया। आगामी माह अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का सम्मेलन करने पर चर्चा की गई। इसमें मुख्यमंत्री सहित समाज के अन्य पदाधिकारी को बुलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं महिलाओं का अतिथियों ने सम्मान किया। इस मौके पर पूनम चंद्राकर ने कहा कि समाज को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सभी को संगठित होना जरूरी है, इसलिए सभी संगठित होकर रहें और अपने उद्देश्य को सफल बनाएं। चंद्रभूषण वर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए सामाजिक एकता पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ सरोज निरंजना चंद्राकर, द्रोण चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, डेविड चंद्राकर, गिरजा चंद्राकर, रमा, सुरेखा, मीणा, तारिणी, शशि, पिंकी, आशा, सती, विनय आदि मौजूद रहे। महिला जिला अध्यक्ष निरंजना ने कहा कि हमारे धार्मिक ग्रंथ सभी के घरों में हैं, जिसे आलमारी में बंद रखा जाता है। ज्यादा समय मोबाइल व्हाट्सएप एवं टीवी में निकाल लेते हैं, ऐसे समय में हमारे समाज की ये महिला-बहनें अपना कीमती समय निकालकर धार्मिक ग्रंथ रामायण का प्रचार कर रही हैं, मैं इन महिलाओं को धन्यवाद देती हूं। छत्तीसगढ़ी व्यंजन को राष्ट्रीय दिल्ली तक राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए अखिल भारतीय जिला अध्यक्ष निरंजना चंद्राकर का सम्मान किया गया। रामायण मंडली की सभी महिलाओं को डायरी, पेन एवं रुमाल देकर सम्मान किया गया।

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का परिचय,प्रशिक्षण वर्ग सपन्न

धरसीवां/नवप्रदेश। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जिला रायपुर ग्रामीण ने अपने कार्यकर्ताओं को दक्ष, अनुशासित, व संगठन का विस्तार करने के उद्देश्य से 13 सितम्बर संध्या 5 बजे से 14 सितम्बर को संध्या 5 बजे तक 1 दिवसीय वर्ग का आयोजन ग्राम तरपोंगी के शिशु मंदिर परिसर में किया, वर्ग पूर्ण आवासीय रहा , इस वर्ग के उद्घाटन सत्र में पूज्य महंत वेदप्रकाश महराज जी एवम् बजरंग दल के प्रांत संयोजक शुभम कुमार नाग, विभाग सहमंत्री रमन नायडू जी,विभाग सहसंयोजक रवि वाधवानी उपस्थित रहें। इस वर्ग में अभनपुर,आरंग, धरसींवा और तिल्दा प्रखण्ड से सैकडो बजरंगी शामिल हुए।प्रातः काल योग,सूर्य नमस्कार,व्यायाम के साथ वर्ग में बौद्धिक सत्र के लिए प्रांत के उपाध्यक्ष श्री सरल मोदी जी उपस्थित रहे, अंतिम सत्र में श्री पुर्णेंद्र सिन्हा जी प्रांत सह मंत्री का ओजस्वी वक्तव्य रहा। इस वर्ग को सपन्न कराने में जिला ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष पंकज ध्रुव जिला मंत्री रामबाबू मंडल जी, जिला संयोजक हितेश साहू, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन, जिला सहमंत्री मिथलेश कुमार वर्मा, रुपनारायण साहू, सहसंयोजक दीपक साहू, सत्संग प्रमुख विमल शुक्ला,सुरक्षा प्रमुख रोहित यादव, गौरक्षा प्रमुख सुदीप साहू,बाबूलाल यादव बलोपासना प्रमुख एवम् सभी बजरंगियों का विशेष सहयोग रहा।

भाजपाइयों ने किया सरोज पांडेय का स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय का स्थानीय बरोंडा चौक में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू के नेतृत्व में भाजपा जनों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। सुश्री पाण्डेय महासमुंद जिले के बागबाहरा घुंचापाली स्थित मां चंडी के दर्शन करने पहुंची थी। बागबाहरा घुंचापाली प्रवास के दौरान स्थानीय बरोंडा चौक में भाजपा जनों ने उनका भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष येतराम साहू के नेतृत्व में प्रमुख रूप से भाजपा नेता महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, शहर मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, रमेश साहू, आनंद साहू, निरंजना शर्मा,सुधा साहू,मीना वर्मा, महिला नेत्री उषा पाल, सीता तोंडेकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। स्वागत पश्चात सुश्री पाण्डेय घुंचापाली मां चंडी दर्शन के लिए रवाना हुए। उनके साथ जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा नेता राहुल चंद्राकर आनंद साहू भी माता के मंदिर पहुँचकर दर्शन पूजन किया।

बिजली कटौती से क्षेत्र के ग्रामीण व किसान बेहाल

खैरागढ़/छूईखदान । जिले के उदयपुर क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीण और किसान परेशान हैं। एक ओर जहां बिजली बिल चार गुना बढ़कर आ रहा है, वहीं दूसरी ओर बिजली की आपूर्ति आधी से भी कम हो रही है। क्षेत्र में लगभग 40 दिनों से बारिश नहीं हुई है, जिससे किसान ट्यूबवेल और नलकूप के सहारे अपनी फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक बिजली बंद रहती है और फिर रात में 11 बजे बिजली देने का दावा किया जाता है।

श्रीराम स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया हिंदी दिवस

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय श्रीराम उच्च प्राथमिक शाला में हिन्दी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था प्रमुख उर्मिला मरकाम ने की। उन्होंने बच्चों को बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया था। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को हिंदी के सम्मान और इसके संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लक्ष्मी मानिकपुरी ने बच्चों को हिंदी भाषा में लेखन एवं पठन में दक्षता लाने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं गीता गोस्वामी ने विद्यार्थियों को अपनी दैनिक जीवनचर्या में हिंदी भाषा का शुद्ध रूप से उपयोग करने की प्रेरणा दी।

शिक्षिका लीनू चंद्राकर ने बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए शाबाशी दी और कहा कि हमें हिन्दी को सम्मान के साथ अपने जीवन की बोलचाल की भाषा बनानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन किशोर देवांगन ने किया, बच्चों ने कविता वाचन, कविता लेखन, स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण, रंगोली प्रतियोगिता तथा समूह नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, गर्व और सम्मान की भावना विकसित करना रहा।

ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव

छुरा/नवप्रदेश। भारत चांद पर मिशन भेजने वाला देश है, जहां विज्ञान और तकनीक ने अभूतपूर्व प्रगति की है। लेकिन दूसरी ओर, देश के ग्रामीण इलाकों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। इसका एक उदाहरण छुरा मुख्यालय से महज 2 किलो मीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत टेगनाबासा के आश्रित ग्राम रावनाभाठा, लालपुर गांव की स्थिति है, जहां 600 की आबादी होने के बावजूद मुक्तिधाम तक नहीं है। बारिश के दिनों में यहां किसी की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार करना भी एक बड़ी चुनौती बन जाता है। रावनाभाठा, लालपुर गांव में जब किसी की मृत्यु होती है, तो बारिश के मौसम में यह प्रक्रिया और भी कष्टदायक हो जाती है। अगर बारिश में किसी की मौत हो जाए, तो ग्रामीणों को सबसे पहले लाश को पानी से बचाने के लिए त्रिपाल का इंतजाम करना पड़ता है। उसके बाद ही अंतिम संस्कार हो पाता है। इसी कड़ी में रावनाभाठा आंगनबाड़ी केंद्र एक में पिछले 10 सालों से एक गोदाम में संचालित हो रहे हैं, जिसमें छोटे छोटे बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उपसरपंच रेखचद साहू, पंच तुलेश साहू, धनीराम ध्रुव, भगवानी ध्रुव, कुमारी बाई साहू, यामिनी यादव, यमुना ध्रुव, कुंती सिन्हा, प्रमिला सिन्हा, देवचरण ध्रुव, रूपेश ध्रुव आदि लोगों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र जहां संचालित हो रहा है वहां न बच्चों के लिए शौचालय की व्यवस्था है। इस तरह से आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है।

कार्यशाला

सेवा पखवाड़ा महाभियान में कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान

महासमुंद/नवप्रदेश। 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक भाजपा वृहद रूप से सेवा पखवाड़ा का आयोजन करने जा रही है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर भाजपा शहर मंडल महासमुंद की कार्यशाला भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, अभियान के मंडल प्रभारी हेमंत तिवारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मंडल महामंत्री द्वय मीना वर्मा, अग्रज शर्मा सहित प्रमुख भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई। सेवा पखवाड़ा अभियान की प्रस्तावना रखते हुए मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने कहा कि आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक भाजपा के सभी कार्यकर्ता समर्पण की भावना से सेवा, स्वच्छता और जनहित के कई कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। भाजपा शहर मंडल सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम प्रभारी एमआर विश्वनाथन, सब प्रभारी सब प्रभारी पीयूष साहू, हिमांशु चंद्राकर नियुक्ति किए गए हैं। शहर मंडल में निवासरत भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा के सभी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एकजुटता से संकल्पित हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से भाजपा के इस महाभियान में जुटने का आह्वान किया। येतराम साहू ने 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर आयोजित स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन सहित अन्य कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा, सेवा के संकल्प के साथ इस अभियान को पूरा करने प्रतिबद्ध है। हेमंत तिवारी ने मोदी के नेतृत्व शैली, उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक वितरण, सांसद खेलकूद, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिवस 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर होने वाले स्वच्छता अभियान में सभी को सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि पूरे देश, प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के आयोजन के साथ बूथों, मंडलों और जिला स्तर पर भी भाजपा समर्पण के साथ सेवा कार्यो का वृहद आयोजन संपन्न करेगी।

रावणभाठा मे होगा रास गरबा का विशाल आयोजन : विधायक इन्द्र साव

❒ रास गरबा स्थल का विधायक इंद्र साव ने किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान पर 3 दिवसीय रास गरबा का आयोजन इस माह की 29 तारीख से प्रारंभ हो रहा है। ÷रंगीला रास गरबा नाईट÷ के तत्वावधान में पहली बार होने जा रहे इस आयोजन के स्थल का निरीक्षण विधायक इंद्र साव ने किया और उन्होंने सुरक्षा और लाइटिंग व्यवस्था पर ज्यादा जोर देते हुए इसे ओर विशेष ध्यान देने का आयोजकों से आग्रह किया। नगर की सामाजिक संस्था ÷रंगीला रास गरबा नाईट÷ के तत्वाधान में इस बार दशहरा के अवसर पर नगर की महिलाओ बच्चियों के लिए रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान पर 3 दिवसीय रास गरबा का आयोजन इस माह की 29 ,30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को भव्य रूप से होने जा रहा है, इस आयोजन को लेकर महिलाओं और लड़कियों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है, और हथनीपारा स्थित नवधा रामायण मंडप पर सायं सात बजे से रोजाना हो रही प्रैक्टिस में भाग ले रही है।आयोजक मंडल के निवेदन पर विधायक इंद्र साव ने शनिवार को आयोजन स्थल रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान पर पहुंच कर आयोजकों से चर्चा की।

जी.एन.ए. महाविद्यालय में प्रोग्रामर्स डे का आयोजित

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में पीजीडीसीए विभाग द्वारा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए प्रोग्रामर्स डे का आयोजन किया गया। प्रोग्रामर्स डे पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज ने कहा यह दिन प्रोग्रामर्स को समर्पित है क्योंकि प्रोग्रामर्स किसी साफ्टवेयर को तैयार करने अहम भूमिका निभाते है। उक्त अवसर पर पीजीडीसीए के विद्यार्थियों द्वारा विविध कार्यक्रम संपन्न किये गये। कार्यक्रम में विशेष रूप में जितेन्द्र यादव, सहायक प्राध्यापक, शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय बीरगांव, रायपुर उपस्थित रहें।

पशु चिकित्सालय सात दिनों से बंद, इलाज के लिए किसान दर-दर भटकने को मजबूर

डौंडी/नवप्रदेश/नवप्रदेश। डौंडी स्थित शासकीय पशु चिकित्सालय में बीते एक सप्ताह से ताला लटका हुआ है, जिससे पशुधन पालकों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो चिकित्सालय में कोई डॉक्टर पदस्थ है और न ही कोई सहायक कर्मचारी। ऐसी स्थिति में पशुओं के इलाज के लिए किसान निजी मेडिकल दुकानों की दवाइयों पर निर्भर हो गए हैं।

वर्तमान में इस चिकित्सालय में ना डॉक्टर, ना सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, ना ड्रेसर, ना चित्रक अधिकारी और ना ही पशु परिचारक पदस्थ हैं। यहां तक कि भवन पर चस्पा मोबाइल नंबर भी एक ऐसे चिकित्सक का है जो महीनों पहले

रिटायर हो चुके हैं। इसके चलते आपात स्थिति में आने वाले पशुपालकों को बैरंग लौटना पड़ रहा है।

डिप्टी डायरेक्टर का जवाब

दूरभाष पर पूछे जाने पर डिप्टी डायरेक्टर मंडावी ने बताया कि 15 सितंबर को कांकेर से एक डॉक्टर की पदस्थापना की जाएगी। हालांकि अन्य स्टाफ की तैनाती पर उन्होंने असमर्थता जताई और कहा कि नियुक्ति उनके हाथ में नहीं है। स्टाफकी भारी कमी पर उन्होंने मीडिया से कलम चलाने की अपील की।

किसानों की चुप्पी, सिस्टम की कमजोरी

यह समस्या केवल कुछ किसानों तक सीमित नहीं है। डौंडी क्षेत्र में पशुधन पर निर्भर सैकड़ों परिवार हैं जो इस सेवा का इंतजार कर रहे हैं। विभागीय लापरवाही और स्टाफ की कमी ने पशुपालकों को निजी विकल्पों की ओर धकेल दिया है, जहां महंगा इलाज और ठगी का डर बना रहता है।

स्थानीय निवासी कलीराम धनकर और भुनेश्वर मानकर ने आरोप लगाया है कि जब विभाग खुला भी रहता है, तब भी कर्मचारियों द्वारा बाहरी मेडिकल स्टोर्स से दवाइयां मंगवाकर इलाज किया जाता है। किसान मजबूरी में महंगी दवाएं खरीदते हैं और दक्षिणा के नाम पर भुगतान भी करते हैं। कुछ दिन पहले वाल्मिक ने अपने डॉग के लिए निजी मेडिकल से मेसेसिन खरीदकर लाए तब जाकर डॉग को इंजेक्शन लगाया गया। सवाल यह उठ रहा क्या पशुचिकित्सालय में दवाइयां अनुपलब्ध हो गई है। या फिर करा दी गई है।

ग्रामीणों की बढ़ती परेशानी

छिंदगांव निवासी लक्ष्मीनारायण अपनी गाय का गर्भाधान करवाने आए थे, लेकिन चिकित्सालय बंद होने से लौट गए। उनका कहना है कि यदि गाय अधिक समय तक गर्म रहती है तो उसकी जान को खतरा हो सकता है। डौंडी वार्ड क्रमांक 4 निवासी कलीराम धनकर अपनी 41 भेड़ों का इलाज कराने आए, लेकिन बंद गेट देखकर उन्हें भी लौटना पड़ा। बंधियापारा के छह रावटे परिवार अपने बैलों को लेकर, और छिंदगांव के मानसिंह हल्बा घायल बछड़े को लेकर आए, लेकिन किसी को भी इलाज नहीं मिल सका।

खम्हरिया स्कूल में गणवेश का द्वितीय सेट विद्यार्थियों को दिया

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रारंभिक शिक्षा के लोक व्यापीकरण और शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पहली से आठवीं कक्षा तक के सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस दो सेट प्रदान करती है। यह योजना समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कार्यान्वित की जाती है और यह सुनिश्चित करती है कि सभी पात्र छात्र-छात्राओं को गणवेश मिल सके। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को दो चरणों में निशुल्क गणवेश प्रदाय किया जाता है इसके तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया में गणवेश का द्वितीय सेट विद्यार्थियों को वितरीत किया गया । इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष चेतन कुमार साहू, सरपंच परस राम यदु, पंच सह सदस्य बलराम सोनवानी तथा विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे ।

धूप-छांव का खेल जारी, पूरा सावन और भादो इस बार बिन बारिश के गुजरा

कम बारिश के कारण खेतों में पड़ने लगे दरारें 2015 के बाद इस साल सबसे कम बारिश

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में इस मानसून सीजन में अब तक मात्र 717.8 मिमी औसत बारिश ही हुई है। जो पिछले 13 सालों में सबसे कम का आंकड़ा है। 2013 से लेकर 2025 के बीच वर्ष 2015 में सबसे कम बारिश 763.4 मिमी (15 सितंबर तक) हुई थी। जिले में पूरी तरह से बारिश के पानी पर आश्रित धान की फसल लेने वाले किसानों को अब फसल की चिंता सता रही है।

बता दें कि एक जून से अभी तक जिले में कुल 717.8 मिमी बारिश हुई है। जो सालभर की संभावित बारिश का 72 प्रतिशत है। जिसमें पिथौरा में सबसे अधिक 937 मिमी, सरायपाली में 757.3, कोमाखान में 698.6, बसना में 660, बागबाहरा में 659.7 और सबसे कम महासमुंद तहसील में 593.9 मिमी बारिश ही हुई है।

पिछले 24 घंटे में केवल महासमुंद में 2.0 मिमी बारिश हुई है और शेष तहसीलों में सूखा रहा। आज सुबह जिला मुख्यालय में बारिश हुई और सुबह से ही धूप-छांव का खेल जारी है। बारिश के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2015 के बाद इस साल आज तक की स्थिति में सबसे कम बारिश हुई है। बारिश कम होने से जिले में सूखे की संभावना बढ़ सकती है। यही स्थिति रही तो बारिश के पानी पर निर्भर धान की फसल पर बुरा असर पड़ेगा और इसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। पूरा सावन और भादो इस बार बिन बारिश के गुजरा अब क्वांर में बारिश नहीं हो रही है। मालूम हो कि इस साल जून में सामान्य बारिश हुई, तो जुलाई में कम बारिश दर्ज की गई। वहीं, अगस्त माह के शुरूआत दिनों में सामान्य से अधिक हुई। बाद बारिश लगातार घटती गई और अब यह 15 फीसदी तक घट चुकी है। वहीं सितंबर के अंतिम सप्ताह से मानसून की वापसी शुरू हो जाती है। हालांकि, बीते चार साल से सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश हुई। लेकिन, इस बार सामान्य से कम बारिश का अनुमान है।

कोडार से पिछले 39 दिनों से दिया जा रहा पानी

सावन में बारिश कम होने और धान फसल के लिए पानी की आवश्यकता को देखते हुए किसानों की मांग पर 8 अगस्त से कोडार से नहर के दोनों छोर आरबीसी से हर रोज 140 क्यूसिक और एलबीसी से 317 क्यूसिक पानी लगातार छोड़ा जा रहा है। कोडार में अब 17.30 फीट पानी शेष है। मालूम हो कि कोडार से लगभग 50 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है।

पिछले 13 सालों के बारिश के आंकड़े

जानकारी के अनुसार आज 15 सितंबर की स्थिति में जिले में 717.8 मिमी बारिश हुई है। पिछले सालों में हुई बारिश के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2024 में 851.3 मिमी, 2023 में 943.5, 2022 में 1068.3, 2021 में 853.9, 2020 में 1190.3, 2019 में 1036.8, 2018 में 1005.6, 2017 में 806.6, 2016 में 828.3, 2015 में 763.4, 2014 में 1303 और 2013 में 1104.1 मिमी बारिश हुई है। यानि पिछले 13 सालों में वर्ष 2014 में सबसे अधिक और इस साल सबसे कम बारिश दर्ज की गई है।

कोपरा में दुकान पर आधी रात चोर का धावा, सीसीटीवी में कैद

■ नकाबपोश चोर नकदी और सामान पर हाथ साफ

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। नगर पंचायत कोपरा के गांधी चौक क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। पुराना पंचायत भवन के पास स्थित किराना व्यापारी दिनेश साहू की दुकान में आधी रात करीब 1 से 2 बजे के बीच चोरी हुई। नकाबपोश दो युवकों ने गल्ले से 5 हज़ार रुपए नकद और कुछ किराना सामग्री चोरी कर फरार हो गए। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिख रहा है कि दोनों आरोपी युवक नकाब पहने गांधी चौक की ओर से दुकान के पास आते हैं। इनमें से एक युवक काले कपड़े और जींस, जबकि दूसरा नीली जींस और हल्के हरे रंग की शर्ट पहने हुए है। दोनों की उम्र कम बताई जा रही है। चोरों ने न सिर्फकिराना दुकान में चोरी की, बल्कि पास ही स्थित गोपू बेकरी एवं किराना दुकान में भी हाथ आज़माने की कोशिश की। हालांकि यहां वे सफल नहीं हो पाए। दुकान का शटर तोड़ने की कोशिश के दौरान ताले को नुकसान पहुंचाया गया और शटर पर खरोंच के निशान मिले हैं।इस वारदात ने नगर के अन्य दुकानदारों की चिंता बढ़ा दी है। व्यापारी अब सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गए हैं।घटना की शिकायत पीड़ित व्यापारी दिनेश साहू ने पांडूका थाना पुलिस में दर्ज करा दी है। स्थानीय नागरिकों ने इस चोरी की जड़ युवाओं में बढ़ती नशाखोरी और अवैध शराब कारोबार को बताया है। नगरवासियों का कहना है कि शाम ढलते ही चौक-चौराहों पर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। लोगों ने प्रशासन से नगर में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हुआ प्रतियोगिताओं का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आनन्द कुमार मिंज के मार्गदर्शन में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, रंगोली, निबन्ध और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ. प्रीति सोनी, डॉ. विकास गुलहरे, डॉ. मनीष कुमार सरवैया, डॉ. राजन तिवारी, डॉ. ऋतम्भरा चैहान, सुश्री इंद्राणी मरकाम ने किया और सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रीति सोनी ने कविता के माध्यम से हिन्दी की उपयोगिता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. विकास गुलहरे ने प्रेरणादायक गीत के माध्यम से साहित्य में छुपे मर्म को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। डॉ. राजन तिवारी जी ने हिन्दी की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए साहित्य को जीवन में सुचारु रूप से जीने की कला सीखने की प्रेरणा प्राप्त करने को कहा। कार्यक्रम में डॉ.योगमाया उपाध्याय,डॉ. सुषमा कुमारी, पूजा गुप्ता, ईश्वर अनन्त, हरिहर खाण्डे, खिलौना कनौजे, राजू बरेठ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. दीपेश मिश्र ने और आभार प्रदर्शन डॉ. मनीष कुमार ने किया।

मछुआरा सहकारी समिति ने जताया सीएम का आभार

धमतरी/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा भूपेश सरकार के समय से चले आ रहे मछुआरा ठेका को निरस्त किए जाने के फैसले का मछुआरा सहकारी समिति ने जोरदार स्वागत किया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए 11 मछुआरा समिति के सदस्य राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से मिले और उनके प्रति आभार प्रकट किया। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के साथ-साथ अरुण साव, विजय शर्मा, मान.श्री रामविचार नेताम तथा धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा का भी आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा -सरकार का यह निर्णय मछुआरों के जीवन में नई रोशनी लाएगा। मुलाक़ात के दौरान समिति के सदस्यों ने कहा कि ठेका प्रथा समाप्त होने से अब मछुआरों को उनके अधिकार मिलेंगे और उनकी मेहनत का सीधा लाभ उन्हें प्राप्त होगा। यह कदम न केवल मछुआरों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाएगा। समिति के सदस्यों ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आने वाले समय में मछुआरों के लिए और भी ऐतिहासिक निर्णय लिए जाएंगे जिससे यह समाज आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेगा।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महापौर ने किया

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व धमतरी नगर निगम महापौर श्री रामू रोहरा ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय मछुआरा समाज के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे हजारों परिवारों को स्थायी आजीविका मिलेगी और उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा।

प्रमुख सदस्य रहे मौजूद : मुलाक़ात में समिति के प्रमुख सदस्य कांता निषाद, बाल मुकुंद नेताम, परमानंद पटेल, कृष्ण कुमार, सुरेश मरकाम, गंगाराम निषाद, प्रेम निषाद, भूषण ध्रूव, मुन्ना कुमार और राम कुमार सहित बड़ी संख्या में मछुआरे मौजूद रहे।

विश्वकर्मा पुजा समारोह सांकरा में 17 को

नगरी/नवप्रदेश। प्रति वर्ष के भांति जय मां दन्तेश्वरी भवन एवं अन्य सन्निमार्ण मजदूर संघ पंजीयन क्रमांक 104190 सांकरा के तत्वाधान में 17 बुधवार को मानस मंच सांकरा मे विश्वकर्मा मूर्ति स्थापना किया जायेगा, संरक्षक तीरथ राम साहू, अध्यक्ष हिरसिंग निषाद, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार साहू, सचिव हेमंत साहू, महामंत्री ईश्वर निषाद, कोषाध्यक्ष परमानंद साहू, सहसचिव खेलन मरकाम,टाकेश नागे, ने बताया 17 को पूजा अर्चना अतिथि उद्बोधन, सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम दुष्यंत हरमुख कृत रंगझरोखा ग्राम सकरोद जिला धमतरी का कार्यक्रम मानस मंच में होना है।

मुक्तिधाम में नवीन शेड निर्माण का नपाध्यक्ष ने किया

महासमुंद/नवप्रदेश। नगरवासियों की अरसे से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए पालिका अध्यक्ष की पहल पर अध्यक्ष निधि से भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में शवदाह हेतु नवीन शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन आज सम्पन्न हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू और वार्ड 29 की पार्षद श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा एवं समस्त पार्षदों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापतिगण एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

इस दौरान अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि मुक्तिधाम में नवीन शेड निर्माण की मांग लम्बे समय से नगरवासियों द्वारा की जा रही थी। हमारी प्राथमिकता है कि नगर की हर मूलभूत आवश्यकता को समय पर पूरा किया जाए। अध्यक्ष निधि से कराए जा रहे इस शेड निर्माण से शोकाकुल परिजनों को वर्षा और धूप से राहत मिलेगी तथा अंतिम संस्कार की प्रक्रिया अधिक सम्मानजनक और व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सकेगी। जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल को जनहित में एक सराहनीय कदम बताया। नगरवासियों ने नगरपालिका परिषद के इस निर्णय का स्वागत करते हुए अध्यक्ष निखिलकांत साहू का आभार व्यक्त किया। सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति जय देवांगन, सभापति गुलशन साहू, सभापति जितेंद्र ध्रुव, सभापति ईश्वरी भोई, शुभ्रा मनीष शर्मा, मुस्ताक खान, राहुल आवड़े, धनेंद्र चंद्राकर, मुन्ना देवार आदि उपस्थित थे।

प्रतिभा के आतिथ्य में गरबा के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

कुरूद/नवप्रदेश। नगर के स्वामी विवेकानंद इंडोर स्टेडियम के सभागार में रास गरबा डांडिया महोत्सव के आठ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ की मुख्य अतिथि प्रतिभा अजय चंद्राकर और और अध्यक्षता नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने की। अतिथियों ने मां अंबे की पूजा अर्चना और दीप प्रज्जवलन कर प्रशिक्षण का आगाज किया। उन्होंने सभी आयोजक मंडल और प्रतिभागियों को गरबा महोत्सव की शुभकामना दी ।

शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल उन्नयन के रास्ते ही होगा सुनहरा कल : अजय

कुरूद/नवप्रदेश। गौरव ग्राम चन्द्रसुर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक अजय चन्द्राकर ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही युवा पीढ़ी को गांव का गौरवशाली इतिहास बताते हुए नशापान और जुआ-सट्टा से दूर रहने की समझाईश दी।

कुरुद विधानसभा के अंतिम भाग में स्थित सेनानी ग्राम चन्द्रसुर में ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित खेल स्पर्धा में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए विधायक अजय चन्द्राकर ने बताया कि इस गाँव की पावन धरा पर पंडित सुन्दर लाल शर्मा जैसी महान विभूति ने जन्म लिया था। जिन्होंने स्वतंत्रता संग्रामएल मे भाग लेकर देश की आजादी में अहम भूमिका अदा की। महात्मा गाँधी ने अपनी किताब में इस बात का उल्लेख कर पंडित जी से प्रेरणा पाने की बात कही है। श्री चन्द्राकर ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं ऐसे महान क्रांतिकारी के जन्मभूमि में खड़ा हूँ। युवा पीढ़ी को उनके आदर्श पर चलते हुए नशापान और जुआ सट्टा से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यअतिथि ने प्रतिभागी खिलाड़ियों से कहा कि युवाओं की भूमिका सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहे। उन्होंने युवा वर्ग में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए इससे बचने की सलाह दी। साथ ही कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल उन्नयन के रास्ते से ही हम बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं। विधायक ने आयोजन समिति को खेल को बढ़ावा देने के लिए इस प्रयास के लिए बधाई दी।

महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षा हेतु नि :शुल्क कोंचिग

नगरी/नवप्रदेश। हमारा पूरा छत्तीसगढ़ आज रजत जयंती दिवस मना रहा है क्योंकि आज छत्तीसगढ़ को बने 25 वर्ष हो चुके है। छत्तीसगढ़ की स्थापना मध्यप्रदेश राज्य से अलग होकर 01 नवम्बर सन् 2000 को हुई थी। इसी उपलक्ष्य में जिला प्रशासन माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए धमतरी जिला में युवा प्रोग्राम प्रारंभ किया गया है।

पंचायती राज

पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ :- अशोक सिन्हा

धरसीवा जपं की बैठक संपन्न, पंचों के प्रशिक्षण और ग्रामीण विकास पर रहा जोर

धरसीवा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत धरसीवा की एक महत्वपूर्ण बैठक गत दिवस संपन्न हुई। इस बैठक में पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं, नवनियुक्त पंचों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा ग्रामीण विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर गंभीर और सारगर्भित चर्चा की गई। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमंत्रित गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान के अंतर्गत आयोजित नवनियुक्त पंचों का आधारभूत उन्मुखीकरण एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रहा। इस प्रशिक्षण को पंचायत प्रतिनिधियों के लिए बेहद उपयोगी बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि पंच, लोकतंत्र की नींव होते हैं और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की सफलता उनके सक्रिय योगदान पर निर्भर करती है।

प्रशिक्षण के दौरान पंचों को उनकी भूमिका, कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के विषय में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि पंच केवल पंचायत की बैठकों में भाग लेने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों की निगरानी, योजना क्रियान्वयन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बैठक में ग्रामीण स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण विकास तभी संभव है जब पंचायत स्तर पर योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो और प्रत्येक परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अशोक सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है। पंच यदि सजग और जिम्मेदार होंगे तो गाँवों में विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने पंचों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारी को केवल औपचारिकता न समझें, बल्कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान में जुटें।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने पंचों को योजनाओं के तकनीकी पक्ष की जानकारी दी और यह भी बताया कि किस प्रकार केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को ग्राम स्तर पर लागू किया जाता है। विशेषकर ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शुद्ध पेयजल आपूर्ति और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने जैसे मुद्दों पर ठोस सुझाव दिए गए।

जनपद पंचायत के पदाधिकारियों ने बैठक को सफल और सार्थक बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह के प्रशिक्षण और बैठकों से पंचों में जागरूकता आएगी, वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे और आने वाले समय में धरसीवा क्षेत्र की पंचायतें आदर्श रूप में सामने आएंगी। अंत में उपस्थित प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि वे अपने क्षेत्र में विकास योजनाओं को जनता तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और पारदर्शिता के साथ ग्रामीण उत्थान के लिए काम करेंगे।

भालू को कोल्डड्रिंक पिलाने वाला युवक गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। चंडी माता मंदिर के भालू से छेड़छाड़ कर कोल्डड्रिंक पिलाने का वीडियो वायरल होने के मामले में ग्राम मुढ़ी, जिला-बिलासपुर निवासी करण धुरी को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम 1972 की धारा 9, 52, 51 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। बागबाहरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत चण्डीमाता मंदिर के समीप भालू के साथ छेड़छाड़ करते हुए कोल्डड्रिंक पिलाने का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में एक युवक भालू को कोल्डड्रिंक पिलाते दिख रहा है। 12 सितंबर को मामला दर्ज कर युवक की पतासाजी शुरू हुई। अनुविभागीय अधिकारी वन महासमुंद गोविंद सिंह ने बताया कि सूत्रों से जानकारी मिली कि वन्यप्राणी के साथ छेड़छाड़ करने वाला युवक बिलासपुर जिंले के तखतपुर का रहने वाला है। वन परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा लोकनाथ ध्रुव टीम के साथ वहाँ पहुंचे और बिलासपुर वनमंडल के तखतपुर वन परिक्षेत्र की टीम से भी सहयोग लेते हुए करण धुरी (19) को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि युवक ने 4 सितंबर को वीडियो बनाया और उसे वायरल किया था। गोविंद सिंह ने बताया कि किसी भी वन्य प्राणी को कोई भी वस्तु खिलाना या पिलाना अपराध की श्रेणी में आता है। गिरफ्तार युवक ने भालू को कोल्डड्रिंक पिलाना स्वीकार करते हुए कहा कि कुछ लोग भालू को कोल्डड्रिंक पिलाने की कोशिश कर रहे थे।

■ न्यूज गैलरी

खजुराहो के प्राचीन शिल्प में हैं नारी शक्ति के प्रमाण : आचार्य धनंजय शास्त्री

रायपुर/नवप्रदेश। खजुराहो में कम से कम अतिप्राचीन शिल्प ऐसे हैं, जिसमें हमें सदियों पुराने नारी शक्ति के प्रमाण मिलते हैं। एक शिल्प में महिलाओं को घुड़सवारी करते हुए व तलवारबाजी करते हुए दिखाया गया है। इसका आशय यह है कि युद्ध के मैदान पर भी सेनाओं की टुकड़ियों में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती थी। इतिहास में देखें तो रानी लक्ष्मीबाई से लेकर राजमाता अहिल्या बाई तक ऐसे कई उदाहरण भी हैं। महाराष्ट्र मंडल में जारी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान इस आशय की जानकारी आचार्य धनंजय शास्त्री ने दी। आचार्य धनंजय ने कहा कि खजुराहो के एक शिल्प में लड़कियां कक्षा में बैठकर पढ़ रहीं हैं। एक शिल्प पर लड़की दूरबीन से आसमान की ओर से देख रही है। अर्थात सदियों पहले हमारे पास दूरबीन जैसे उपकरण भी थे। यही वजह है कि अंग्रेजों ने खजुराहो की शिल्पकारी को अश्लीलता के नाम पर बदनाम कर रखा है।

हिंदी दिवस पर आयोजित हुआ व्याख्यान एवं काव्य गोष्ठी का कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। हिंदी भाषा के महत्व और उसके गौरव को स्थापित करने के उद्देश्य से कान्यकुब्ज साहित्य परिषद द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर एक भव्य व्याख्यान और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आशीर्वाद भवन के सभागार में संध्या पाँच बजे माँ सरस्वती की वंदना से शुरू हुआ, जिसमें अतिथि वक्ता हिंदी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार, शिक्षाविद गिरीश पंकज ,डॉक्टर सुधीर शर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे जी और हिंदी प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, शशांक शर्मा जी ने अपने उद्बोधन में कहा, हिंदी सिर्फएक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग है। यह हमें हमारी जड़ों से जोड़े रखती है।÷ डॉ. सुधीर शर्मा ने हिंदी के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे यह भाषा विभिन्न बोलियों और संस्कृतियों को अपने में समाहित करती हुई, एक मजबूत राष्ट्रभाषा के रूप में उभरी है।

19 से 21 तक तीन दिवसीय मुद्राशास्त्रीय व डाक टिकट प्रदर्शनी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मुद्राशास्त्रीय एवं डाक टिकट संग्रह सोसायटी द्वारा 19, 20 और 21 सितंबर को राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में तीन दिवसीय विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। सोसायटी के सदस्य धीरू सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क होगा और यह सुबह 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक खुली रहेगी।प्रदर्शनी में सिक्के, नोट, टोकन, पदक, डाक टिकट, प्राचीन वस्तुएं, सहायक उपकरण और विंटेज सामग्री सहित कई अनमोल संग्रह देखने को मिलेंगे। यह आयोजन कला और इतिहास प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। सोसायटी के अध्यक्ष कमल वैद, सचिव हेमन्त अरोड़ा, कोषाध्यक्ष स्नेहल लूनिया, संयुक्त सचिव अनिल केशरवानी, उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण लाहोटी और कार्यकारिणी सदस्य हरिओम अग्रवाल, डॉ. कमल अग्रवाल, रवींद्र जैन, अर्पित ताम्रकार व रितेश जैन के नेतृत्व में इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। धीरू सिंह ने बताया कि इस आयोजन का प्रचार-प्रसार राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है, जिसके चलते देश के विभिन्न राज्यों से लोग इस प्रदर्शनी में शामिल होंगे। यह प्रदर्शनी इतिहास, कला और संग्रह के शौकीनों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी।

भागवत कथा के यजमानों ने पितरों का तर्पण कर, राजीव लोचन के किए दर्शन

■ **महाराष्ट्र मंडल में महिलाओं की टीम ने राजिम से लौटे यजमानों का आरती उतार कर किया स्वागत**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन रविवार, 14 सितंबर को आचार्य ऋषिकेश वैद्य शास्त्री के साथ कथा आयोजन के जजमानों ने अपने पितरों के नाम से छत्तीसगढ़ के त्रिवेणी संगम राजिम में तर्पण किया। वहीं राजीव लोचन का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जजमानों ने राजीव लोचन मंदिर परिसर में सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। इससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया। वहीं महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने आयोजन की सफलता को लेकर भगवान के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की और मंदिर में अन्नदान कर यज्ञ की पूर्णाहूति पूरी की।

महाराष्ट्र मंडल के सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल में पितृपक्ष में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया था। यह आयोजन दिव्यांग बालिका विकास गृह के सहायतार्थ और मंडल सदस्यों के दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए किया गया था। इस कारण कथा समापन के बाद अंतिम दिन रविवार को छत्तीसगढ़ के पवित्र त्रिवेणी संगम राजिम में पहुंचकर पितरों के नाम से तर्पण किया गया।

भागवत कथा कराने मुंबई से पहुंचे धर्मसभा विद्वतसंघ श्रीश्री जगतगुरु शंकराचार्य पीठम के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मचारी निरंजनानंद आचार्य वेदमूर्ति धनंजय शास्त्री के सहयोगी धर्मसभा विद्वतसंघ श्रीश्री जगतगुरु शंकराचार्य पीठम के राष्ट्रीय सचिव आचार्य ऋषिकेश वैद्य शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी यजमानों के अपने- अपने पितरों का तर्पण कराया। तर्पण और तीर्थ स्नान के बाद सभी ने राजीवलोचन महाराज और कुलेश्वर महादेव के दर्शन किए।

तत्पश्चात सभी यजमान कथा स्थल लौटे। महाराष्ट्र मंडल पहुंचकर सभी महिलाओं को त्रिवेणी संगम के पवित्र जल से स्नान कराया गया। तत्पश्चात सभी को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

3 सालाना किस्तों में किसानों को मिलते है 6 हजार

छत्तीसगढ़ के 68 हजार किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त से वंचित!

रायपुर/ नवप्रदेश। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त की राशि बीते 2 अगस्त को छत्तीसगढ़ के 25 लाख 47 हजार 538 किसानों को मिली है। जबकि इसके पहले प्रदेश के 26 लाख 15 हजार 671 किसानों को 19वीं किस्त की राशि मिली थी। इस तरह छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त अंतर्गत लाभान्वित होने वाले किसानों की संख्या 19वीं किस्त की तुलना में 68 हजार 133 कम है और इन किसानों के बैंक खाते में 20वीं किस्त की राशि नहीं आई। अब 20वीं किस्त पाने से वंचित हजारों किसान सत्यापन के लिए भटक रहे हैं।

कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत जिन किसानों की ई-केवायसी, आधार व लैंड सीडिंग पूर्ण है, उन्हीं किसानों को ही पात्र माना गया है। केंद्र सरकार द्वारा राशन कार्ड पोर्टल से पीएम-किसान पोर्टल डाटा के मिलान के बाद एक ही परिवार के सदस्यों यानी 52 हजार 257 किसानों की सूची राज्य शासन को उपलब्ध कराई गई है, जिसका सत्यापन कार्य विकासखंड स्तर पर किया जा रहा है। पोर्टल पर प्रदर्शित आंकड़ों के अनुसार अब तक 37 हजार 751 किसानों का सत्यापन किया जा चुका है। वहीं, 14 हजार 506 किसानों का सत्यापन होना अभी बाकी है। जिलों की आईडी पर सत्यापन कार्य के लिए किसान सूची इन आंकड़ों से भिन्न (कम) प्रदर्शित हो रही है। कृषि विभाग के मुताबिक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत इस समय प्रदेश के 25।47 लाख किसान ही लाभान्वित हो रहे हैं। वहीं, राज्य के लाखों किसान अपात्र घोषित हो चुके हैं। अपात्रों में कुछ की मृत्यु हो चुकी है या दूसरी जगह पलायन कर चुके हैं या उनकी पहचान नहीं हो पाई है। कुछ आयकर दाता हैं, तो पेंशनधारी या शासकीय सेवक होने के कारण भी अपात्र हुए हैं। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को ई-केवायसी के साथ ही भूमि को आधार, राज्य के भुइंया पोर्टल व पीएम किसान सम्मान निधि पोर्टल से लिंक करना तथा आधार नंबर का बैंक अकाउंट नंबर से मिलान कराना अनिवार्य है। जिन किसानों के ये तीनों कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं, उन्हें बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20 वीं किस्त की राशि नहीं दी गई है।

3 सालाना किस्तों में 6 हजार

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत पात्र किसानों को सालाना 6 हजार रुपए, 2-2 हजार रुपए की तीन किस्तों में प्रदाय किए जाते हैं। योजनांतर्गत सभी वर्ग व श्रेणी के किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है।

ये अपात्र माने जाएंगे

कृषि मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कोई भी पात्र किसान परिवार इस योजना से वंचित न रहे, इसके लिए राज्यों और जिलों को नियमित रूप से पात्रता की जांच कर लाभार्थियों को जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ सभी किसानों को नहीं मिलता। सरकार ने कुछ श्रेणियों को इस योजना से बाहर रखा है। इनमें सभी संस्थागत भूमि धारक, संवैधानिक पदों के पूर्व और वर्तमान धारक, सांसद, विधायक, मंत्री, महापौर और जिला पंचायत अध्यक्ष शामिल हैं। शासकीय अधिकारी-कर्मचारी (चतुर्थ श्रेणी को छोड़कर) तथा 10,000 रुपए या उससे अधिक पेंशन पाने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारी भी योजना का लाभप्राप्त करने के लिए पात्र नहीं है। आयकरदाता परिवार भी इस योजना के दायरे से बाहर है।

'वोट चोर-गद्दी छोड़' पदयात्रा आज से

■ **छत्तीसगढ़ में 3 दिन रहेंगे पायलट**

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट 16 सितंबर से 3 दिन के लिए छत्तीसगढ़ आएंगे। 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के जरिए रायगढ़ से भिलाई तक कांग्रेसियों के साथ पदयात्रा करेंगे। कई जिलों में मीटिंग भी लेंगे। कार्यक्रम को लेकर रूट चार्ट जारी किया गया है। इससे पहले, बिलासपुर में 9 सितंबर को कांग्रेस ने 'वोट चोर-गद्दी छोड़' सभा की थी, जिसमें सचिन पायलट की मौजूदगी में गुटबाजी नजर आई थी। पूर्व मंत्री डहरिया ने कहा था कि, कार्यकर्ता चमचे नहीं है। ञस् सिंहदेव पर भूपेश ने इशारे-इशारे में कहा था कि, वोट चोरी से सरकार गई, मत बोलना काम नहीं किया। वहीं, अमरजीत से माइक छीन लिया गया था।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि, देशभर में मतदाता सूचियों में की गई गड़बड़ियों और चुनाव निष्पक्षता कराने की मांग है। इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस रायगढ़ से भिलाई तक 16 सितंबर से 18 सितंबर तक तीन दिवसीय 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान के तहत पदयात्रा करेगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट भी शामिल होने आ रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत 16 सितंबर को रायगढ़ में हस्ताक्षर अभियान और सभा से होगी। इसी दिन कोरबा में मशाल रैली आयोजित की जाएगी। 17 सितंबर को तखतपुर, मुंगेली और बेमेतरा में पदयात्रा और जनसभाएं आयोजित की जाएंगी।

कार्यक्रम में कांग्रेस के कई दिग्गज शामिल होंगे

बैज ने बताया कि अभियान का समापन 18 सितंबर को राजनांदगांव, दुर्ग और भिलाई में कार्यक्रमों के माध्यम से होगा। सचिन पायलट 16 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे झारसुगड़ा हवाई अड्डे पहुंचेंगे। वहां से रायगढ़ के लिए रवाना होंगे।

न्यूड पार्टी के गुनाहगारों को सरकार बचा रही

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राजधानी में होने वाली न्यूड पार्टी के आयोजकों को सरकार का संरक्षण था।

इस पार्टी का खुलासा होने के 72 घंटे बाद भी पुलिस इस न्यूड पार्टी के किसी भी आयोजक को नहीं पकड़ पाई है। जिन लोगों को पकड़ा है वे भी ऐसी ही दूसरी गंदी पार्टी स्ट्रेंजर पार्टी आयोजित करने जा रहे थे। जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है राज्य में बेधड़क न्यूड पार्टी स्ट्रेंजर पार्टी, रेव पार्टी जैसे आयोजन हो रहे। बिना सरकार के संरक्षण के यह संभव नहीं हैं। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दूषित करने में लगी है। अभी तक मुख्यमंत्री का इस मामले में कोई बयान नहीं आया, पुलिस का मीडिया के सामने अधिकृत बयान नहीं आया, किसको बचाना चाह रहे है।

सरकार पूरे छत्तीसगढ़ को शराब के नशे में डुबाना चाह रही

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बेहद दुर्भाग्य जनक है कि विपक्ष में रह कर शराब बंदी की दुहाई देने वाली भाजपा की सरकार अब शराब की बिक्री और खपत बढ़ाने में लगी है। आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने बयान दिया है कि और प्रीमियम शराब की दुकान खोली जाएगी ताकि अच्छे लोग शराब पीने आगे आए। मतलब यह सरकार पूरे प्रदेश को शराब खोर बनाना चाहती है। प्रदेश में बिना होलोग्राम की अवैध शराब सरकार बिकवा के शराब की काली कमाई में लगी है। प्रदेश के बाहर से बड़ी संख्या में सरकार के संरक्षण में प्रदेश में अवैध शराब आ रही है।

प्रदेश में मासूम बच्चियां भी सुरक्षित नहीं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था बर्बाद मासूम बच्चियों भी सुरक्षित नहीं है। कल डोंगरगढ़ में 4 साल की एक अबोध बच्ची के साथ दुराचार की घटना हुई। पुलिस इस मामले में एफआईआर तक नहीं लिख रही थी। जब परिजनों और जनता ने थाने का घेराव किया तब कही बच्ची का मुलाहिजा करवाया गया और रिपोर्ट दर्ज हुई। सरकार आपराधिक घटनाएं रोकने में असफल साबित हुई है तो घटनाओं की रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही ताकि घटनाएं छुपाई जाय। सरकार लोगो को न सुरक्षा दे पा रही और न न्याय।

भारत गौरव ट्रेन से करें चार ज्योतिर्लिंग व स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के दर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। चार ज्योतिर्लिंग और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी यात्रा के लिए विशेष भारत गौरव एक्सप्रेस चलाने का फैसला लिया गया है। नौ दिवसीय यात्रा पैकेज में देश के चार प्रमुख ज्योतिर्लिंग मंदिरों के साथ आधुनिक भारत की पहचान बन चुके स्टैच्यू ऑफयूनिटी का दर्शन कराया जाएगा।

इस भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का संचालन 25 अक्तूबर से शुरू होगा। यात्रा की शुरुआत अमृतसर से होगी और इसमें जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़, अंबाला, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली कैंट और रेवाड़ी से यात्री ट्रेन में सवार हो सकेंगे। इस यात्रा में उज्जैन के महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर, द्वारका के नागेश्वर तथा सोमनाथ (गिर-सोमनाथ) ज्योतिर्लिंग मंदिरों के साथ गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर और केवडिया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का दर्शन कराया जाएगा।

ट्रेन में कुल 762 यात्री यात्रा कर सकेंगे। इन्हें इकोनॉमी, स्टैंडर्ड और कम्फर्ट श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। किराया 19,555 रुपये से 39,410 रुपये प्रति यात्री तक होगा। पैकेज में शाकाहारी भोजन, आवास, ट्रांसफर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, बीमा और सुरक्षा की सुविधा दी जाएगी। हालांकि स्मारकों के प्रवेश शुल्क, व्यक्तिगत खर्च और टिप्स इसमें शामिल नहीं होंगे।

आईआरसीटीसी ने इस यात्रा को 'वन-स्टॉप स्पिरिचुअल और कल्चरल टूरिज्म पैकेज' के रूप में प्रचारित किया है। ज्योतिर्लिंग मंदिर जहां प्राचीन धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं, वहीं स्टैच्यू ऑफ यूनिटी आधुनिक भारत के राष्ट्रीय गर्व का प्रतीक है।

फूड डिलीवरी बॉय से चाकू की नोक पर लूट

रायपुर/ नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के राजेंद्र नगर इलाके में एक फूड डिलीवरी बॉय से चाकू की नोक पर लूट का मामला सामने आया है। घटना 8 सितंबर की रात 11.45 बजे की है, जब माना टेमरी निवासी डिकेश्वर साहू (35) एक रेस्टोरेंट से पार्सल लेने जा रहा था। इस दौरान पीडब्ल्यूडी ब्रिज के पास दो बाइक सवार लुटेरों ने उसकी बाइक के सामने अपनी गाड़ी अड़ाकर उसे रोक लिया। लुटेरों ने डिकेश्वर के गले पर चाकू अड़ाया, उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाइल छीनकर पचपेड़ी नाका की ओर फरार हो गए। पीड़ित ने तुरंत राजेंद्र नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज की।

अनुरेखक के रिक्त 37 पदों की भर्ती के लिए आवेदन 1 तक

रायपुर/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत अनुरेखक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन जारी है। अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट पर 1 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। त्रुटि सुधार 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक कर सकेंगे। परीक्षा के जरिए अनुरेखक के 37 पदों की भर्ती की जाएगी। परीक्षा का आयोजन 26 अक्टूबर को संभावित है। परीक्षा रायपुर और बिलासपुर में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी को 12वीं उत्तीर्ण होने के साथ ही आईटीआई से ड्राफ्टमैन ट्रेड का प्रमाण-पत्र या मान्यता प्राप्त संस्था से प्रारंभिक एवं माध्यमिक ड्राइंग परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

महापौर ने भारत रत्न विश्वेश्वरैया को 165वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिका निगम के संस्कृति विभाग और जोन नंबर 4 के सहयोग से संयुक्त अभियंता आयोजन समिति के तत्वावधान में आज सिविल लाइंस पीडब्ल्यूडी चौक में भारत रत्न महान अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती पर पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने शहरवासियों की ओर से महान अभियंता को सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

मराठी निबंध लेखन स्पर्धा की तैयारी तेज

रायपुर/नवप्रदेश। मराठी निबंध लेखन स्पर्धा की तैयारी तेज हो गई है। बृहन्महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली और राज्य मराठी विकास संया मुंबई की ओर से मराठी निबंध लेखन स्पर्धा का आयोजन महाराष्ट्र मंडल में 5 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। निबंध लेखन का माध्यम मराठी होगा। वहीं स्पर्धा दोपहर 12 से 2 बजे तक चलेगी। मंडल की साहित्य समिति की प्रभारी कुमुड लाड ने बताया कि निबंध लेखन तीन वर्गों में आयोजित किया गया है। तीनों वर्गों की अपनी अलग-अलग शब्द सीमा और विषय तय किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी को नियत विषय पर तय समय में मराठी भाषा में निबंध लिखना होगा। प्रथम वर्ग 12 से 16 वर्ष के किशोरों के लिए होगा। जिसमें उन्हें स्वातंर्त्य वीर सावरकर- एक अलौकिक व्यक्तित्व, खेलों से प्राप्त जीवन की सीख और मेरी माता सब कुछ विषय में से किसी एक पर 500 शब्दों पर निबंध लिखना होगा।

वहीं दूसरा वर्ग 17 से 30 वर्ष की आयु वाले प्रतिभागियों के लिए। जिसमें उन्हें 500 से 1000 शब्द में यश प्राप्ति के लिए आहार और विहार, फेंक समाचार और सूचनाओं का भार- एक गंभीर समस्या और धर्म और विज्ञान-मित्र या शत्रु विष? में से किसी एक विषय पर निबंध लिखना होगा। तीसरे वर्ग में 30 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इसके लिए शब्द सीमा 1000 से 1500 तय की गई है। इनके लिए विषय पुण्य श्लोक अहिल्या बाई होल्कर की राष्ट्र भक्ति, कुभ मेला एक महान परंपरा या पर्यटन और धर्म और विज्ञान- मित्र या परंपरा विषय पर निबंध लिखना होगा।

संसार में व्यक्ति का एक ही लक्ष्य है सुख की चाहत और दुख से मुक्ति

मोक्ष का पुरुषार्थ ही अंतिम लक्ष्य और जीवन जीने की कला : मनीष सागरजी

रायपुर/नवप्रदेश। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में 14 सितंबर से पांच दिवसीय भेद विज्ञान साधना शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने अर्थ, भोग, धर्म और मोक्ष पथ के भेद को धर्मसभा में समझाया। उन्होंने बताया कि मोक्ष का पुरुषार्थ ही अंतिम लक्ष्य और जीवन जीने की कला है। इस सत्य को जो समझ जाएगा वह सुखी और आत्म-आनंद में रहेगा।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मोक्ष का पुरुषार्थ ही व्यक्ति का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। मोक्ष को हम काल्पनिक मान बैठे हैं। जैसे-जैसे आत्मा से राग और द्वेष निकलेंगे तो मोक्ष के पथ पर आगे बढ़ते जाएंगे। मोक्ष जीवन जीने की कला है। मोक्ष को जितना अपनाएंगे राग और द्वेष काम होगा। उतना आनंद बढ़ते जाएगा। आप संसार में सुखी भी होते जाएंगे। आनंद बढ़ाने की कला मोक्ष है। आप यदि इसे आनंद समझेंगे तो आप इस साधना को कहीं पर भी कर सकते हैं।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि संसार में व्यक्ति का एक ही लक्ष्य है सुख की चाहत। व्यक्ति दुख से मुक्ति चाहता है। आप सोचते हैं कि धन का मार्ग सुख प्रदान करेगा। धन रहेगा तो सुख रहेगा। चिंतन करें क्या धन का रास्ता हमें आत्म शांति तक पहुंचा सकता है।

ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि आखिरी दिन करीब एक करोड़ करदाता टैक्स फाइलिंग कर सकते हैं

एक करोड़ से अधिक लोग आखिरी दिन कर सकते हैं टैक्स

मुंबई। इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) जमा करने की डेडलाइन सोमवार को समाप्त हो रही है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि आखिरी दिन करीब एक करोड़ करदाता टैक्स फाइलिंग कर सकते हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की वेबसाइट के मुताबिक, 14 सितंबर तक 6.69 करोड़ आईटीआर दाखिल किए जा चुके हैं, जिसमें से 6.03 करोड़ को वेरिफाइड किया जा चुका है। वहीं, 4 करोड़ से अधिक आईटीआर प्रोसेस हो चुके हैं।पिछले साल, आईटीआर फाइलिंग में सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी और इसी गति को मानते हुए, इस साल यह संख्या 7.8 करोड़ तक पहुंच सकती है। बीते कुछ वर्ष में वृद्धि का रुझान स्थिर रहा है । असेसमेंट ईयर 2023-24 में 6.77 करोड़ रिटर्न, असेसमेंट ईयर 2022-23 में 5.82 करोड़ और असेसमेंट ईयर 2021-22 में 5.77 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए थे।जानकारों का कहना है कि इस साल एडवांस टैक्स की दूसरी किस्त जमा करने की 15 सितंबर की समय सीमा के कारण चुनौतियां और बढ़ गई हैं, जिससे करदाताओं और पेशेवरों पर दोहरा बोझ पड़ेगा।चार्टर्ड अकाउंटेंट और कर वकीलों ने कहा है कि पूरी तरह से चालू पोर्टल के बावजूद, समय-सीमाओं का समूहीकरण अभी भी दाखिलकर्ताओं पर दबाव डालेगा।केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अधिकारियों ने कहा है कि सिस्टम स्थिर है और अधिकांश समस्याओं के लिए यूजर्स की ओर से ब्राउजर से संबंधित गड़बड़ियां जिम्मेदार हैं। पोर्टल ने पिछले साल एक दिन में रिकॉर्ड 70 लाख रिटर्न प्रोसेस किए थे।इससे पहले, इनकम टैक्स (आईटी) डिपार्टमेंट की ओर से उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया गया है, जिसमें आईटीआर फाइलिंग की आखिरी तारीख को बढ़ाकर 30 सितंबर करने का दावा किया गया था।आईटी डिपार्टमेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्ट 'एक्स' पर की एक पोस्ट में लिखा, एक फर्जी खबर चल रही है जिसमें कहा गया है कि आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि (मूल रूप से 31.07.2025 को देय, जिसे 15.09.2025 तक बढ़ा दिया गया था) को आगे बढ़ाकर 30.09.2025 कर दिया गया है।डिपार्टमेंट ने आगे कहा, आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15.09.2025 है। करदाताओं को सलाह दी जाती है।

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पूजा कुमारी जैन पति मनीष कुमार जैन सांखला निवासी 7/14 वार्ड नं. 38 ऋषभ नगर दुर्ग जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम पूजा कुमारी जैन पुजा सांखला को त्याग कर नया नाम पूजा जैन रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम पूजा जैन से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
पूजा जैन
7/14 वार्ड नं. 38
ऋषभ नगर
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनीष कुमार पिता मदनलाल सांखला निवासी 7/14 वार्ड नं. 38 ऋषभ नगर दुर्ग जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम मनीष कुमार को त्याग कर नया नाम मनीष कुमार जैन सांखला रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम मनीष कुमार जैन सांखला से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
मनीष कुमार जैन सांखला
7/14 वार्ड नं. 38
ऋषभ नगर
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै खिलेश्वर निषाद पिता मिलूराम निषाद उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मचांदुर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ। यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। यह कि मेरे पुत्र अनुराग (ANURAG) का जन्म दिनांक को 13/07/2012 को समुदायिक समुदायिक स्वस्थ केन्द्र उतई तह0 व जिला दुर्ग (छ.ग.) मे हुआ है जिसका पंजीयन रजिस्ट्रार (जन्म एंव मृत्यु) नगर पंचायत उतई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा किया गया है जिसका पुस्तक कमांक 19044 एवं अनुक्रमांक संख्या 32 है एवं रजिट्रीकरण कमांक 685 तथा रजिट्रीकरण दिनांक 01/08/2012 है। यह कि मेरे पुत्र अनुराग (ANURAG) का जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम खिलेश्वर (KHILESHWER) एवं माता का नाम लता (LATA) दर्ज है। यह कि मेरे पुत्र अनुराग (ANURAG) के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज पिता का नाम खिलेश्वर (KHILESHWER) एवं माता का नाम लता (LATA) को सुधार कर पिता का नाम खिलेश्वर निषाद (KHILESHWER NISHAD) एवं माता का नाम लता बाई निषाद (LATA BAI NISHAD) दर्ज कराना चाहता हूँ। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
खिलेश्वर निषाद
पिता मिलूराम निषाद
निवासी ग्राम मचांदुर
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने रायपुर में मेगा तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और उनके अधिकृत सर्वो स्टॉकिस्ट हिंदुस्तान इम्पेक्स द्वारा 12 सितम्बर 2025 को रायपुर में स्टील व पावर उद्योगों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सर्वो ल्यूब्रीकैंट्स पर मेगा तकनीकी सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें रायपुर एवं आसपास के स्टील व पावर उद्योगों से लगभग 220 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की तरफ से श्री पीयूष दुबे, महा प्रबंधक (ल्यूब्स) मध्यप्रदेश राज्य कार्यालय द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले सर्वो ल्यूब्रीकैंट्स और बेहतर रखरखाव पद्धतियों के विषय मे जानकारी प्रदान की गई, इस सेमीनार मे इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अन्य अधिकारी एवं हिंदुस्तान इम्पेक्स से श्री प्रियेश सिंघानिया, श्री मितेश सिंघानिया एवं उनकी टीम उपस्थित रहे।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.03 अरब डॉलर बढ़कर 698.26 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5 सितंबर को समाप्त हुए हफ्ते में सालाना आधार पर 4.03 अरब डॉलर बढ़कर 698.26 अरब डॉलर हो गया है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को दी गई।देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार बढ़त देखी जा रही है। पिछले महीने विदेशी मुद्रा भंडार 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.2 अरब डॉलर हो गया है।आरबीआई के डेटा के मुताबिक, विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) का मूल्य 54 करोड़ डॉलर बढ़कर 584.47 अरब डॉलर हो गया है।विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव डॉलर के रूप में शामिल होता है।समीक्षा अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार के अहम घटकों में से एक गोल्ड रिजर्व 3.53 अरब डॉलर बढ़कर 90.29 अरब डॉलर हो गया। भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न अनिश्चितता के बीच, दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सुरक्षित निवेश के रूप में गोल्ड के रिजर्व को तेजी से बढ़ा रहे हैं।भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपने विदेशी मुद्रा भंडार में सोने के शेयर को 2021 से लगभग दोगुना कर लिया है।केंद्रीय बैंक के डेटा के मुताबिक, समीक्षा अवधि में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) की वैल्यू 18.74 अरब डॉलर रह गई है।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-04 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202509104100015 /ब-121/ वर्ष 2024-25

